गुरुवार
06 जून 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



ललन सिंह बोले... नीतीश कुमार एनडीए के साथ हैं और साथ ही रहेंगे

2



# पटना के अलग-अलग इलाके में बेखौफ अपराधियों ने तीन युवकों की गोली मार की हत्या

- पटना सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र में काली मंदिर के पास नकाबपोश बदमाशों ने दिनदहाड़े दो युवकों को मारी गोली, एक की मौत, दूसरा इलाजरत
- तीन स्थानों पर हुई गोलीबारी की घटना से सकते में पटनावासी



**केटी न्यूज/पटना**

चुनाव नतीजे आने के बाद राजधानी पटना और इसके आसपास इलाकों में तीन युवकों की गोली मारकर हत्या की घटना सामने आयी है। हत्या की इन तीन वारदातों ने राजधानीवासियों की नींद उड़ा दी है। साथ ही शासन व्यवस्था को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है। पहली घटना पटना सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र में काली मंदिर के पास की है। जहां बुधवार को दिनदहाड़े अपराधियों ने दो युवकों को गोली मार दी। इसमें एक युवक की मौत हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें साफ नजर आ रहा है कि भीड़ भरे सड़क पर एक बाइक पर सवार होकर तीन लोग आते हैं और दूसरी बाइक पर बैठकर इंतजार कर रहे दो युवकों पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर देते हैं। गोलीबारी में घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए एनएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एक की मौत हो गई है जबकि दूसरा जिंदगी की जंग लड़ रहा है। पटना सिटी एएसपी ने मौके पर पहुंच कर वारदात की छानबीन की। शुरूआती जांच में पुलिस इसे दो गैंग के बीच का विवाद बता रही है। जिन दो युवकों को गोली मारी गई है उनकी पहचान चौक थाना क्षेत्र का रहने वाला लल्लू कुमार और सूरज कुमार के रूप में की गई है।

## जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या, खेत में मिला शव

पटना में अपराधियों ने एक जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार की सुबह शव आलमपुर गांव के एक खेत से बरामद किया। फुलवारी शरीफ थाना प्रभारी ने बताया कि जमीन कारोबारी विकास कुमार मंगलवार की देर रात अपने घर से निकला तो फिर वापस नहीं लौटा था। सुबह को सूचना मिली कि उसकी हत्या का कर शव को खेत में फेंक दिया गया है। बताया जा रहा है कि जमीन कारोबारी को अपराधियों ने लगभग 6 गोलियां मारी है। पुलिस ने कहा कि पैसों को लेकर लेनदेन की विवाद में ही हत्या की हुई है। आलमगंज निवासी विकास कुमार (24) जमीन का कारोबार करता था। मंगलवार की शाम लगभग 6:00 बजे अपने घर से निकला। परिवार के लोगों से सात बजे के आसपास उससे बातें हुईं और फिर उसके बाद उसका फोन स्विच ऑफ आने लगा।

## बिहटा में युवक की गोली मारकर हत्या, फैली सनसनी

राजधानी पटना के बिहटा इलाके में 25 वर्षीय की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। हमलावरों ने उस पर 3 राउंड फायरिंग की, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक राकेश कुमार नेउरा थाना के बेचू टोला निवासी रमेश यादव का इकलौता पुत्र था। राकेश शादीशुदा था और उसकी दो बेटी हैं। राकेश गोनवां के पूर्व मुखिया राजेंद्र यादव के भाई रविंद्र का दामाद था। इस वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैली हुई है। सूचना पर नौबतपुर, बिहटा ओर नेउरा थाने के पुलिस घटना स्थल पर पहुंची हुई है। जानकारी के अनुसार, मृतक राकेश दानापुर सगुना मोड़ के पास कपड़ा के दुकान में काम कर अपने परिवार के पालन पोषण करता था। राकेश बुधवार की शाम अपने घर जा रहा था। इसी दौरान नेउरा थाने मखदुमपुर गांव के समीप रौनिया बांध के किनारे अपराधियों से गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया और हथियार चमकाते हुए भाग निकले। सूचना पर तीन थाने की पुलिस पहुंची और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए इलाके में छापामारी की। नेउरा थानेदार के मुताबिक, घटना के कारण स्पष्ट नहीं है, परिजन से पुलिस पूछताछ कर रही है। हत्या की इस घटना से लोगों में दहशत का माहौल कायम हो गया है।

### राष्ट्रपति ने भंग की वर्तमान लोकसभा, एनडीए ने नरेंद्र मोदी को चुना नेता

# तीसरी बार देश की सत्ता संभालेंगे मोदी 8 को ले सकते हैं पीएम पद की शपथ

- प्रधानमंत्री आवास पर हुई एनडीए की बैठक में प्रस्ताव पारित
- बैठक में मौजूद सभी दलों के नेताओं ने जीत के लिए प्रधानमंत्री मोदी को दी बधाई

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री आवास पर बुधवार को हुई एनडीए की बैठक में सभी दलों ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुन लिया है। पीएम आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर हुई बैठक में एनडीए नेताओं ने प्रस्ताव पारित कर कहा, भारत के 140 करोड़ देशवासियों ने पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से देश को हर क्षेत्र में विकसित होते देखा है। बहुत लंबे अंतराल, लगभग 6 दशक के बाद भारत की जनता ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सशक्त नेतृत्व को चुना है। हम सभी को गर्व है कि 2024 का लोकसभा चुनाव एनडीए ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एकजुटता से लड़ा और जीता। हम सभी एनडीए के नेता नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुनते हैं।

प्रस्ताव में आगे कहा गया है कि, मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार भारत के गरीब-महिला-युवा-किसान और शोषित, वंचित व पीड़ित नागरिकों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत की विरासत को संरक्षित कर देश के सर्वांगीण विकास हेतु एनडीए सरकार भारत के जन-जन के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कार्य करती रहेगी। बैठक में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुलदस्ता भेंटकर और सभी नेताओं ने तालियां बजाकर प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन किया। बैठक में मौजूद सभी दलों के नेताओं ने जीत के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में आस्था भी व्यक्त की। पीएम मोदी के बगल में एक तरफ चंद्रबाबू नायडू, नीतीश कुमार और एकनाथ शिंदे और दूसरी तरफ जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह और अमित शाह बैठे नजर आए।

बताया जा रहा है कि एनडीए की नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 8 जून को हो सकता है। इससे पहले 7 जून को भाजपा संसदीय दल की बैठक में भाजपा के सभी सांसद मिलकर नरेंद्र मोदी को पार्टी के संसदीय दल के नेता के तौर पर चुनेंगे। इसके अगले दिन 8 जून को नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। इससे पहले वर्तमान लोकसभा (17वीं लोकसभा) को भंग करने की सिफारिश को मंजूरी दी गई थी, जिसे राष्ट्रपति ने मंजूर करते हुए वर्तमान लोकसभा को भंग कर दिया है।



## पीएम आवास पर हुई बैठक में एनडीए के सभी नेता हुए शामिल

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में पीएम आवास पर हुई बैठक में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बिहार के मुख्यमंत्री एवं जेडीयू नेता नीतीश कुमार, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एवं शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता एकनाथ शिंदे, टीडीपी मुखिया चंद्रबाबू नायडू, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से चिराग पासवान, एनसीपी (अजित पवार गुट) से प्रफुल्ल पटेल एवं सुनील तटकरे, अपना दल (एस) से अनुप्रिया पटेल, आरएलडी से जयंत चौधरी, जेडीएस से एचडी कुमारस्वामी, जनसेना पार्टी से पवन कल्याण, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा से जीतन राम मांझी, असम गण परिषद से अतुल बोरा, आजसू से सुदेश महतो, जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह एवं जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव संजय झा सहित एनडीए में शामिल अन्य सहयोगी दलों के भी कई नेता मौजूद रहे।

# खरगे बोले... भाजपा के फासीवादी शासन के खिलाफ लड़ना जारी रखेगा इंडिया गठबंधन



- इंडिया गठबंधन के दलों की दिल्ली में हुई बैठक
- तय किया गया कि फिलहाल सरकार बनाने की कोशिश नहीं करेगा इंडिया गठबंठन

**एजेंसी/नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद कांग्रेस और विपक्षी दलों का इंडिया गठबंधन सरकार बनाने से चूक गया। इस बीच बुधवार को इंडिया गठबंधन के दलों की दिल्ली में बैठक हुई। ये बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई। जिमसें तय किया गया ति इंडिया गठबंठन फिलहाल सरकार बनाने की कोशिश नहीं करेगा। बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि, विपक्ष का इंडिया गठबंधन उन सभी दलों का स्वागत करेगा जो संविधान की प्रस्तावना में निहित मूल्यों के प्रति मौलिक प्रतिबद्धता साझा करते हैं।

लोकसभा चुनाव परिणाम 2024 में प्रभावशाली बढ़त के बाद विपक्षी गठबंधन की पहली बैठक को संबोधित करते हुए, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि जनादेश निर्णायक रूप से मोदीजी के खिलाफ था। मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने आवास पर एकत्र हुए विपक्षी नेताओं से कहा कि सभी इंडिया गठबंधन के साझेदारों ने एकजुट होकर और दृढ़ता से अच्छा संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि, 'जनादेश निर्णायक रूप से मोदीजी, उनके और उनकी राजनीति के सार और शैली के खिलाफ है। यह उनके लिए व्यक्तिगत तौर पर बड़ी राजनीतिक क्षति के अलावा स्पष्ट नैतिक हार भी है। हालाँकि, वह लोगों की इच्छा को नष्ट करने के लिए दृढ़ हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि, इंडिया गठबंधन उन सभी दलों का स्वागत करता है जो हमारे संविधान की प्रस्तावना में निहित मूल्यों और आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय के कई प्रावधानों के प्रति अपनी मौलिक प्रतिबद्धता साझा करते हैं।

बैठक के बाद खड़गे ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, इंडिया ब्लॉक के घटक हमारे गठबंधन को मिले जबरदस्त समर्थन के लिए भारत की जनता को धन्यवाद देते हैं। जनता के जनादेश ने भाजपा और उनकी नफरत, भ्रष्टाचार की राजनीति को करारा जवाब दिया है। यह भारत के संविधान की रक्षा, महंगाई, बेरोजगारी और साठगांठ वाले पूंजीवाद के खिलाफ और लोकतंत्र को बचाने के लिए दिया गया जनादेश है। इंडिया ब्लॉक मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा के फासीवादी शासन के खिलाफ लड़ना जारी रखेगा।

## पीएम मोदी ने सीएम योगी को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं

**केटी न्यूज/लखनऊ**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं। पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए योगी आदित्यनाथ ने दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की है। मोदी ने लिखा है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। वे उत्तर प्रदेश की प्रगति और गरीबों तथा वंचितों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहे हैं। मैं उनके आने वाले समय में दीघार्यु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।

वहीं प्रधानमंत्री की शुभकामनाओं पर सीएम योगी ने भी आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि आपकी आत्मीय एवं ऊर्जावान शुभकामनाएं मेरे लिए अथाह प्रेरणा का स्रोत हैं।

## फडणवीस ने डिप्टी सीएम पद छोड़ने की पेशकश की

**एजेंसी/महाराष्ट्र**



महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने राज्य में पार्टी के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की पेशकश कर दी है। फडणवीस ने कहा कि 'मैं महाराष्ट्र में ऐसे नतीजों की जिम्मेदारी लेता हूं क्योंकि राज्य में पार्टी का नेतृत्व मेरे द्वारा ही किया जा रहा था। भाजपा आलाकमान से विनती करता हूं कि वे मुझे सरकार में जिम्मेदारी से मुक्त करें ताकि मैं आने वाले चुनाव में पार्टी के लिए ज्यादा से ज्यादा मेहनत कर सकूं।' हालांकि अभी तक ये स्पष्ट नहीं हुआ है कि उनका इस्तीफा स्वीकार हुआ है या नहीं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में भाजपा का प्रदर्शन खराब रहा और पिछले चुनाव में 23 सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार 9 सीटों पर सिमट गई। देवेंद्र फडणवीस के इस्तीफे की पेशकश पर शिवसेना यूबीटी की नेता सुषमा अंधारे ने कहा कि 'देवेंद्र जी एक सम्मानित तरीके से विदाई चाहते हैं। महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले और देवेंद्र फडणवीस के बीच कल बैठक हुई थी और मुझे पता चला कि उस बैठक में दोनों के बीच पार्टी की हार पर चर्चा हुई थी। चंद्रशेखर बावनकुले भी इस्तीफा दे सकते हैं। पार्टी दोनों के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है, लेकिन वे एक सुरक्षित स्टैंड लेकर अपनी विदाई चाहते हैं।

### आचार संहिता की वजह से थम गया था सिलसिला, सुनेंगे लोगों की समस्याएं

# दो महीने बाद आज से सीएम योगी करेंगे 'जनता दर्शन'

**केटी न्यूज/लखनऊ**

आचार संहिता की वजह से पिछले दो माह से थमा 'जनता दर्शन' गुरुवार से एक बार फिर शुरू होगा। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार सीएम योगी आदित्यनाथ प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे और निराकरण के लिए अधिकारियों को तत्काल निर्देशित भी करेंगे। इस पहल से प्रदेश की जनता को अपनी समस्याओं को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाने का अवसर प्राप्त होगा और साथ ही उसका तत्काल निराकरण भी संभव हो सकेगा।



**प्रतिदिन लगता है जनता दर्शन:** बता दें कि दो माह पूर्व आचार संहिता लगने से पहले तक सीएम योगी तकरीबन प्रतिदिन अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान आमजन से मुलाकात करते रहे हैं। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए लोग सीएम से मिलकर उन्हें अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते रहे हैं। मुख्यमंत्री भी एक-एक कर प्रत्येक व्यक्ति से उनकी समस्याएं सुनते हैं और तत्काल प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों को जनता की समस्याओं के निराकरण के निर्देश भी देते रहे हैं।

**जनता की समस्याओं के तत्काल निराकरण पर जोर:** सीएम योगी के सामने आने वाली ज्यादातर समस्याओं में जमीन संबंधित विवाद और स्वास्थ्य संबंधित खर्च के अनुरोध रहते हैं। इसके अलावा पारिवारिक विवाद और थाने व तहसील से संबंधित विवादों में भी जनता मुख्यमंत्री से गुहार लगाती है। हालांकि प्रदेश और जिले के अधिकारियों संग बैठकों के दौरान सीएम योगी ने पहले ही स्पष्ट निर्देश दे रखे हैं कि थानों और तहसीलों की साप्ताहिक समीक्षा जिलास्तर के वरिष्ठ अधिकारी करें, किसी भी फरियादी के साथ अशोभनीय व्यवहार नहीं होना चाहिए और उसकी समस्या का तत्काल यथोचित निराकरण जिलास्तर पर ही होना चाहिए। इसके अलावा जिले की समीक्षा मंडल स्तर और मंडल की समीक्षा लखनऊ मुख्यालय से प्रतिमाह होनी चाहिए।



# पिछड़ा व अतिपिछड़ा समुदाय के 20, सवर्ण 12, दलित 6 और 2 अल्पसंख्यक बने सांसद

**लोकसभा चुनाव 2024**

- इस बार बिहार से छह राजपूत समुदाय के सांसदों को मतदाताओं ने चुनकर लोकसभा भेजा है

**केटी न्यूज/पटना**



लोकसभा का चुनाव परिणाम सामने आ गया है। इस बार चुनाव जीतने वाले सांसदों में सवर्ण समुदाय से 12 सांसद हैं। जबकि दलित समाज से छह सांसद बने हैं। ये सभी सुरक्षित सीट से चुने गए हैं। जबकि दो अल्पसंख्यक समुदाय और बाकी 20 सांसद पिछड़ा और अतिपिछड़ा समुदाय से चुने गए हैं। वहीं, सबसे अधिक सात यादव सांसद बने हैं। इसके बाद छह सांसद राजपूत जाति के हैं।

इस बार के लोकसभा चुनाव के विनिंग कैंडिडेट में सबसे पहले सवर्ण समुदाय के जातियों की बात करें तो सबसे पहले छह राजपूत सांसदों में राधामोहन सिंह, लवली आनंद, सुधाकर सिंह, वीणा देवी, जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, राजीव प्रताप रूडी हैं। इसके साथ ही तीन भूमिहार सांसदों में गिरिराज सिंह, ललन सिंह और विवेक ठाकुर को जीत हासिल हुई है। इसके अलावा दो ब्राह्मण गोपाल जी ठाकुर और देवेश चंद्र ठाकुर भी चुने गए हैं। जबकि, विजयी उम्मीदवारों में सवर्ण समुदाय में एक कायस्थ रविशंकर प्रसाद चुने गए।

## पिछले चुनाव में अति पिछड़ी जातियों से सात ही बने थे सांसद

मालूम हो कि, पिछले चुनाव में अति पिछड़ी जातियों से सात ही सांसद बने थे। इसमें रामप्रीत मंडल, दिलेश्वर कामैत, प्रदीप सिंह, दुलाल चंद्र गोस्वामी, अजय निषाद, अजय कुमार मंडल, चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी थे। पिछड़ी जातियों से 12 सांसद बने थे। इसमें सुनील कुमार, संतोष कुमार, कौशलेन्द्र कुमार, महाबली सिंह कुशवाहा तो डॉ संजय जायसवाल, रमा देवी, सुनील कुमार पिंटू वैश्य थे। पांच यादव सांसदों में अशोक कुमार यादव, दिनेश चंद्र यादव, नित्यानंद राय, गिरिधारी यादव व रामकृपाल यादव थे। उधर, सवर्ण समुदाय में दो ब्राह्मण गोपालजी ठाकुर व अश्विनी कुमार चौबे, एक कायस्थ रविशंकर प्रसाद, तीन भूमिहार गिरिराज सिंह, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और चंदन सिंह तो राजपूत सांसदों में राधामोहन सिंह, वीणा देवी, कविता सिंह, जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, राजीव प्रताप रूडी, आरके सिंह, सुशील कुमार सिंह थे।

वहीं, अतिपिछड़ा सांसदों में सात लोकसभा के लिए चुने गए हैं। ये रामप्रीत मंडल, दिलेश्वर कामैत, प्रदीप सिंह, राजभूषण निषाद, अजय मंडल, सुदामा प्रसाद और राजेश वर्मा हैं। पिछड़ा वर्ग में कुर्मी-कुशवाहा से सुनील कुमार, विजया लक्ष्मी देवी, कौशलेन्द्र कुमार, राजाराम सिंह और अभय कुशवाहा हैं। डॉ संजय जायसवाल वैश्य तो अशोक यादव, मीसा भारती, राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव, दिनेश चंद्र यादव, गिरिधारी यादव, सुरेन्द्र यादव और नित्यानंद राय यादव हैं। दलित समुदाय से आलोक कुमार सुमन, चिराग पासवान, शांभवी चौधरी, मनोज कुमार, जीतन राम मांझी और अरुण भारती हैं।

## हर्ष राज हत्याकांड के आरोपी रविश कुमार को रिमांड पर लेगी पुलिस

**पटना।** बीएन कॉलेज के छात्र हर्ष राज की हत्या के मामले में सरेंडर करने वाले गया के अतरी के रविश कुमार उर्फ राहुल को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। पुलिस के दबाव की वजह से राहुल ने सोमवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। एसआईटी सुपौल के त्रिवेणीगंज के मयंक और मधेपुरा के शिवम की तलाश में छापेमारी कर रही है। गिरफ्तारी नहीं होने की स्थिति में पुलिस जल्द ही दोनों के खिलाफ कुर्की वारंट लेगी। सिटी एसपी भारत सोनी ने कहा कि राहुल को रिमांड पर लिया जाएगा।

## खबरें फटाफट

### घर के बाहर सो रहे टोला सेवक की गोली मारकर हत्या

**पटना।** बिहार के औरंगाबाद से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक टोला सेवक की हत्या गोली मारकर कर दी गयी। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया गया है। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की सुचना नजदीकी थाने के पुलिस को दे दी गई है। यह घटना जिले के देव प्रखंड के ढिवरा थाना के पक्का पर गांव की बताई जा रही है। जहां बीती रात एक टोला सेवक को गोली मारकर हत्या कर दी गई है। यह टोला सेवक घर के बाहर सो रहा है तभी इस हत्याकांड को अंजाम देकर अपराधी फरार हो गए। मृतक की पहचान श्रवण भुइंया के रूप में की गयी है। बुधवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गयी। मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लिया और घटना के कारणों की जांच कर रही थानाध्यक्ष ने बताया कि पक्का गांव में श्रवण भुइंया नामक टोला सेवक की गोली मारकर हत्या की गई है। इधर घटना के पीछे की वजह प्रेम प्रसंग की चर्चा लोगों के बीच है।

### बेगूसराय में ट्रेन से टकराया बालू लदा ट्रैक्टर, बची जान



**पटना।** बेगूसराय राजरानी एक्सप्रेस से टैक्टर की टक्कर होने का मामला सामने आया है। इस दौरान यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गयी। घटना लखमीनिया रेलवे स्टेशन की है। जहां प्लेटफार्म पर निर्माण कार्य चल रहा था। इस काम के लिए बालू से भरे ट्रैक्टर को प्लेटफार्म पर लाया गया था तभी इस दौरान राज्य रानी एक्सप्रेस प्लेटफार्म पर आ गयी और ट्रैक्टर से टकरा गई। ट्रेन पटना से सहरसा जा रही थी तभी यह घटना हुई। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इस दौरान बड़ा हादसा होते-होते बच गया।

## एक बार फिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पलटी मारने की चर्चा तेज

# लग रहे कयास पर बोले ललन सिंह... नीतीश कुमार एनडीए के साथ हैं और साथ ही रहेंगे

- नीतीश कुमार को उप प्रधानमंत्री बनाने का ऑफर इंडी गठबंधन की ओर से दिए जाने की अफवाह
- एनडीए के साथ साथ इंडी गठबंधन भी सरकार बनाने की तैयारी में

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार की सियासत में एक बार फिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पलटी मारने के कयास लगाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार को उप प्रधानमंत्री बनाने का ऑफर इंडी गठबंधन की तरफ से दिया गया है। हालांकि जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद ललन सिंह ने कयासों को खारिज कर दिया है और कहा है कि नीतीश एनडीए के साथ हैं और साथ ही रहेंगे, इंडी वाले किसी मुगालते में न रहें।

दरअसल, लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद अब नई सरकार के गठन को लेकर कवायद तेज हो गई है। एनडीए के साथ साथ इंडी गठबंधन भी सरकार बनाने की तैयारी कर रही है और जोड़-तोड़ की कोशिश में जुट गई है। सियासी गलियारे में कयास लगाए जा रहे हैं कि नीतीश कुमार एक बार फिर से पलटी मारने की तैयारी कर रहे हैं। तेजस्वी यादव के साथ फ्लाइट में उनकी तस्वीर सामने आने के बाद कयासों को और भी बल मिल गया है हालांकि जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने इन कयासों को सीरे से खारिज कर दिया। दिल्ली में होने वाली एनडीए की बैठक में शामिल होने जा रहे जेडीयू सांसद ललन सिंह ने कहा कि देश की जनता ने एनडीए को अपना मैंडेट दे दिया है और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। कहा कि प्रधानमंत्री ने खुद कहा है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सफलता हासिल हुई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल में जेडीयू को जगह मिलने के सवाल पर ललन सिंह ने कहा कि यह सब काम राष्ट्रीय अध्यक्ष और एनडीए के नेताओं का है। जो भी तय करना है एनडीए के नेता मिलकर तय करेंगे। जेडीयू पूरी मजबूती से सौ फीसद एनडीए के साथ है। इंडी एलायंस वाले इसी तरह की दुनिया में रहते हैं, वे किसी मुगालते में नहीं रहें। नीतीश कुमार एनडीए के साथ हैं और एनडीए के साथ ही रहेंगे।

### नीतीश को देखकर फ्लाइट में खड़े हुए तेजस्वी यादव

**पटना।** लोकसभा चुनाव के रिजल्ट के बाद देश के साथ-साथ बिहार में भी सियासी हलचल तेज हो गई है। दिल्ली में एनडीए और इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव एक ही फ्लाइट से रवाना हुए। दिल्ली रवाना होने से पहले पटना में सीएम हाउस पर नीतीश ने सुबह नेताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में ललन सिंह, मंत्री अशोक चौधरी, सांसद कौशलेंद्र कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान समेत तमाम नेता मौजूद रहे। फ्लाइट के अंदर नीतीश और तेजस्वी की मुलाकात का वीडियो सामने आया है। इसमें नीतीश को देखते ही तेजस्वी खड़े होते दिख रहे हैं। दोनों एक-दूसरे को देखकर मुस्कुराते हैं। इसके बाद तेजस्वी कहते हैं 6 बजे बैठक है। फिर दोनों अपनी-अपनी कुर्सी पर बैठ जाते हैं। नीतीश फ्लाइट में आगे वाली सीट पर बैठे हैं और तेजस्वी पीछे वाली सीट पर। बाद में दोनों के एक साथ बैठने की तस्वीर भी सामने आई है।

## जमुई में दोस्तों ने ही युवक की हत्या कर शव को दफना दिया



**केटी न्यूज/ पटना**

जमुई जिले के खैरा थाना क्षेत्र के नवडीहा गांव से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक युवक की हत्या उसके दोस्तों ने ही कर उसके शव को जमीन में दफना दिया था। दो दिन पूर्व लापता हुए इस युवक का शव पुलिस ने बुधवार की सुबह वैज्ञानिक अनुसंधान के तहत जमीन से खोदकर बाहर निकाला। जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस बरामद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजकर मामले की छानबीन में जुट गई है।

बताया जाता है कि सोमवार की देर संध्या मृतक सत्यदेव आर्य को उसके दोस्तों द्वारा फोन कर बुलाया गया था। इसके बाद देर रात तक वह घर नहीं लौटा, तभी मृतक के पिता संजय साव ने किसी के द्वारा फोन किये जाने पर अज्ञात जगह चले जाने को लेकर स्थानीय थाना में शिकायत दर्ज कराया था। जिसके आधार पर पुलिस ने मामले की छानबीन करते गांव के ही महेश साह के पुत्र प्रियांशु कुमार, जागेश्वर साह के पुत्र शिबू कुमार, आसो साह के पुत्र प्रवेश और उपेंद्र यादव के पुत्र गौतम यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की। तब पता चला कि सत्यदेव आर्य को उसके दोस्तों द्वारा बुलाकर नवडीहा गांव के बहियार में हत्या कर देने के बाद उसके शरीर को एक गड्ढे में दफन कर छुपा दिया गया था।

इधर घटना को लेकर सदर एसडीपीओ सतीश सुमन ने बताया कि पुलिस द्वारा सत्यदेव आर्य के सीडीआर विश्लेषण के आधार पर एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इस आधार पर तीन अन्य को हिरासत में लिया गया है।

## गोपालगंज में एक्सल टूट जाने से पलटी जीप, 19 यात्री घायल



**केटी न्यूज/गोपालगंज**

गोपालगंज के भोरे थाना क्षेत्र के कल्याणपुर से देवरिया जा रही ओवरलोडिंग सवारी जीप बुधवार की सुबह विजयीपुर पगरा मेन रोड पर महुअवा मोड़ के पास पलट गई। जीप पलटने से सवार 19 महिला पुरुष घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची विजयीपुर पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जीप का एक्सल टूट गया, जिससे जीप दो-तीन बार पलट कर उलट गई। घायलों की चीख-पुकार सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचकर घायलों को जीप से बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी। विजयीपुर से पुलिस गाड़ी तथा एंबुलेंस पहुंचकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर उपचार करना प्रारंभ कर दिया।

डॉक्टर विजय चौधरी ने बताया कि वो अपने आवास पर नाश्ता कर रहे थे कि अचानक अस्पताल से दुर्घटना की खबर मिली। नाश्ता छोड़कर अस्पताल पहुंचकर घायलों का उपचार किया गया। घायलों में एक दर्जन महिला तथा सात पुरुष हैं, जिनमें एक 5 वर्ष के बच्चे के सिर में गंभीर चोट है। घायल बच्चे का नाम बाबू गुप्ता है, जिसकी हालत काफी खराब है। दुर्घटना में मां बेटा दोनों घायल है।

## छत से गिरकर महिला कांस्टेबल की गई जान, संदिग्ध मौत की वजह तलाश रही पुलिस

**पटना।** छत से गिरकर एक महिला सिपाही की संदिग्ध मौत हो गई है। महिला कांस्टेबल की इलेक्शन ड्यूटी लगी थी। ड्यूटी से लौटने के बाद संदिग्ध हालत में छत से गिरकर उसकी मौत हो गई। दरअसल, महिला सिपाही रानी कुमारी की सन्दिग्ध हालत में मौत हो गई है। रानी कुमारी मोतिहारी के एससी/एसटी थाने में तैनात थी। रानी कुमारी की मतगणना केंद्र पर ड्यूटी लगी थी। ड्यूटी से लौटने के बाद वह कपड़ा सुखाने छत पर गई थी और अचानक छत से नीचे जा गिरी। गंभीर अवस्था में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पूर्वी चंपारण के डीएम सौरभ जोरवाल और एसपी कांतेश मिश्रा ने पुलिस लाइन में महिला सिपाही को श्रद्धांजलि दी। एसपी कांतेश मिश्रा ने कहा कि नगर थाने में यूडी केस दर्ज किया गया है। महिला सिपाही की मौत कैसे हुई है, इसकी जांच की जाएगी।




## केंद्र और राज्य सरकार के रिश्तों में कड़वाहट के कारण पिछले साल नहीं भेजे गए थे आम

# राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के लिए सुल्तानगंज से दिल्ली भेजे गए 2200 पैकेट जर्दालु आम

**केटी न्यूज/पटना**



बुधवार को बिहार के सुल्तानगंज से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित विशिष्ट लोगों को 18वीं बार महेशी का जर्दालु आम भेजा गया। किसान ने बताया कि पिछले साल जर्दालु आम की 2500 पेटियां तैयार पड़ी रह गई थी। उसे केंद्र सरकार व राज्य सरकार के बीच कड़वाहट के कारण नहीं भेजा जा सका था। जिसके कारण हजारों जर्दालु आम सड़ गए थे। जिससे किसानों को लाखों का नुकसान सहना पड़ा था। वहीं, इस बार केन्द्र व राज्य सरकार के रिश्ते मधुर होने के कारण बुधवार को विक्रमशिला एक्सप्रेस की मदद से 22 सौ पैकेट जदार्लु आम बिहार भवन भेजा गया। पिछले साल भागलपुर के किसानों को जिला लेवल के अधिकारियों की ओर से 2500 पेटी भागलपुरी जदार्लु आम की खेप तैयार रखने को कहा गया था। इसमें 500 पेटी आम बिहार सरकार के मंत्रियों को और 2 हजार पेटी आम केंद्र के सभी मिनिस्ट्री को भेजा जाना था। लेकिन डिलीवरी से कुछ घंटे पहले अधिकारियों ने मना कर दिया।

**जर्दालु आम की क्या है खासियत:** भागलपुर के जदार्लु आम को टी टैग भी मिला हुआ है। यह आम शुगर फ्री होता है, जिसे कोई भी डायबिटीज मरीज खा सकते हैं। यह अपने स्वाद और सुगंध के लिए मशहूर है। भारत के सबसे अच्छे किस्म के आमों में यह भी शामिल है। अपनी इसी खासियत के चलते पूरी दुनिया में यह आम प्रसिद्ध है। भागलपुरी जदार्लु आम दुनियाभर में भेजा जाता है। वर्ष 2007 से मैंगो मैन के नाम से प्रसिद्ध किसान अशोक चौधरी ने भागलपुर से जदार्लु आम दूसरे राज्यों और देशों में भेजने की शुरूआत की थी। मधुबन नर्सरी से सोमवार और मंगलवार को आम की पैकिंग की पूरी प्रक्रिया पूरी की गई थी। बुधवार को विक्रमशिला ट्रेन की मदद से आम, बिहार भवन भेजा गया।

# अच्छी पहल : नीलगाय को पालतू जानवर बनाने पर शीघ्र शुरू होगा शोध

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बहुत जल्द अब किसानों को नीलगाय के आतंक से मुक्ति मिलने वाला है। डुमरांव स्थित वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज ने नीलगाय को पालतू जानवर बनाने तथा उसके दूध तथा मांस का उपयोग से पशु पालकों की आय बढ़ाने के लिए शोध शुरू करने जा रहा है। कृषि विकास योजना के तहत होने वाले इस शोध के लिए कृषि विश्वविद्यालय सबौर भागलपुर ने शोध के लिए पहली किश्त कॉलेज को दे दी है। राशि मिलने के बाद कॉलेज प्रबंधन शोध शुरू करने की योजना पर जुट गया है।

बता दें कि वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज के वैज्ञानिकों ने नीलगाय को पालतू जानवर बनाने के लिए शोंध शुरू किया था। शोध के लिए हरियाणा पशु प्रजनन प्रक्षेत्र की एक सौ एकड़ जमीन मिली हुई थी। उक्त जमीन पर शोध के लिए वैज्ञानिकों ने कुछ नीलगाय को रखा भी था। बस राशि की कमी आड़े आ रही थी। कृषि विश्वविद्यालय सबौर ने वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज डुमरांव के खाते में पहली किश्त के रूप में 13 लाख 50 हजार रूपया भेज दिया है। राशि मिलते ही वैज्ञानिकों सहित विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

- ♦ वीर कुंवर सिंह कृषि महाविद्यालय डुमरांव को शोध के लिए 13 लाख 50 हजार की पहली किस्त मिली
- ♦ कृषि विकास योजना के तहत कृषि विश्वविद्यालय सबौर को मिली है 1 करोड़ 14 लाख 85 हजार की राशि



### हर साल बड़े पैमाने पर पहुंचाते हैं फसलों को नुकसान

मालूम हो कि नीलगाय एक जंगली जानवर है। भोजपुर व बक्सर जिले के दियरांचल में नीलगाय की बहुलता है। जो किसानों के लिए परेशानी का सबव भी है। नीलगायों द्वारा हर साल बड़े पैमाने पर फसलों को नुकसान पहुंचाया जाता है। जिससे यह किसानों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। कृषि कॉलेज के वैज्ञानिकों ने जब इसे देखा तो इसके शरीर की बनावट का परखा और समझा। इसके शरीर की बनावट देख उन्हें इसके नाम से भ्रम होने लगा फिर इस पर अपना रिसर्च शुरू किया। राशि के अभाव में विगत छह माह से शोध का काम बंद कर वैज्ञानिक इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया था। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत नीलगाय शोंध के दौरान इसके बाह्य संरचाना, इसके व्यवहार और उसकी विशेषताओं की सूक्ष्म पर्यवेक्षण के लिए राशि उपलब्ध होने के बाद वैज्ञानिक खुशी के साथ इसके शोध में लग गए हैं। इसकी जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य सह नोडेल पदाधिकारी एवं नीलगाय शोध केन्द्र प्रभारी प्रो. मुकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि शोध के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत केन्द्र व राज्य सरकार को मिलकर 1 करोड़ 14 लाख 85 हजार की मंजूरी प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय को निकासी व खर्च करने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है, अब इसके शोध की गति पकड़ेगी।

## खबरें फटाफट

### जून माह के खाद्यान्न का वितरण शुरू

**बक्सर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जून माह का मुफ्त खाद्यान्न का वितरण शुरू हो गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं द्वारा ई पॉश के माध्यम से तीन जून से ही खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नियमित खाद्यान्न के तहत पीएचएच लाभुकों को प्रति सदस्य कुल एक किलों गेंहू एवं चार किलो चावल तथा एएवाई लाभुकों को प्रति परिवार कुल सात किलो गेंहू एवं 28 किलों चावल मुफ्त में दिया जा रहा है। उन्होंने लाभुकों से अनुरोध किया कि अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी जन वितरण प्रणाली विक्रेता के यहां से जून माह के खाद्यान्न का उठाव कर सकते हैं।

### तीन साल से पति फरार, दर दर की ठोकर खा रहा परिवार

**डुमरांव।** नगर के सतगलिया निवासी एक महिला का पति तीन साल से घर से फरार हो गया है। महिला का आरोप है कि वह किसी दूसरी महिला के चक्कर में घर छोड़ आरा में रह रहा है। पीड़िता दुर्गावती देवी की मानें तो उसके पति सुमन चौधरी का अवैध संबंध रिश्तेदारी की एक महिला से है। जिस कारण वह तीन साल से घर नहीं आया है। इधर पति के नहीं रहने से बच्चों की परवरिश तथा पढ़ाई बाधित हो रही है। महिला ने इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से भी की है। महिला का कहना है कि वह पैसा भी नहीं भेजता है। जिस कारण दो वक्त की रोटी का जुगाड़ मुश्किल से हो पाता है। जबकि पैसे के अभाव में बच्चियों की पढ़ाई भी बंद करनी पड़ी है।

### डुमरांव में शराब के नशे में एक धराया

**डुमरांव।** डुमरांव पुलिस ने शहर के मुख्य सड़क से शराब के नशे में एक व्यक्ति को पकड़ा और मेडिकल जांच कराने के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजा, जहां जांच के बाद शराब पीने की पुष्टि हुई। पकड़ा गया आरोपी कृष्णाब्रम्ह थाना क्षेत्र के कठार गांव निवासी वीरेंद्र कुमार तिवारी बताया जाता है। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अनीषा राणा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम कानून के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## बक्सर के नये सांसद सुधाकर सिंह ने प्रेस वार्ता आयोजित कर गिनवाई प्राथमिकताएं

# विकास ही मेरा लक्ष्य, पंचायती से सुलझेगी चौसा परियोजना से जुड़ी अड़चन: सुधाकर

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर का विकास व किसानों का विकास मेरा मुख्य कार्य होगा। मेरा जो भी कार्य होगा किसानों के लिए साथ ही बक्सर का चहुमुंखी विकास करना मेरा लक्ष्य है। वही, चौसा बिजली घर परियोजना में जमीन देने वाले किसानों की समस्या तथा मलई बराज परियोजना के निर्माण में आ रही बाधा को पंचायती से सुलझाने का काम करूंगा। उकत बातें बक्सर संसदीय क्षेत्र से चुनाव जीतने वाले राजद नेता सुधाकर सिंह ने बुधवार को बक्सर में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि बक्सर संसदीय क्षेत्र की दो परियोजनाओं पर समस्या खड़ा हुआ है। चौसा बिजली घर, दूसरा मलई बराज परियोजना इन दोनों परियोजनाओं पर हम लोग पंचायती करेंगे। पंचायती करने की जरूरत इसलिए है कि किसानों की जायज जो मांगें है उसको भी सुनी जाएगी। सरकार के स्तर पर किसानों का समाधान भी करेंगे। इसके बाद ही इन परियोजनाओं को चालू कराने का प्रयास किया जाएगा।

मैं भारतीय संसद का सदस्य हूं। इसलिए मेरा पहला काम सभी भारतीय कानूनों को बदलने का होगा, जो किसानों के खिलाफ है। चाहे भूमि अधिग्रहण हो या मंडी कानून हो या मिनीमन सपोर्ट प्राइज का मामला हो, नई शिक्षा की नीति हो जिसमें ये सरकार हायर एजुकेशन के लिए पैसा नहीं देना चाहती। ये जो बड़े मसले हैं सरकार के जरिए सुलझेंगे। जो छोटे-छोटे काम है। मेडिकल कॉलेज का मसला है, नहरों की सफाई का मसाला है इस सभी चीजों को हम अपने व्यक्तिगत प्रयास से हल कराएंगे।

वहीं, उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं कि जनता ने इस बार वोट का चोट किया है। लेकिन चोट थोड़ा और 10 पर्सेंट कर देते, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री 4 लाख 80 हजार से एक लाख पचास हजार पर चले आए फिर भी वो दहाड़ रहे हैं। वही बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बीजेपी वालों ने कहा था कि हम राम को लाये है। जो राम, सबको लाये है, उनको लाने वाले पीएम व सीएम दम्भ भरने वालों को दंड मिलेगा, वह बदला लेंगे। दंड मिला अयोध्या सहित यूपी की आधी सीट गवां दी। केवल पीएम की जीत से उनकी लाज बची। वही प्रतिद्वंदी मिथिलेश तिवारी पर तंज कसते हुए कहा कि मैं बक्सर का विकास कैसे करूंगा, इसके लिए वो इसलिए धमका रहे है कि केंद्र और राज्य में उनकी सरकार है। दोनों मिलकर के विकास नहीं करने देंगे तो उस मुगालते में न रहे। सत्ता में सरकार रहने के बाद भी अपने गोपालगंज में एक इंच काम नहीं करा पाए वो बक्सर के विकास की चिंता न करें मैं काम कर के दिखाऊंगा।

## केसठ पहुंचे सांसद सुधाकर सिंह, लोगों को दिया धन्यवाद



**बक्सर।** केसठ स बक्सर लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद सुधाकर सिंह प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर लोगो को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद से लोगों ने मुझे बक्सर का सांसद चुना है, मैं उस उम्मीद पर खरा उतरूंगा और किसानों, नौजवानों के हित के लिए सदैव काम करते रहूंगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास मेरा प्राथमिक कर्तव्य है।

इस दौरान राजद के वरिष्ठ नेता सुनिल कुमार यादव उर्फ पप्पू यादव के शोकाकुल परिवार से मिल ढांढस बंधाया। बताते चले के राजद के वरिष्ठ नेता के पिता का विगत 2 जून को निधन हो गया था। सांसद ने कहा कि वे दुःख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़े है। मौके पर पंचायत मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान, मुकेश कुमार, मुन्ना कुमार, उमेश कुमार, संजय बारी सहित अन्य थे।

- ♦ शोकाकुल परिवार से मिलकर राजद नेता पप्पू यादव को बंधाया ढांढस

## बक्सर में आठ उम्मीदवारों को पछाड़ कर सातवें पायदान पर पहुंचा नोटा

**केटी न्यूज/डुमरांव**




बक्सर लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में इस बार भी नोटा ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करायी है। कुल छह विधानसभाओं वाले संसदीय इलाके में नोटा ने इस बार आठ उम्मीदवारों को पछाड़ 9617 मत पाकर सातवें पायदान पर रहा। लोकसभा चुनाव में कुल 14 उम्मीदवार चुनावी समर में अपनी किस्मत आजमा रहे थे। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में नोटा विकल्प का भी अपना एक चुनाव चिन्ह था।

ईवीएम मशीन पर सबसे आखिरी विकल्प के तौर पर नोटा का बटन बनाया गया था, जिस पर वोटरों ने इनमें से कोई नही या नोटा विकल्प के पक्ष में अपनी भागीदारी निभाई। आठ निर्दलीय उम्मीदवारों के वोटों से ज्यादा वोट नोटा के पक्ष में पड़े। हालांकि नोटा से आगे छह उम्मीदवार है, जिनमें महागठबंधन के राजद प्रत्याशी सुधाकर सिंह ने 438345 मत लाकर विजयी रहे। तो दूसरे स्थान पर एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार मिथिलेश तिवारी 408254 मत, तीसरे स्थान पर बसपा के अनिल कुमार 114714 मत, चौथे स्थान पर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा 47409 मत, पांचवे स्थान पर पूर्व मंत्री ददन यादव 15836 मत और छठे स्थान पर सुधाकर मिश्रा 12749 मत प्राप्त किये। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव में नोटा को 16447 मत मिले थे। गौरतब है कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में नोटा भाजपा, राजद तथा बसपा के बाद चौथे नंबर पर था। हालांकि, उस मुकाबले इस बार नोटा को कम मतदाताओं ने तरजीह दी है। जब मतदाताओं को कोई उम्मीदवार पसंद नहीं आए तो नोटा बटन का इस्तेमाल कर सकते है। इसका मतलब होता है कि इनमें से कोई प्रत्याशी पसंद नहीं है। निर्वाचन आयोग ने सबसे पहले नोटा को वर्ष 2014 में ईवीएम में शामिल किया था। तब से मतदाताओं

## जातिवाद के कारण चुनाव में हुई राष्ट्रवाद की हारः मिथिलेश तिवारी

**केटी न्यूज/बक्सर**

विगत चार जून को हुई मतगणना के बाद बक्सर लोकसभा चुनाव में हार मिलने के बाद बुधवार को एनडीए प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी ने प्रेस कांफ्रेंस के जरिये मीडिया को बताया कि उनकी हार जातिवाद के कारण हुई। उन्होंने कहा कि बक्सर में जातिवाद के कारण राष्ट्रवाद हार गया। वही, उन्होंने अपने चार लाख मतदाता जिन्होंने उन्हें वोट दिया उनका आभार जताया, साथ ही विजयी होने वाले राजद के नवनिर्वाचित सांसद सुधाकर सिंह को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि मैने चुनाव में बक्सर को बनारस बनाने का वायदा किया था। हार के साथ ये मेरा सपना कुछ दिनों के लिए टल गया। हालांकि, मैं बाहर नहीं जा रहा हूं। मैं पांच वर्ष बक्सर में ही कार्यकताओं के साथ रहूंगा। व आने वाले दिनों में अपनी जनता के साथ बक्सर के विकास के लिए सोचूंगा। उन्होंने कहा अब देखना यह है कि विगत दिनों चुनाव में राजद द्वारा प्रचार किया गया वे बक्सर के विकास के साथ बक्सर को लंदन और अमेरिका बनाएंगे। अब देखना है कि वे लोग जिस विकास की बात चुनाव के दौरान किए है वह कितना कर पाते है। अगर, वे लंदन बना देंगे तो ठीक है, इसके लिए उन्हें बधाई, उन्होंने कहा कि बक्सर में झूठ की ऐसी फसल बोई गई थी। अश्विनी चौबे के बारे में प्रचारित किया गया कि वह यहां पर आने वाले एम्स को भागलपुर लेकर चले गए। जो कि पूरी तरह बकवास और झूठ है। ऐसा राजद के व अन्य लोग कहते रहे, जो पूरी तरह झूठ है।

उन्होंने बिना नाम लिए कहा एक निर्दलीय प्रत्याशी का मंच संचालन करने वाला वह मतगणना बाद जितने वाले उम्मीदवार के साथ खुशी में मिठाई खा रहा था। ऐसे जयचंद से बचना चाहिए। वह बक्सर की जनता को भी इससे आगाह किया। उन्होंने अपने आगे के मिशन की भी बात की उन्होंने कहा बक्सर एक आध्यात्मिक नगरी है, ये महर्षि विश्वामित्र की तपोभूमि व मयार्दा पुरूषोतम प्रभु श्रीराम की शिक्षा स्थली रही है। जिसके विकास का अगला खाका तैयार किया जा रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भोला सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह समेत भाजपा के कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

- ♦ मिथिलेश ने विजयी प्रत्याशी को दी बधाई



## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन, कृषि वैज्ञानिक डॉ. देव करन बोले...

# जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में पौधरोपण मददगार

**केटी न्यूज/बक्सर**



विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर कृषकों के बीच जागरूकता एवं ज्ञान व तकनीकी उन्नयन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण "मृदा परीक्षण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड का प्रयोग" कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र के तत्वावधान में किया गया। आमंत्रित किसानश्री बिनोद कुमार, प्रगतिशील किसान चितंरजन तिवारी, भुवनेश्वर पाल, पर्यावरणविद्दि पिन कुमार सिंह समेत कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख डॉ. देवकरन तथा उपस्थित किसान प्रतिभागियों ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए डॉ. देवकरन ने मृदा परीक्षण के लिए मृदा नमूना एकत्रीकरण की विधि, मृदा परीक्षण उपरांत उर्वरक संस्तुति की विस्तृत चर्चा की। मुख्य पोशक तत्वों जैसे- नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश के साथ-साथ सूक्ष्मपोषक तत्वों जैसे- जिंक, बोरान, लोह व मॉलिविडनम, आदि का खेती मे प्रयोग करने की सिफारिश की। साथ ही फसल अवशेष प्रबंधन कर पराली नहीं जलाने का आग्रह किया। इसके अलावा कृषि वानिकी पर जागरूक करते हुए बताया कि इससे कटाव नियंत्रण और जल धारण क्षमता, पोषक तत्व पुनर्चक्रण, कार्बन भंडारण, जैव विविधता संरक्षण और स्वच्छ हवा में मदद करती है और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में मदद करती है।

विशेषज्ञ हरिगोबिंद ने धान-गेहूं फसल चक्र मे दलहनी फसलों के उत्पादन तकनीकी व लाभ की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही प्राकृतिक खेती के महत्व पर किसानों को जागरूक किया। श्री रामकेवल ने मृदा स्वास्थ्य को टिकाउ बनाने रखने हेतु समेकित जीवनाशी प्रबंधन जैसे-गर्मा की जुताई, मल्चिंग, खाई खोदना एवं जैव कीटनाशी जैसे-नीम तेल, नीम खली, आदि के प्रयोग की तकनीकी जानकारी दी। आरिफ परवेज ने पौधरोपण के महत्व एवं संदीप कुमार यादव ने कृषि इनपुट के दक्षतापूर्ण प्रयोग की तकनीकी जानकारी से किसानों को अवगत कराया। ार्यक्रम मे 15 किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा 10 किसानों को आम के पौधे वितरण किए गए। डॉ. देवकरन ने बताया कि मिशन लाईफ अभियान के तहत इस वर्ष कृषि विज्ञान केन्द्र, बक्सर द्वारा 100 से अधिक किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराया गया हैं।

कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान रामइकबाल राम, पशुपति महतो, प्रेम नारायण राम, अतुल कुमार दूबे, शिवबहादुर सिंह, अमरनाथ पाण्डेय, रामप्रवेश सिंह, रिपु दूबे, आदि समेत 50 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित थे तथा संस्थान के रवि चटर्जी, राजेश राय, मुकेश कुमार, अरविंद कुमार, आदि ने सहयोग किया।

## एक नजर

### विहिप और सनातन संस्कृति हमारे रग-रग में शामिलः चंद्रविजय सिंह



**बक्सर।** विश्व हिंदू परिषद दक्षिण बिहार प्रांत प्रशिक्षण वर्ग सह बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर अहिरौली में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीहीप के जिलाध्यक्ष सिद्धनाथ मिश्र ने किया जबकि उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डुमरांव महाराज चंद्र विजय सिंह ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद तथा सनातन धर्म हमारे पूरे परिवार के रग-रग में भरा है। उन्होंने कहा कि हम सनातन धर्म के सहयोग व उत्थान के लिए हमेशा तत्पर रहते है। उन्होंने कहा कि हम चाहते है कि भारतीय संस्कृति अपनी खोई हुई संस्कृति को पुनः प्राप्त करें तथा भारत माता विश्व गुरु के रूप में पुनः प्रतिष्ठित हो। विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय प्रन्यासी सह दक्षिण बिहार प्रांत के उपाध्यक्ष रामबालक यादव ने कहा कि यह विश्व हिंदू परिषद का अभ्यास वर्ग है। अभ्यास वर्ग का मतलब होता है कि करत करत अभ्यास ते जड़मति होत सुजान, रसरी आवत जात ते सिल पर परत निशान अर्थात अभ्यास करते रहने से कोई कठिन कार्य साधारण हो जाता है। इसीलिए सभी प्रशिक्षु पुरे मनोयोग से अभ्यास करें। उन्होंने कहा कि जैसे अर्जुन के अभ्यास करने के बाद उनसे पूछा गया कि तुमको क्या दिखाई दे रही है तो अर्जुन का जवाब था कि हमको केवल मछली की आंख दिखाई दे रही है। वैसे ही आप लोग भी एकाग्रचित होकर अभ्यास करें। विश्व हिंदू परिषद के उद्देश्य को गांव-गांव घर-घर प्रत्येक जन तक पहुंचाए। विश्व हिंदू परिषद के संबंध में सभी जिलेवासी तथा प्रांत के लोग जान सकें। यह सनातन धर्म के उत्थान के लिए कार्य करता है। कार्यक्रम में सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य रामजी प्रसाद, प्रांतीय संगठन मंत्री चितरंजन, प्रांत सह सत्संग प्रमुख तथा इस जिला के पालक कन्हैयाजी पाठक, उपाध्यक्ष विनोद उपाध्याय, परशुराम पांडेय, विभाग मंत्री संजय राय, सह मंत्री सुशील राय आदि लोग उपस्थित थे।

### चुनाव संपन्न, अब रफ्तार पकड़ेगा पंचायत व चौसा नगर पंचायत का विकास

**चौसा।** मतगणना के साथ ही विगत तीन माह से चल रहे लोकसभा का चुनाव सम्पन्न हो गया है। हालांकि, अभी केंद्र की सरकार का गठन होना बाकी है। चुनाव के कारण लागू आदर्श आचार संहिता के कारण पंचायत हो या नगर पंचायत सभी जगहों पर विकास कार्य ठप थे। अब चुनाव बीतने के साथ विकास को गति मिलेगी, साथ ही गांव व नगर में विकास रफ्तार पकड़ेगा। बता दें कि नवगठित चौसा नगर पंचायत का गठन के बाद से अब तक कोई विकास कार्य नहीं हो पाया है। जहां पहले प्रभारी पदाधिकारी के वजह से नगर पंचायत का कोई विकास कार्य नहीं हो पाया था। जबकि, चुनाव से कुछ दिन पूर्व नए पदाधिकारी ने चौसा नगर पंचायत का प्रभार लिया, उसके बाद आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। जिससे किसी नई योजना की शुरूआत नहीं हो पाई। अब जबकि चुनाव बीत गए है, जाहिर सी बात है अब विकास कार्य प्रारम्भ किए जाएंगे। कार्यपालक पदाधिकारी आमिर सुहैल ने बताया कि गुरुवार को सशक्त समिति की बैठक आहूत की गई है, जहा कार्य योजना पर चर्चा की जाएगी। बहुत जल्द चौसा नपं में विकास कार्य प्रारम्भ होंगे। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के तौर पर बरसात से पूर्व सभी नालों की उड़ाही की जाएगी। वही, आने वाले दिनों में नपं में लाइट की व्यवस्था के साथ गली-नाली का निर्माण किया जाएगा, साथ ही और कई योजनाओं पर भी चर्चा के बाद कार्य योजना पर मुहर लगेगी। नगर पंचायत के साथ ही प्रखंड के पंचायतों में भी अब मनरेगा सहित सभी योजनाएं रफ्तार पकड़ेगा। युद्ध स्तर पर विकास कार्य शुरू किए जाएंगे। गौरतलब है कि बरसात के दिनों में कई योजनाएं बंद हो जाती है। जिसे देखते हुए प्रशासन द्वारा बरसात पूर्व योजनाओं को रफ्तार देने की रणनीति बनाई गई है।



### राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय बक्सर में 15 छात्रों का हुआ रिकॉर्ड तोड़ प्लेसमेंट

**बक्सर।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय बक्सर के 15 छात्रों का प्रतिष्ठित कंपनी रिनेक्स टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड में 5.2 एलपीए के पैकेज के साथ चयन हुआ है। यह चयन छात्रों और संस्थान दोनों के लिए गर्व का विषय है। महाविद्यालय के प्लेसमेंट अधिकारी ने बताया कि रिनेक्स टेक्नोलॉजी ने एक विस्तृत चयन प्रक्रिया के माध्यम से इन छात्रों का चयन किया गया है। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा, तकनीकी साक्षात्कार और एचआर साक्षात्कार शामिल थे। इन छात्रों ने अपनी कठिन मेहनत और समर्पण से यह सफलता हासिल की है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम नरेश राय एवं डीन एकेडमिक्स (डॉ.) श्यामलाल वर्मा ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा, हमारे छात्रों का चयन रिनेक्स टेक्नोलॉजी जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में होना हमारे संस्थान के लिए गौरव की बात है। यह हमारे शिक्षण प्रणाली की गुणवत्ता और छात्रों की मेहनत का परिणाम है। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट समन्वयक गौरव परमार ने बताया चयनित छात्रों में इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और सिविल इंजीनियरिंग विभाग के छात्र शामिल हैं। रिनेक्स टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के चयनकताओं ने इन छात्रों का चयन समूह चर्चा और साक्षात्कार के माध्यम से किया गया है और उन्होंने छात्रों की तकनीकी दक्षता, समस्या सुलझाने की क्षमता और उनकी टीमवर्क स्किल्स की प्रशंसा की। महाविद्यालय के अन्य छात्रों और शिक्षकों ने भी चयनित छात्रों को उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है।

### बक्सर में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने पर जिलाधिकारी ने की जिले वासियों की सराहना

**बक्सर।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत जिले में संचालित चुनाव और मतगणना कार्यों के शांतिपूर्ण संपन्न होने पर जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने जिले वासियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। साथ ही, लोगों के सहयोग के लिए उनकी सराहना की। डीएम अंशुल अग्रवाल ने सूचना जारी कर कहा कि सभी के योगदान के प्रति जिला प्रशासन आभार व्यक्त करता है। तीन-चार महीने लंबे चले इस अभियान में जिला प्रशासन एवं पुलिस महकमे के सैकड़ों कर्मियों एवं पदाधिकारियों ने लगातार पसीना बहाया एवं एक सफल चुनाव संपन्न कराने की उपलब्धि हासिल की। इसके साथ ही यह एक आम परिपाटी रही है कि इस सफलता की खुशी मनाने के लिए जिला प्रशासन चुनाव के बाद एक भोज का आयोजन करता है जिसमें जिले के नामचीन नागरिक, समाजसेवी, मीडियाकर्मी आदि भी भाग लेते हैं। यह एक अच्छा मौका होता है जब हम आपस में एक टीम की तरह बैठते हैं और एक दूसरे के योगदान की सराहना करते हैं। लेकिन इस बार का चुनाव कुछ अलग रहा है। एक ओर जहां चुनाव संपन्न कराने की अपनी उपलब्धि पर जिला प्रशासन आह्लादित है, वहीं उन कर्मियों के परिवारों की पीड़ा से शोक संतप्त है जिन्होंने इस बार निर्वाचन दायित्व के निर्वहन में अपने प्राण गवां दिए। इस चुनाव के क्रम में बहादुर क्षेत्री, नेपाल, नरेंद्र सिंह, नवानगर, सत्येंद्र ठाकुर, बेतिया पश्चिम चम्पारण एवं प्रवीण कुमार तिवारी, गाजीपुर की निर्वाचन कर्तव्य के दौरान मृत्यु हो गई। जिला प्रशासन उन कर्मियों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता है एवं उन्हें हर संभव लाभ उपलब्ध कराने के प्रति संकल्पित है।

एक नजर

## थानाध्यक्ष ने जन्मदिन पर लगाए पौधे



डुमरांव। जीवन के लिए पर्यावरण महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ दशकों से हमारा पर्यावरण तेजी से बिगड़ रहा है। लेकिन, अब लोग पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक हो गए है। इसी कड़ी में बुधवार को नया भोजपुर ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने ओपी परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस तथा अपने जन्मदिन के संयुक्त मौके पर पौधरोपण किया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मिल कुल 51 फलदार व छायादार पौधे लगाए तथा उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प लिया।

## स्कूली छात्र छात्राओं ने किया पौधरोपण



बक्सर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित इटाढ़ी रोड पर फाउंडेशन स्कूल में वृहद् पैमाने पर पौधरोपण कार्यक्रम चलाया गया। न केवल स्कूली शिक्षक व कर्मचारी बल्कि स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पौधरोपण कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों ने अपने द्वारा लगाए गए पौधों की देखभाल करने, उन्हें समय पर पानी देने, खाद व अन्य जरूरी पोषक तत्व देकर पौधों को पेड़ बनाने में स्कूल प्रबंधन की मदद देने की बात कही।

## कभी नदियों एवं जंगलों से थी डुमरांव क्षेत्र की पहचान

**डुमरांव।** डुमरांव शहर प्रकृति की गोद में बसा था और कभी नदियां व जंगल इसकी पहचान हुआ करती थी। करीब चार दशक पहले तक यह शहर चारों तरफ से जंगलों से घिरा था वही इसके तीन तरफ से नदियां भी कल-कल कर बहती थी। जिससे यहां का पर्यावरण काफी स्वच्छ था। आज भी कई इलाके है जिनका नाम जंगलों तथा पेड़ पौधों के साथ नदियों के नाम पर आधारित है। जो इस बात के प्रमाण है कि डुमरांव प्राकृतिक रूप से काफी रमणीक था।

वहीं, राज परिवार ने भी इसके सुंदरता में चार चांद लगाने का काम किया था। तत्कालीन महाराजा बहादूर जय सिंह ने 52 बीघे के भू-भाग पर बाग-ए-कला लगवाया था। जिसे आज बड़ा बाग के नाम से जाना जाता है। शहर के कई इलाके को लोग इन नामों से आज भी जानते है जैसे जंगल बाजार, ठेलवानी मोहल्ला, खिरीया ब्रह्म स्थान आदि दर्जनों नाम है। जानकारों की मानें तो घनें जंगलों के अलावे डुमरांव के आस पास से कांव नदी, भैंसही नदी, कोलिया ताल आदि भी बहती थी। जिस कारण यहां सालोंभर पानी मिलता था। जिससे किसान अपने खेतों की सिंचाई भी करते थे। समय के साथ जंगल कटते गए तथा उनके जगह क्रंक्रीट के जंगल उग आए है। जिस कारण आज डुमरांव में भी पर्यावरण की समस्या आ खड़ी हुई है।

### पर्यावरण दिवस पर जिले के विभिन्न हिस्सों में कार्यक्रम आयोजित, स्कूली बच्चों को किया गया जागरूक

# पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं और संरक्षित करें : सौरभ आलोक

केटी न्यूज/बक्सर

बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला गंगा समिति बक्सर एवं वन प्रक्षेत्र बक्सर के संयुक्त तत्वावधान में गोकुल जलाशय क्षेत्र में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में स्थानीय स्कूल के साथ-साथ आम लोगों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। मौके पर उपस्थित वरीय उप समाहर्ता सह जिला गंगा समिति के नोडल अधिकारी सौरभ आलोक ने कहा कि हम सबका नैतिक कर्तव्य बनता है कि अधिक से अधिक संख्या में पौधा लगाएं और उसे संरक्षित रखें। उन्होंने तेजी से बिगड़ रहे पर्यावरण व बेतहासा बढ़ रही गर्मी पर चिंता जताया और कहा कि पेड़-पौधों की कटाई हम निरंतर रूप से करते जा रहे है लेकिन पेड़ो का संरक्षण पर हमारा ध्यान बिल्कुल नहीं जा रहा है। जो पर्यावरण में असंतुलन पैदा कर रहा है।

उन्होंने कहा कि हम सबको सामूहिक प्रयास कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में भाव जगाना होगा, तभी पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। वनों के क्षेत्र अधिकारी ने बताया कि पौधे लगाने के साथ पौधे बचाने के लिए भी हम लोगों को एक अभियान चलाना होगा। उन्होंने कहा कि वन विभाग जिले में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्थल चयन कर इस वर्ष अत्यधिक संख्या में पौधे लगाए जायेंगे। डीपीओ, जिला गंगा समिति द्वारा उपस्थित लोगों को पर्यावरण के खतरे के बारे में जागरूक कर उन्हें अत्याधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

**फाउंडेशन स्कूल में भी आयोजित हुआ कार्यक्रम :** जिला गंगा समिति द्वारा दूसरा कार्यक्रम फाउंडेशन स्कूल में आयोजित किया गया। इस विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पौधरोपण के साथ-साथ सेमिनार, शपथ इत्यादि कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण असंतुलन के खतरे से निपटने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति, प्राचार्य फाउंडेशन स्कूल विकास ओझा, एकेडमिक हेड एसके दुबे के साथ प्राचार्य बीएड कॉलेज उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्राचार्य श्री ओझा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का एकमात्र उपाय अधिक से अधिक पौधा लगाना तथा उसकी देखभाल करना है। इस मौके पर वनों के क्षेत्र अधिकारी के स्वीप आइकन अभिराम सुंदर, प्रिंस कुमार सिंह, चंदन कुमार, अमर देव कुमार, मनोज दुबे, वन विभाग के वन रक्षी नीतीश कुमार, राजकुमार पासवान, महिमा राम कुमार, दिलीप कुमार इत्यादि के साथ कई अन्य कर्मी उपस्थित थे।

**डुमरांव में एनवाईके के द्वारा किया गया पौधरोपण :** डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र में बिहार के पर्यावरण मंत्री द्वारा पर्यावरण योद्धा- 2023 से सम्मानित डॉ संजय कुमार सिंह द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर को डुमरांव के शहीद पार्क, महाकाल मंदिर, छठीया पोखरा आदि स्थानों पर छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। यह पौधरोपण नेहरू युवा केंद्र, बक्सर द्वारा मान्यता प्राप्त नेहरू युवा विकास समित समिति तथा शांति महिला विकास समिति, डुमरांव के सहयोग से किया गया। मौके पर पीपल सहित छायादार, झाड़ीदार तथा फूलों का पौधा लगाया गया। पौधरोपण में सहयोग देने वालों में तरु मित्र उमेश कुमार रौनियार, शिक्षक विमलेश सिंह, अंजू देवी, सुनीता देवी, मालती



## युवाओं ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**डुमरांव।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर नगर के युवाओं ने बुधवार को बंधन पटवा रोड के समीप पौधरोपण किया। अभियान का नेतृत्व युवा समाज सेवी अजय राय ने किया। इस दौरान पौधे लगाने के साथ ही उन्हें बचाने तथा भविष्य में कोई पौध न तो काटने और न ही दूसरे को काटने देने का संकल्प दिलवाया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए अजय ने बताया कि कुल तीन पौधा लगाया गया जिसमें दो फलदार तथा एक छायादार पौधा शामिल रहा।

इस दौरान युवाओं ने तख्ती पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश लिख लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा करने तथा अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। वही, पेड़-पौधों को न तो काटने और न ही काटने देने तथा पर्यावरण हित में अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए शपथ भी दिलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व कर रहें अजय का कहना है कि प्रकृति ने हमे जीवन निर्वहन के लिए अनेक सुंदर उपहार दिए हैं। उनमें से प्रकृति द्वारा दिया गया पेड़-पौधा अनमोल उपहार है। इसलिए इसका संरक्षण करना हम सभी का उत्तरदायित्व बनता है।

अजय की मानें तो इस वर्ष पड़ रही भयंकर गर्मी प्रकृति का एक संकेत है कि यदि हम अभी से नहीं चेते तो आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह होने जा रही है। उन्होंने कहा कि तेजी से बिगड़ रहे पर्यावरण को बचाने के लिए पौधरोपण एकमात्र उपाय है। उन्होंने कहा कि हमे हर महत्वपूर्ण अवसर पर एक पौधा लगाने तथा उसकी देखभाल की आदत डालनी चाहिए। वही दूसरी ओर अभियान का संयुक्त रूप से संचालन कर रहें युवा समाजसेवी अमित सिंह एवं परवेज आलम का कहना है कि पेड़-पौधा प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष दोनों रूप से उपयोगी है। इसलिए पर्यावरण के संतुलन और स्वस्थ्य जीवन के लिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में मोहम्मद सैफ, गोलू कुमार, अब्दुल्लाह, अहमदुलाह, खुशी प्रवीण, प्रिंस यादव के अलावे कई अन्य युवा मौजूद थे।

### जिले में पौधरोपण कार्यक्रम एक नजर में...



डुमरांव के बंधवा पटवा रोड के समीप पौधरोपण करते युवा।



डुमरांव में पौधरोपण करते एनवाईके के सदस्य।



गोकुल जलाशय के समीप बच्चों को जानकारी देते नमामी गंगे के डीपीओ।

## पेड़-पौधे अनमोल उपहार हैं, इसलिए इनका संरक्षण करना हमारा दायित्व: प्रो शिवेंद्र

- विश्व पर्यावरण दिवस पर पृथ्वी को हरा-भरा करने के उद्देश्य से एसएम कॉलेज में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

केटी न्यूज/डुमरांव

स्थानीय सुमित्रा महिला कॉलेज परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अनेकों पौधों का रोपण किया गया। इस क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कॉलेज की प्राचार्या डॉ शोभा सिंह ने पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा करने तथा अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करने को लेकर प्रेरित किया। इसके साथ उन्होंने खुद भी और अन्य दूसरे लोगों को भी पेड़ो की कटाई न करने देने तथा पर्यावरण हित में अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए शपथ भी दिलाया। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर शंभूनाथ शिवेंद्र ने कहा कि प्रकृति ने हमे जीवन निर्वहन के लिए अनेक सुंदर उपहार दिए हैं। उनमें से पेड़-पौधे अनमोल उपहार है इसलिए इसका संरक्षण करना हम सभी का उत्तरदायित्व बनता है। उन्होंने कहा कि हमारी पृथ्वी दिन-प्रतिदिन गर्म होती जा रही है। इससे बचने का एक ही उपाय है अधिक से अधिक पौधारोपण करना। वहीं प्रोफेसर डॉ सुभाष चंद्रशेखर ने कहा कि पेड़-पौधे प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष दोनों रूप से हमारे लिए बहुत ही उपयोगी है। इसलिए पर्यावरण के संतुलन और स्वस्थ जीवन के लिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी है। इस दौरान कॉलेज की छात्राओं ने भी अपने घरों के आसपास पौधरोपण करने की शपथ ली। साथ ही, यह आश्वासन भी दिया कि वे अपने द्वारा लगाए पौधों की देखभाल करेंगी। ताकि, वे पेड़ बनकर प्राकृतिक आपदाओं से हमसब को बचा सकें। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की वालेंटियर्स चंचल कुमारी, तमन्ना कुमारी, रानी, ज्योति, प्रियांशी सहित अन्य मौजूद रही।



कुमार आर्थोपेडिक क्लिनिक
डा० अजित किशोर
M.B.B.S (N.M.C.H. Patna) M.D. (P.M.C.H. Patna)
Consultant Physician, Medical Officer (Bihar Govt.)
छाती, पेट एवं शुगर रोग विशेषज्ञ

### डुमरांव अनुमंडल कोर्ट में न्यायधीशों ने किया पौधरोपण, सब जज द्वितीय ने कहा -

# आप पौधे लगाएं और दूसरों को करें प्रेरित

- जजों ने पौधा लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का दिया संदेश

केटी न्यूज/डुमरांव

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अनुमंडल व्यवहार न्यायालय में पौधा रोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर सब जज द्वितीय कमलेश सिंह देउ व सब जज तृतीय प्रीति आनंद ने अधिवक्ताओं व स्टाफों के साथ कोर्ट परिसर में पौधरोपण अभियान चलाया। इस दौरान कोर्ट परिसर व उसके आसपास लगभग तीन दर्जन पौधे लगाए गए।

इस मौके पर सब जज द्वितीय ने कहा कि यदि हमें धरती पर रहने वाले प्राणियों की जिंदगी बचानी है तो इसके लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी हो गया है। पौधा रोपण अभियान में मौजूद अधिवक्ताओं व स्टाफों से कहा कि आप पौधा तो लगाए ही, दूसरे को भी ऐसा करने के लिए उत्प्रेरित करें।



वहीं मौके पर मौजूद सब जज तृतीय प्रीति आनंद ने कहा कि पेड़ कटने से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता है, जिसका प्रभाव मानव जीवन पर तो पड़ता ही है, धरती पर रहने वाले जीव-जंतुओं पर भी पड़ता है। सभी से उन्होंने कहा कि अपने जीवन में आप पेड़ लगाने का संकल्प लें। मौके पर अधिवक्तसा संघ के महासचिव पृथ्वी नाथ शर्मा ने कहा कि हम सभी अधिवक्ता भी संकल्प लेते हैं कि अपने जीवन काल में पेड़ लगाते हुए अन्य को लगाने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें न केवल पौधरोपण करना है, बल्कि उसे बढ़ने में उसकी मदद करनी है। पौधों की देखरेख करने से ही वह प्रतिकुल मौसम के अनुसार बड़े होंगे और प्रकृति को बचाने में हमारी मदद करेंगे। मौके पर अधिवक्तसा संघ के उपाध्यक्ष शशिकांत राम, बाल अरूण, रणजीत कुमार श्रीवास्तव, विष्णु शंकर श्रीवास्तव, धनीक सिंह, अरविंद ठाकुर, उमेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

### गर्मी से बचना है तो पौधरोपण जरूरी

सब जज द्वितीय कमलेश सिंह देउ ने कहा कि गर्मी बढ़ती जा रही है। इस बार जिले का पारा 47 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर पहुंच जा रहा है। आलम यह है कि न धूप बर्दाशत हो रही है और न ही गर्म हवा के थपेड़े। हर किसी को बदन झुलसाने वाली भीषण गर्मी से बचने के लिए गमछे का प्रयोग करना पड़ रहा है। जेठ की दोपहरी में लोग बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं। लिहाजा, दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। हालत यह है कि तपिश व ऊमस से बेहाल लोग दोपहर को घरों, दफ्तरों व दुकानों में ही रहने को मजबूर हो रहे हैं। बहुत जरूरी काम होने पर ही लोग बाहर निकलते हैं। हालांकि इस भीषण गर्मी में पेड़ों की छांव तले शीतलता महसूस होती है। राह चलते लोगों को जहां भी पेड़ मिलते हैं, आराम फरमाने लगते हैं। यानी पेड़ हमें मौसम की मार से बचाता है। ऐसे में यह जरूरी है कि हर व्यक्ति को पौधारोपण पर ध्यान देना चाहिए।

CAMBRIDGE SCHOOL DUMRAON
HARNAHI ROAD, DUMRAON, BUXAR- 802119
Affiliated to C.B.S.E., Delhi, Up to (10+2)- Aff. No. 330723
A CO-EDUCATIONAL SCHOOL FROM NURSERY TO STD. XII
ADMISSION NOTICE FOR STD. XI (SCIENCE & COMMERCE STREAMS)

REGISTRATION & ADMISSION STARTED

ELIGIBILITY CRITERIA
- DIRECT ADMISSION with INTERVIEW FOR CLASS X (2024) PASS OUT STUDENTS OF CAMBRIDGE GROUP OF SCHOOLS with 80% MARKS for PCM, 70% for PCB and 60% for COMMERCE STREAM.
- ADMISSION TEST & INTERVIEW WILL BE CONDUCTED FOR THE STUDENTS OF OTHER SCHOOLS.

SCHOLARSHIP SCHEME
- CANDIDATES WITH 95% & ABOVE WILL BE GIVEN FULL FREESHIP (100% REBATE IN ADMISSION FEE AND MONTHLY TUITION FEE) FOR BOTH CLASSES XI & XII.
- CANDIDATES WITH 90% & ABOVE WILL BE GIVEN HALF FREESHIP (50% REBATE IN ADMISSION FEE AND MONTHLY TUITION FEE) FOR BOTH CLASSES XI & XII.

CHAIRMAN - MR. T.N. CHOUBEY

TOPPERS IN AISSCE (Std. XII)
1st SHAKSHI KUMARI 94.80%
2nd ANKIT KUMAR 92.60%
3rd SANJANA KUMARI 92.00%
SUBJECTWISE HIGHEST MARKS
• English Core - 97 • Mathematics - 95 • Accountancy - 95
• Hindi Elective- 95 • Biology - 96 • Business Studies- 93
• Physics - 95 • Chemistry - 95 • Economics - 94

TOPPERS IN AISSE (Std. X)
1st ARADHYA GUPTA 96.80%
2nd RUKHSAR NAAZ 95.00%
3rd SANANDAN DUBEY 94.80%
SUBJECTWISE HIGHEST MARKS
• English - 94 • Hindi - 95 • Science - 96
• Sanskrit - 100 • Mathematics - 100 • Social Science - 100

INFORMATION
REGISTRATION FORMS are AVAILABLE and can be OBTAINED from the ADMISSION CELL at CAMBRIDGE SCHOOL DUMRAON, (Junior Wing, Dr. Jagnarayan Hospital Campus) on all working days from 08 AM to 2 PM.

8210918840, 7319972175, 6396686958
www.cambridgeschooldumraon.in
www.facebook.com/CAMBRIDGEDUMRAON

LIMITED SEATS Hurry Up

# वीर कुंवर सिंह कॉलेज में पहली बार होगी एमए कला संकाय की परीक्षा, दो पालियों में होगा संचालन

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**

पहली बार अनुमंडल क्षेत्र के वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय, धारूपुर में गुरुवार को एमए कला संकाय की परीक्षा होगी प्रारंभ। ज्ञात हो कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा द्वारा संचालित सत्र 2022-24 समेस्टर-2 एम.ए कला संकाय परीक्षा अंतर्गत वीर कुंवर सिंह परीक्षा केंद्र पर अंजबित सिंह महाविद्यालय के इतिहास विषय के 114 व अर्थशास्त्र विषय के 46 सहित सभी 160 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जो संचालित परीक्षा दूसरी पाली में निर्धारित समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगी। वही बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में पहली बार पीजी तहत एम.ए की परीक्षा वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर केंद्र पर में संचालित हो रही है। जिसकी सूचना मिलते ही छात्रों में भी खुशी व्यापत है। दूसरी तरफ आयोजित परीक्षा को लेकर वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर केंद्राधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कदाचारमुक्त स्नातकोत्तर संचालित परीक्षा में 6 से 12 जून तक परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जो गुरुवार से प्रारंभ होने वाली परीक्षा के पहले दिन से ही परीक्षा केंद्र में मुन्ना भाई, मोबाईल, ब्लूटूथ ,पाठ्य पुस्तक, इलेक्ट्रानिक उपकरण सहित अन्य चिट पुर्जे के विरुद्ध परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार से लेकर सभी परीक्षा केंद्र रूम के अंदर सघन जांच कर नकलची पर पैनी नजर महाविद्यालय प्रशासन द्वारा रखी जायेगी। जो अभियान परीक्षा के अंतिम दिन तक जारी रहेगी। मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा के दौरान उड़न दस्ता भी आकर चेकिंग करेंगा। ताकि कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजित हो सके। महाविद्यालय की ओर से इसके लिए व्यापक तैयारी रखी गई है। ताकि किसी तरह की परेशानी उत्पन्न नहीं हो सके।



## नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर आकांक्षा ने नाम रोशन

**काराकाट।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने नीट यूजी 2024 के परिणाम जारी कर दिया है। गोड़ारी के पिता महेंद्र तिवारी पुत्री कुमारी आकांक्षा 720 में 673 अंक प्राप्त कर नीट में सफलता प्राप्त की है। आकांक्षा के पिता एससीएल सिंगरौली में काम करते हैं। आकांक्षा मैट्रिक व आइएससी तक की पढ़ाई सिंगरौली से की है। आकांक्षा ने तीसरे प्रयास में नीट परीक्षा पास करके गोड़ारी का नाम रोशन किया। अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत और माता-पिता को देते हुए कहा इनके अथक प्रयासों से स्वास्थ्य सेवा में जाने का मौका मिला। माता-पिता उसे प्रोत्साहित करते रहते थे। उसके बड़े पापा उसके सफलता का श्रेय उसकी लगन मेहनत और परिवार से मिले अच्छे संस्कार को देते है।घर के नई पीढ़ी में कैप्टन हरिओम, श्रीओम मैनेजर एल एंड टी, स्वाति बैंक मैनेजर, कुमारी श्रीजा इंजीनियर, कुमार सत्यम इंजीनियर, कुमार हर्ष इंजीनियर के पद को सुशोभित कर रहे हैं। आकांक्षा पूर्व सांसद प्रतिनिधि बीरेंद्र तिवारी के छोटे भाई महेंद्र तिवारी की पुत्री है। उसके सफलता से बधाईयों का तांता लगा हुआ है। बधाई देनेवालों में पूर्व विधायक राजेश्वर राज, विजय तिवारी, जगदीश तिवारी,मनमोहन तिवारी ,नारायण तिवारी, मुन्ना भारती, रवीश कुमार शामिल है।



### कोईलवर थाना क्षेत्र के सकड्डी और कुल्हड़िया गांव के बीच मिला शव

# आरा के मॉल बम कांड के आरोपी कुख्यात मिथिलेश पासवान को गोलियों से भूना

- दोस्त की बहन से प्रेम प्रसंग में घर पर बुलाने के बाद हत्या किये जाने की चल रही चर्चा
- आरा एक हिस्ट्रीशीटर की बहन सहित सात के खिलाफ प्राथमिकी, छानबीन और धरपकड़ में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**



भोजपुर में मंगलवार की रात जिले के कुख्यात अपराध कर्मी मिथिलेश पासवान की गोली मार हत्या कर दी गई। उसे काफी नजदीक से करीब दस गोलियां मारी गयी है। उसका शव रात करीब ग्यारह बजे कोईलवर थाना क्षेत्र के सकड्डी और कुल्हड़िया गांव के बीच सड़क किनारे फेंका हुआ था। 28 वर्षीय मिथिलेश पासवान कोईलवर थाना क्षेत्र के धनडीहा (कुबेरचक) गांव निवासी सुरेश पासवान का पुत्र था। पुलिस के अनुसार वह आरा के मॉल बम कांड के अलावा हत्या, रंगदारी और आर्म्स एक्ट सहित दर्जन भर मामलों में भी आरोपित था। फिलहाल वह गीधा थाने के लिए सीएसपी लूट कांड में छह माह से फरार चल रहा था। करीब तीन साल पूर्व अरवल के हत्या और आर्म्स एक्ट के मामले में भी वह जेल जा चुका था। मिथिलेश पासवान कुख्यात लंबू शर्मा का शागिर्द भी बताया जा रहा था। इधर, पुलिस की शुरुआती जांच में दोस्त की बहन के साथ प्रेम संबंध में आरा बुला कर हत्या करने और शव को सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाइवे किनारे फेंके जाने की बात सामने आ रही है। इस मामले में शहर के आनंद नगर मोहल्ले में रहने वाले रोहतास निवासी कुख्यात की बहन सहित सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें आरा के धरहरा इलाके के रहने वाले कुछ अपराधियों को नामजद किया गया है। हत्या की सूचना मिलने पर सदर एसडीपीओ टू रंजीत कुमार सिंह और कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र पुलिस बल के साथ पहुंचे। वहीं सदर अस्पताल पहुंचे अफसरों ने मृतक के परिजनों से घटना की जानकारी ली। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

**मिथिलेश का रहा है अपराधिक इतिहास**

एसडीपीओ रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि मृतक मिथिलेश पासवान का भी आपराधिक इतिहास रहा है। हत्या के कारणों की छानबीन की जा रही है। इस मामले में परिजनों की ओर से सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। प्राथमिकी और अबतक की जांच के अनुसार जेल में बंद आरा के आनंद नगर में रहने वाले एक हिस्ट्रीशीटर की बहन के साथ प्रेम संबंध के कारण घर बुलाकर उसकी हत्या किए जाने की बात सामने आ रही है। घटनास्थल की जांच करने के बाद लग रहा है कि दूसरी जगह हत्या करने के बाद शव को सड़क किनारे फेंका गया है। आरोपितों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**लड़की के चक्कर में मारा गया मिथिलेश**

इस बात की चर्चा है कि कारनामों से लोगों में खौफ पैदा करने वाले कुख्यात धनडीहा निवासी मिथिलेश पासवान लड़की के चक्कर में मारा गया। अपराधी बिरादरी के ही एक कुख्यात दोस्त छोटू की बहन से प्रेम करने के कारण उसकी हत्या कर दी गई। प्रेमिका के दूसरे आशिकों द्वारा उसे गोलियों से भूनने की बात कही जा रही है। पुलिस की शुरुआती जांच में भी यह बात सामने आयी है। पुलिस के अनुसार मिथिलेश पासवान का कुख्यात की बहन से लव अफेयर चल रहा था। धरहरा इलाके के अपराधी प्रवृत्ति के कुछ लड़कों का भी छोटू के बहन के संबंध था। मिथिलेश पासवान का छोटू की बहन के साथ नजदीकी उन लड़कों को नागवार गुजर रही थी। उसे लेकर उन लड़कों द्वारा मिथिलेश पासवान को पूर्व में छोटू की बहन से दूर रहने की हिदायत भी दी गई थी। विवाद में उन लड़कों द्वारा छोटू की बहन के जरिए मिथिलेश को मिलने के लिए आया बुलाया गया। उसके बाद उसे गोलियों से भुन दिया गया और शव को उसके गांव से कुछ दूर पहले सकड्डी और कुल्हाड़िया गांव के बीच फेंक दिया। इधर, मिथिलेश पासवान के परिजनों का कहना है कि वह आरा के आनंद नगर मोहल्ले में रहने वाले अपने दोस्त के घर किसी काम से गया था। देर रात वह बाइक से गांव लौट रहा था। उसी दौरान उसे गोलियों से भून डाला गया।

## बैंक द्वारा प्रधानमंत्री योजना तहत प्रदान की गई दो लाख रुपये

**काराकाट।** दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक शाखा कुरूर काराकाट की ओर से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत लाभुक को दो लाख रुपये की राशि बैंक प्रबंधक सत्येंद्र कुमार, बैंक अधिकारी प्रेम रंजन, अशोक कुमार द्वारा दी गई ।इस वर्ष का यह पहला मामला है जब किसी लाभार्थी के डेढ़ महीने के अंदर लाभ प्रदान की गई ।प्रबंधक सत्येंद्र कुमार ने बताया कि थाना काराकाट के कुरूर ग्राम के इंदु देवी की मृत्यु 9 जनवरी 2024 को एक्सीडेंट में हो गई थी । जिन्हें बैंक की ओर दो लाख रुपये की राशि दी गई । प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मात्र 436 का बीमा कराया गया था। खातेदारी मृतक के पति ने क्लेम की गई थी जो एक महीने के अंदर सारी प्रक्रिया पूर्ण कर मृतक के पति नंद शाह को बीमा योजना की राशि प्रदान की गई । राशि मिलने के बाद नंद जी शाह के चेहरे पर मुस्कान आ गई और बैंक कर्मचारियों को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। इस विकट परिस्थिति में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा ज्योति योजना के तहत जो राशि दी गई वह काबिले तारीफ है। साथ ही साथ नंदजी शाह ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी धन्यवाद दिया और कहा कि इस तरह के जनकल्याण योजना का ही प्रतिफल है कि आज हम गरीबों को मात्र 436 रुपया जमा करने के बाद हमें दो लाख रुपये की राशि दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक शाखा कुरूर की ओर जीवन ज्योति योजना के तहत मुहैया कराई गई। प्रबंधक सत्येंद्र कुमार ने बताया कि बैंक की ओर से यह लगातार प्रयास किया जाता है कि जो भी पीड़ित है उन्हें हर प्रकार से सुविधा प्रदान करते हुए सहायता दी जाए। ताकि उनका आर्थिक विकास हो सके।

## एक नजर

### दिनारा में पहले दिन लगे 30 स्मार्ट प्रीपेड मीटर

**दिनारा।** साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड पटना के आदेशानुसार विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, बिक्रमगंज के ग्रामीण क्षेत्रों मे बड़े पैमाने पर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य जारी है। कनीय विद्युत अभियंता दिनारा बिकाश कुमार के द्वारा बताया गया की विद्युत आपूर्ति प्रशाखा दिनारा अंतर्गत स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य प्रारम्भ हो चूका है तथा पहले दिन 30 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए हैं। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी रोकने के लिए विभाग ने एक अभियान के तहत घर-घर अब स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्मार्ट मीटर लगने से विभाग समेत उपभोक्ताओं को भी काफी फायदे होंगे। स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ता को त्रुटिपूर्ण बिजली बिल के झंझट से छुटकारा मिल जाएगा। बताते चलें की उपभोक्ता मोबाइल की तरह रिचार्ज होने वाले इन मीटरों में जितने का रिचार्ज करेंगे उतनी ही बिजली खर्च कर पाएंगे। स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगने के बाद कम से कम पांच रुपये का रिचार्ज कराना होगा। इसे उपभोक्ता कितने दिनों में खर्च करते हैं, यह उनपर निर्भर करेगा। बता दें की उपभोक्ताओं द्वारा स्मार्ट मीटर रिचार्ज नहीं करने पर वे दो दिनों तक बिजली का उपभोग कर सकते हैं। इसके बाद भी रिचार्ज नहीं करने पर तीसरे दिन केवल कार्य दिवस को सुबह के 10 बजे से दिन के 1 बजे के बीच ही बिजली स्वतः कट जाती है। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित छुट्टी एवं रविवार के दिन बिजली नहीं काटी जाती है तथा रात में भी कंपनी द्वारा बिजली नहीं काटी जाती है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर एवं नॉर्मल मीटर का टैरिफ एक समान है। प्रीपेड मीटर उपभोक्ता को रिचार्ज करने पर 3 प्रतिशत की अतिरिक छूट का प्रावधान है। जेई दिनारा एवं एसडीओ बिक्रमगंज ने सभी उपभोक्ताओं से स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने मे सहयोग करने की अपील की है।

### सड़क हादसे में जख्मी युवक की दो दिन बाद मौत

**आरा।** सहार थाना क्षेत्र के पेरहाप गांव के समीप सोमवार की शाम सड़क हादसे में जख्मी बाइक सवार युवक की मौत हो गई। इलाज के दौरान पटना के एक निजी अस्पताल में बुधवार को उसने दम तोड़ दिया। मृत युवक चरपोखरी थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी बिहारी सिंह का 27 वर्षीय पुत्र पप्पू सिंह था। बताया जा रहा है कि पप्पू सिंह पत्नी से मिलने के लिए सोमवार को बाइक से ससुराल मथुरापुर गया था। पत्नी से मिलने के बाद गांव लौट रहा था। उसी दौरान पेरहाप गांव के वह हादसे का शिकार हो गया। उसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा ही इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंच उसे इलाज के लिए सहार स्थित अस्पताल ले गये। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया। तब परिजन उसे अरवल ले गए। वहां इलाज के बाद परिजन उसे पटना स्थित निजी अस्पताल ले गए। वहां इलाज के दौरान बुधवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। तब परिजन शव उसके ससुराल मथुरापुर गांव ले आए। सूचना मिलने पर सहार पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।बताया जा रहा है कि पप्पू सिंह अपने दो भाई व एक बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में पत्नी सुनीता देवी, पुत्री प्रभा,प्रिया, पुत्र सत्यम और बजरंगी है। घटना के बाद उसके घर में हाहाकार मच गया है। पत्नी सुनीता देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पृथ्वी हमारी है, इसका संरक्षण सबकी जिम्मेदारी है: जिला जज

- ग्रीन हाउस गैसों का प्रभाव कम करने के लिए पेड़ लगाने की जरूरत

**केटी न्यूज/आरा**

अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर ब्रजेश कुमार जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार जहानाबाद ने अपने आवासीय परिसर में वृक्षारोपण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पृथ्वी हमारी है इसका संरक्षण सबकी जिम्मेदारी है। पर्यावरण को बचाने में वृक्षों का महत्वपूर्ण योगदान है हम लोगों ने बड़े पैमान पर वृक्षों की कटाई की है जिसके कारण आज पर्यावरण पर इसका प्रतिकूल असर पड़ा है पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग से लोग परेशान हैं अत्यधिक तापमान में साल दर साल बढ़ोतरी होती जा रही है, ग्लेशियर भी पिघल रहे हैं, और समुद्र का जलस्तर भी बढ़ता चला जा रहा है, आने वाले कुछ वर्षों में भी इससे ज्यादा अत्यधिक तापमान होने का संकेत पर्यावरण विद ने दिया है, प्रकृति ने भी समय से पहले अपना संकेत देना प्रारंभ कर दिया है, इसका सतत प्रयास सामूहिक रूप से करते हुए अत्यधिक वृक्षारोपण करना होगा। ताकि भीषण और प्रचंड तापमान से बचाव हो सके मानवीय कृतियों के कारण ही जीव जगत पर खतरा मंडरा रहा है,पॉलिथीन पर्यावरण चक्र को बिगाड़ रहा है। ग्रीन हाउस गैसों का प्रभाव कम करने के लिए बड़ी संख्या में पेड़ लगाने की जरूरत है। पेड़ यदि लगा तो हम बच्चों का उनका भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं इसलिए पेड़ लगाना अब अति आवश्यक हो गया है।

## दहेज के लिए मारपीट करने के बाद तकिया से मुंह दबाकर विवाहिता की हत्या, केस दर्ज

- पीरो थाना क्षेत्र के स्थानीय पीरो गांव की घटना, ग्रामीणों ने फोन पर दी सूचना
- पति और सास सहित ससुराल के अन्य सदस्यों पर हत्या करने का आरोप

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के पीरो थाना क्षेत्र के स्थानीय पीरो गांव में बुधवार की सुबह एक विवाहिता की हत्या कर दी गई। दहेज में पैसे, पलंग और सोफा के लिए मारपीट करने के बाद तकिया से मुंह दबाकर हत्या करने की बात कहीं जा रही है। मृतका पीरो गांव निवासी महात्मा पासवान की 24 वर्षीया पत्नी पूजा कुमारी थी। मायके वालों की ओर से उसके पति और सास सहित ससुराल के अन्य सदस्यों पर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव सुरेंद्र पासवान ने बताया कि उनकी बेटी पूजा कुमारी की शादी 19 नवंबर 2021 में बिहिया मंदिर में पीरो गांव निवासी ललन राम उर्फ बबन के पुत्र महात्मा पासवान से की थी। शादी के बाद जब उसकी बेटी को



बच्ची होने वाली थी। तो उसके पति द्वारा कहा जाने लगा कि उसके पास इलाज के लिए इतने पैसे नहीं है। इलाज कराना है, तो मायके वालों से मांग कर आओ। उसके बाद उसकी सास और ससुराल वालों द्वारा दहेज में पलंग व सोने की चेन की मांग की जाने लगी। मंगलवार की रात उसके पति द्वारा लात-घुसों से जमकर पिटाई की गई थी। तब उनकी बेटी पूजा कुमारी ने फोन कर घटना की जानकारी दे रही थी। इसी बीच बुधवार की सुबह स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिली कि उनकी बेटी की मौत हो गई है। तब वह परिजनों के साथ बेटी के ससुराल पीरो गांव पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सुरेंद्र पासवान ने पूजा के पति महात्मा पासवान और सास राधिका देवी सहित ससुराल के अन्य लोगों पर केस दर्ज कराया है।

### तय समय पर सफाई कर्मियों ने दिहाड़ी नहीं मिलने पर किया हड़ताल

# काराकाट नगर पंचायत में सफाई के नाम पर मची है लूट

**केटी न्यूज/काराकाट**

काराकाट नगर पंचायत में सफाई कर्मी वेतन सही समय व मिलने से परेशान होकर अनिश्चित कालीन हड़ताल कर दिया हैं। सफाई कर्मियों के हड़ताल पर जाने से नगर पंचायत में सफाई कार्य बाधित हो गया है। अनिश्चित कालीन हड़ताल पर गए सफाई कर्मी अपने कुछ मांगों को लेकर हाथों में झाड़ू लेकर गोडारी बाजार के सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि उनको प्रति महीने वेतन नहीं मिलता है, दो चार महीने पर जब उनके द्वारा हड़ताल किया जाता है फिर एनजीओ उन्हें वेतन देती हैं। वही प्रति महीने वेतन 7,800 रुपये से बढ़ाकर 15000 रुपये किया जाए और कर्मचारी प्रोविडेंट फंड और कर्मचारी राज्य बीमा भी लागू किया जाए। नगर पंचायत के सफाई कर्मियों ने बताया कि चार महीने पहले भी इन सभी मांग को लेकर चेयर मैन, उपचेयर मैन और नगर पंचायत के



अधिकारी व एनजीओ से बात की थी। बातचीत के बाद आश्वासन मिला की मांगों को जल्द लागू किया जाएगा। लेकिन अब तक ऐसा नहीं हुआ है। इस लिए मजबूरन हम सभी सफाई कर्मी सड़कों पर उतर अनिश्चित कालीन हड़ताल कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। सफाई कर्मियों ने बताया कि वे तीन वर्ष से नगर के सफाई कार्य में लगे हैं, लेकिन आज तक उनका कर्मचारी प्रोविडेंट फंड नही जामा किया जाता। आगे उन्होंने कहा कि समान काम का समान वेतन मिलना चाहिए और आउटसोर्सिंग सफाई कर्मी को दैनिक सफाई कर्मी का दर्जा मिलना चाहिए। जब तक ये सारी मांगें पूरी नहीं की जातीं, सफाई कर्मी हड़ताल पर ही रहेंगे। हड़ताल कर रहें सफाई कर्मी फुदेना डोम, टमाटर डोम, राजू डोम,राजेंद्र डोम, भुताली डोम , सुरेंद्र डोम, मुन्ना डोम , मंतोष डोम, दिलीप डोम , निरमोही, जितेन्द्र, अजीत, उपेन्द्र डोम, राजिन्द्र, विंध्याचल, गुड्डु, मंजीत, राजेश, टमाटर, झाबर डोम, साहब डोम, गुड्डु डोम, जियुत , विक्की डोम, पंकज, लालबाबू डोम, अक्षय लाल डोम, सोनेलाल, पुर्नवासी, गीता डोम, लीलावती, शारदा, विरछा देवी, कमली कुंवर, पूनम देवी ने कहा कि नगर के पूर्व नगर आयुक्त ने सफाई कर्मियों की मांगों को पूरा करने का आश्वासन भी दिया था। लेकिन अब नगर आयुक्त बदल चुके है, जो प्रभार में है उन्हे सफाई कर्मियों कि परेशानी को देखना चाहिए । अगर प्रभारी नगर आयुक्त उनकी मांगों को पूरा नहीं करते हैं तो सफाई कर्मी यूं ही हड़ताल पर रहेंगे और ऐसे में महामारी फैलती है, तो उसके जिम्मेदार नगर आयुक्त और चेयरमैन ही होंगे। वही प्रदर्शन कर रही महिला सफाई कर्मियों ने एनजीओ पर आरोप लगाते हुए कहा कि वेतन कि मांग किया गया तो हम सभी महिला सफाई कर्मी को नौकरी से हटा दिया गया। महिला कर्मियों ने कहा कि महिलाओं की आवाज को एनजीओ द्वारा दबाया जा रहा है। एक तो वेतन इतना कम है कि परिवार का भरण-पोषण और बच्चों की पढ़ाई लिखाई में बहुत दिक्कतें आती हैं।




## बड़ा सवाल... टिकट बंटवारे में मनमानी व कार्यकताओं में असंतोष कहीं बीजेपी के हार का कारण तो नहीं..?

# पूरे पूर्वांचल में डूबी भाजपा की लुटिया, जनता ने सिरे से नकारा

- टिकट बंटवारे में मनमानी व कार्यकताओं में असंतोष बीजेपी के हार का कारण तो नहीं..?
- गाजीपुरवासियों को सपा और अफजल पसंद

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

लोकसभा चुनाव- 2024 का मतदान और मतगणना दोनों समाप्त हो चुकी है। उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला भी हो गया है। लेकिन प्रमुख दलों की नींद हराम है। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेता पूर्वांचल में अपनी खोई जमीन को लेकर चिंतित हैं। अपने हार व जीत को लेकर समीक्षा चल रही है। सबसे खास बात यह है कि पूरे पूर्वांचल में भाजपा की लुटिया डूब गई। इसकी मूल वजह क्या है ? ऐसा क्यों हुआ ? जनता ने भारतीय जनता पार्टी को क्यों नकारा ? यह सारे सवाल भाजपा के दिग्गज नेताओं एवं समर्पित कार्यकताओं के अंदर कौंध रहा है। सभी अपनी पराजय को लेकर चिंतन -मंथन में जुटे हुए हैं ?

राजनीति के जानकारों की मानें तो भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व लोकसभा चुनाव -2024 के टिकट बंटवारे में काफी मनमानी किया है। यह पार्टी के जिला कार्यकारिणी, पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को पसंद नहीं था। ऐसे में स्थानीय नेता एवं कार्यकर्ता असंतुष्ट थे। पार्टी में अंदर खाने विरोध एवं भीतरघात भी जारी था। इसे दुरुस्त करने का काम समय रहते शीर्ष नेताओं द्वारा नहीं किया गया।

बात गाजीपुर जनपद की करें या बलिया की दोनों जगह भाजपा उम्मीदवार को लेकर पार्टी के अंदर काफी नाराजगी थी। लेकिन पार्टी के हुक्मरानों द्वारा उम्मीदवारों की घोषणा कर कार्यकताओं पर जबरदस्ती थोपा गया। गाजीपुर में उम्मीदवार की घोषणा के साथ है भाजपाई भड़क गए थे। क्योंकि पारसनाथ राय जैसे उम्मीदवार की किसी ने कल्पना तक नहीं की थी। उम्मीदवार की घोषणा के तत्काल बाद व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि पर विरोध की झाड़ियां लग गई थी। भाजपा कार्यकताओं का कहना था कि पारसनाथ राय का जनपद में जमीन से कोई जुड़ाव नहीं है। वह तो भाजपा के कार्यकताओं को पहचानते तक भी नहीं हैं। उनका पार्टी एवं लोगों से कभी जुड़ाव नहीं रहा। बावजूद इसके पार्टी ने प्रत्याशी नहीं बदला और इसका खामियाजा पार्टी को हार के रूप में भुगतना पड़ा।

ठीक इसी प्रकार बलिया लोकसभा क्षेत्र में भी पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र एवं राज्यसभा सांसद नीरज शेखर को उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतार दिया गया। यहां भी भाजपा कार्यकताओं के बीच इस बात की चर्चा थी कि वर्तमान सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त का टिकट काटने के बाद राज्यसभा सांसद को भाजपा द्वारा उम्मीदवार बनाने की क्या जरूरत थी ?

बलिया की जनता जातीय समीकरण के आधार पर इस बार इस संसदीय क्षेत्र से भूमिहार या ब्राह्मण उम्मीदवार की तलाश में थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जबकि भाजपा के ब्राह्मण एवं भूमिहार नेता टिकटार्थी की लाइन में थे, लेकिन पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने यहां भी मनमाना किया और कार्यकताओं की एक न सुनी। उसका खामियाजा भी सामने है। यह तो बानगी मात्र है। यही हाल पूर्वांचल के ज्यादातर सीटों पर देखने को मिल रही है, जिसके कारण भारतीय जनता पार्टी ने अपनी राजनीतिक जमीन खो दी है। जानकार कहते हैं कि अब पार्टी के दिग्गज नेता केवल अपनी करनी का रोना रो सकते हैं। मिले परिणाम को नहीं बदल सकते। उन्हें अब कुछ करने के लिए पांच साल का इंतजार करना पड़ेगा।



## स्वतंत्रता के बाद पहली बार बलिया संसदीय क्षेत्र से ब्राह्मण उम्मीदवार जीता

- ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ ने अबीर-गुलाल उड़ा खुशी का किया इजहार

**केटी न्यूज / बलिया**

ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ के संरक्षक इंडिया गठबंधन के लोकसभा बलिया-72 के उम्मीदवार सनातन पांडेय की जीत पर जनपद में हर्ष व्याप्त है। यह 72 लोकसभा में आजादी के बाद पहली बार ब्राह्मण उम्मीदवार की जीत है।

ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी सहित पूरे बलिया के मतदाताओं ने सनातन पांडेय की जीत पर खुशी का इजहार किया है। संगठन के प्रदेश महासचिव राजेश मिश्रा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने फूल एवं अबीर उड़ाकर खुशी का इजहार किया एवं जगह-जगह मिष्ठान वितरण किया गया। इस दौरान जय परशुराम का उद्घोष लगाते हुए खुशी का इजहार किया। कहा कि यह जीत बलिया की जनता की जीत है। 1857 व 1942 के बाद आज 2024 में जनता ने जो इतिहास कायम किया है ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ हमेशा आभारी रहेगा और हमेशा जनता के कदम से कदम मिलाकर चलने का काम करेगा। इस मौके पर दयाशंकर तिवारी, ओम प्रकाश पाण्डेय, करुणेश पाण्डेय, जितेंद्र तिवारी, रामजी चौबे, मुकेश तिवारी, सुधीर तिवारी, राघवेंद्र तिवारी, राकेश तिवारी, समीर मिश्र, विष्णु कुमार मिश्रा, सुधीर चौबे, अभिराम त्रिपाठी, मोहन त्रिपाठी, दिनेश त्रिपाठी आदि रहे।



## भाजपा को अपने ही गढ़ में मिली करारी हार, अपना बूथ भी नहीं बचा सके बीजेपी उम्मीदवार

- त्रिमूर्ति बने सपा के खेवनहार, भाजपा की रणनीति का दिया करारा जवाब

**केटी न्यूज / गाजीपुर**

जखनियां विधानसभा- 373 दलित बाहुल्य विधानसभा होने के साथ-साथ यादव, राजभर, कुशवाहा, मुस्लिम सहित अन्य बिरादरी से हरा-भरा है। खास बात यह है कि बीजेपी प्रत्याशी पारसनाथ राय का घर इसी विधानसभा के सिखड़ी गांव में है। उनके इस विधानसभा के होने से लोगों में चर्चा थी कि अपने विधानसभा में उनको अच्छा वोट व लोगों की सहानुभूति मिलेगी। अपने विधानसभा से वह अधिक मतों से लीड करेंगे। लेकिन मतदाताओं ने सीधे उलटा कर दिया। बीजेपी प्रत्याशी अपना बूथ, गांव, ब्लॉक विधानसभा भी नहीं बचा पाए। बीजेपी को अपने ही घर एवं गढ़ में करारी हार मिली। बता दें कि जखनियां विधानसभा से सपा उम्मीदवार अफजाल अंसारी को 26, 348 मतों की लीड देकर जनता ने सांसद चुन दिया है। इतना ही नहीं विधानसभा क्षेत्र का सबसे बड़ा गांव अलीपुर मदरा बीजेपी का गढ़ माना जा रहा था, जहां से पूरा संगठन और बीजेपी प्रत्याशी का चुनावी संचालन हो रहा था। इसके बावजूद लोकसभा 75 में बीजेपी का सिक्का नहीं चल पाया। इस गांव में भी सपा उम्मीदवार अफजाल अंसारी के लिए मिल के पत्थर साबित हुए पूर्व विधायक व विधानसभा प्रभारी त्रिवेणी राम, समाजवादी पार्टी संगठन के प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष आमीर अली और विधानसभा अध्यक्ष अवधेश उर्फ राजू यादव ने अलीपुर मदरा से बनाई गई रणनीति में सफल हुए और समाजवादी पार्टी और इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी अफजाल अन्सारी को 1, 24, 000 मतों से विजयी बनाने में सफलता हासिल की। अब लोगों में उत्साह के साथ चर्चा है कि पूर्व विधायक त्रिवेणी राम के नेतृत्व में प्रधानी से लेकर विधानसभा 2027 में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाएंगे।



## जनता का भरोसा व विश्वास की बदौलत यूपी की सबसे बड़ी पार्टी बनी सपा : विधायक मन्नू अंसारी

**केटी न्यूज / गाजीपुर**

मुहम्मदाबाद विधानसभा के विधायक शोएब उर्फ मन्नू अंसारी ने यूपी की सबसे बड़ी और देश की तीसरी बड़ी पार्टी सपा के बनने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को बधाई दी। विधायक ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के कुशल रणनीति और जनहित के मुद्दे को चुनाव प्रचार में पुरजोर तरीके से उठाकर उन्होंने मतदाताओं को विश्वास एवं पूरा भरोसा दिलाया कि समाजवादी पार्टी ही असली गरीबों, बेसहारों और अल्पसंख्यकों की पार्टी है। उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान अग्निवीर, भ्रष्टाचार, महंगाई, किसानों की आए दोगुनी न होने पर, एमएसपी, बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और भ्रष्टाचार, संविधान की रक्षा जैसे मुद्दों को उठाकर उन्होंने पूरे यूपी में चुनाव की फिजा बदल दी। उन्होंने बताया कि पीडीए को ध्यान में रखकर सपा ने जो टिकट का बंटवारा किया इसके चलते पार्टी को भारी सफलता मिली। मीडिया का एक्जिट पोल जो सपा को केवल दस सीट दिखाता था, आज समाजवादी पार्टी देश की तीसरी बड़ी पार्टी बन गई है। जिसका पूरा श्रेय अखिलेश यादव को है। विधायक मन्नू अंसारी ने बलिया सांसद सनातन पांडेय और गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी को ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी है।



## बलियाः मतदाताओं के मन में क्यों मुरझाया कमल?

- एक दशक से बीजेपी का अभेद किला बना था बलिया, हैट्रिक लगाने से चुका दिया करारा जवाब

**केटी न्यूज/बलिया**

लोकसभा चुनाव -2024 के रिजल्ट घोषित होने के बाद यह सवाल लोगों के मन में खटक रहा है। पिछले एक दशक से बीजेपी का अभेद किला बना बलिया इस बार क्यों ध्वस्त हो गया ? लंबे समय से मतदाताओं के मन में खिलने वाला कमल क्यों मुर्झा गया ? इस बार के चुनाव में मोदी मैजिक का असर खत्म हो गया या प्रत्याशी नापसंद होने के कारण ऐसा हुआ ?

लोकसभा चुनाव हारने के बाद सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर सहित कई नेताओं ने यह स्वीकार किया कि चुनाव के ऐन वक्त पर समाजवादी पार्टी ने संविधान खतरे में है सहित कुछ गलत मुद्दे जनता के सामने परोस कर मतदाताओं को अपनी तरफ मोड़ने में सफल रहे। संविधान खतरे में है, इसका असर आम मतदाताओं पर गहराता गया, जिसके कारण बहुजन समाज पार्टी सहित अन्य वोट बीजेपी से टूटकर सपा की तरफ स्थानांतरित हो गए। जिससे भारतीय जनता पार्टी का उम्मीदवार अपनी जीती हुई सीट पर भी हार गया। ऐसा भाजपा एवं भाजपा के अन्य घटक दलों के नेताओं का मानना है। उधर समाजवादी पार्टी से बलिया लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करने वाले सनातन पांडेय एवं उनके समर्थकों का दावा है कि यह जीत जनता की जीत है। जनता भारतीय जनता पार्टी की महंगाई, बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार से उब चुकी है। इन्हीं कारणों से बलिया की जनता भाजपा को नापसंद कर सपा को गले लगाया है। इस सीट का सटीक विश्लेषण करें तो निश्चित रूप से भाजपा को लेकर कई तरह की नाराजगी मतदाताओं के मन में पल रही थी। मतदाताओं के मन में पिछले एक दशक से खिलने वाला "कमल" इस बार आखिरकार मुरझा गया और भारतीय जनता पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा।

## पहले पिता और अब पुत्र को हराकर सलेमपुर के किंग बने रमाशंकर

- कोईरी समाज की नाराजगी बनी रवींद्र कुशवाहा के हार की वजह

**केटी न्यूज / बिल्थरारोड**

सलेमपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी रवींद्र कुशवाहा को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रमाशंकर राजभर के हाथों हारना पड़ा। यहां एक बात जिक्र करने वाली यह है कि रमाशंकर राजभर ने 2009 में रवींद्र कुशवाहा के पिता हरिकेवल प्रसाद को हराया था और अबकी बार पुत्र रवींद्र कुशवाहा को हराकर उनके हैट्रिक लगाने के सपने को चकनाचूर कर दिया। उधर राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो रवींद्र कुशवाहा को हराने में खुद कोईरी समाज की अहम भूमिका रही। क्योंकि समाज के हित में कोई काम न करने से कोईरी के समाज के लोग रवींद्र कुशवाहा से खासे नाराज चल रहे थे और खुदको सपा के पाले में कर लिए थे।



रमाशंकर राजभर के समर्थक अपने परम्परागत मतों के साथ-साथ राजभर, ब्राह्मण और दलित जाति का 40 से 50 प्रतिशत मतों के मिलने का दावा सच निकला भाजपा और बसपा का यह वोट खिसकने से सपा - इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रमाशंकर राजभर ने जीत दर्ज किया। आज तक लगातार कोई प्रत्याशी सलेमपुर से तीन बार जीतकर सांसद नहीं बना है। ज्ञात हो कि 2014 की अपेक्षा 2019 के लोकसभा चुनाव में रविन्द्र कुशवाहा के जीत का अंतर आधा हो गया था। इस बार के चुनाव में राजनीतिक पंडितों के कहना था कि इस बार का परिणाम चमत्कारी होगा जो सच निकला और कड़े मुकाबले में रमाशंकर राजभर ने दो बार सांसद रहे रविन्द्र कुशवाहा को हराकर जीत का परचम लहराया। जीत की खबर मिलते ही समर्थक झूम उठे जमकर पटाके छोड़े और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाया। अपने स्वागत से अभिभूत नवनिर्वाचित सांसद रमाशंकर राजभर ने कहा कि हमारी जीत जनता की जीत है। कहा कि क्षेत्र के विकास के लिये कोई कोर कसर नही छोड़ूंगा।

## पीएम आश्रय आवास में साफ सफाई न होने से नालियां हुई जाम

# जलजमाव लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन

- नगरवासियों का आरोप - सोनू किन्नर के शपथ ग्रहण के बाद से ही नगर में चरमराई हुई है साफ सफाई व्यवस्था

**केटी न्यूज/ चंदौली**

चंदौली के मुगलसराय में अलीनगर के स्थानीय नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 3 में बने पीएम आश्रय आवास परिसर के रास्ते व नालियों में जलजमाव हो गया है। जलजमाव के कारण कठिनाईयों में रह रहे लोगों का गुस्सा बुधवार को सातवें आसमान पर चढ़ गया। लोगों ने आवास परिसर क्षेत्र में ही एकजुट होकर नगरपालिका मुदार्बाद के नारे लगाकर आक्रोश प्रदर्शित किया।

ईओ रोहित सिंह ने बताया कि मैं तो कई दिनों से नगर पालिका में बैठ नहीं रहा हूं और इसकी जानकारी मुझे नहीं है। अगर ऐसा है तो इसके लिए मैं तत्काल सफाई इंस्पेक्टर वही सभासद राजेश चौहान ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेते हुए बोलकर उनकी समस्याओं का समाधान करा देता हूं। इस दौरान आवास के लोगों में संगीता गिरी, श्याम प्यारी, पुष्पा देवी, उर्मिला देवी, पूजा कौर, उषा देवी, किसन शाह, मुहर्मा बेगम, माया देवी, पूनम देवी, गीता देवी मौजूद रहीं।



### नाला का पानी आया सड़क पर

बता दे कि नगर पालिका परिषद में वर्तमान चेयरमैन सोनू किन्नर के शपथ ग्रहण के बाद से ही नगर में साफ सफाई की व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। लगातार शिकायत के बाद भी नगर के कई क्षेत्रों में कूड़े का ढ़ेर लगा रहना आम बात है। कुछ यही हाल अलीनगर चकिया मार्ग स्थित वार्ड नंबर 3 में बने प्रधानमंत्री आश्रय आवास परिसर में भी है। काफी दिनों से साफ सफाई नहीं होने से नालियां जाम हो चुकी हैं। जिस कारण नाली का पानी सड़क पर वे आने जाने के रास्ते पर लगा रहता है।

### लोगों में दिखा आक्रोश

लोगों को आवास से निकलते ही नाली के गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा। लोगों का कहना है, कि कई बार स्थानीय सभासद व नगर पालिका परिषद के सफाई विभाग से शिकायत की गई है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने से स्थिति बिगड़ती जा रही है। जिससे आक्रोशित आवास के लोगों ने आवासीय परिसर में ही जमा होकर पालिका मुदार्बाद के नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन कर जल जमाव व साफ सफाई की व्यवस्था कराने की मांग की है।

## आर्म्स एक्ट के आरोपी को मिली तीन वर्ष की सजा

**केटी न्यूज / बलिया**

आर्म्स एक्ट में दोषसिद्ध पाते हुए दोषी को सिविल कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने बुधवार की दोपहर तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही दो हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। दोषी का नाम सरल यादव उर्फ मनजी पुत्र दरोगा यादव निवासी जवहीं दियर थाना हल्दी है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2020 में हल्दी थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस द्वारा न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत करने के बाद साक्ष्यों के न्यायिक परिसीलन के पश्चात अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने बुधवार की दोपहर तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही दो हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया।

## टीएस बंधा के पास युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

**केटी न्यूज/ सहतवार**

बुधवार के सुबह सरयू नदी में टीएस 63 बन्धा के पास एक 26 वर्षिय युवक का शव मिलने से लोगों में सनसनी फैल गयी। सुचना पर पहुँची सहतवार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया । बताया जा रहा है कि महाराज पुर निवासी त्रिभुवन पाल 26 वर्ष पुत्र कैलाश पाल 3 जून के रात्रि में 2:00 बजे से घर से गायब था । घर वाले समझे की शौच के लिए गया होगा। लेकिन दिन में घर पर नहीं पहुंचा तो घर वाले चारों तरफ ढूंढने लगे लेकिन कही पता नहीं चला। दोस्त रिश्तेदारो के पास पता लगायें। लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। अंत में थक हारकर 4 जून को घर वाले सहतवार थाने में गुमसुदगी की सूचना दी। पुलिस ने गुमसुदगी का रिपोर्ट दर्ज कर युवक की खोजबीन शुरू कर दी।तभी बुधवार 5 जून के सुबह सुचना मिली कि सरयू नदी 63 बंधे के पास एक युवक का शव उतराया हुआ है। सुचना मिलते ही आस पास के लोग इकठ्ठा हो गये। किसी ने इसकी सूचना त्रिभुवन पाल के घर वालों को दी। घर वाले जाकर देखें कि शव त्रिभुवन पाल की ही है। लडके की डूबने की सुचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। सुचना मिलते ही सहतवार पुलिस मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया।



# पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के लिए बच्चों ने लघु नाटक की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मोहा मन

- 5 से 17 वर्ष तक के 57 बच्चों ने कार्यक्रम में लिया प्रतिभाग
- हम सभी को अभी सचेत रहना होगा तभी हमारा भविष्य सुरक्षित रह सकता है: वरुण सब्बरवाल

**केटी न्यूज/सोनभद्र**






सोनभद्र में रेणुकूट स्थित नगर स्थित निजी औद्योगिक प्रतिष्ठान बिड़ला कार्बन द्वारा पर्यावरण जागरूकता के लिए आवासीय परिसर स्थित सामुदायिक हाल में कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें आवासीय परिसर सहित आसपास के क्षेत्र में रहने वाले बच्चों ने भाग लेकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।

### पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कंपनी के यूनिट हेड वरुण सब्बरवाल ने कहा कि हमें पर्यावरण के प्रति जागरूक रहना होगा यदि हम पहले से सचेत रहते तो आज ऐसी स्थिति नहीं आती। आज तापमान 50 डिग्री तक पहुंच जा रहा है जबकि यह पहले गर्मियों में भी 34 डिग्री तक ही रहता था। हम सभी को अभी सचेत रहना होगा तभी हमारा भविष्य सुरक्षित रह सकता है। अभी भी हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझ कर अधिक से अधिक वृक्ष लगाना होगा।

प्लास्टिक का प्रयोग कम करना होगा। साथ ही हमें पानी का दुरुपयोग भी रोकना होगा। यदि हम सब जागरूक नहीं हुए तो जिस तरह से धरती का तापमान बढ़ रहा है। भविष्य में यह हम सभी के लिए काफी खतरनाक हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें कुल 57 बच्चों ने भाग लिया। 5 से 17 वर्ष तक के बच्चों को तीन कुल तीन वर्गों में बांटकर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण, कविता और लघु नाटिका के माध्यम से भी पर्यावरण के बारे में बच्चों ने जागरूक किया। छोटे-छोटे बच्चों ने मंच पर विभिन्न तरह के पोशाक पहन कर भी लोगों को भविष्य के लिए जागरूक किया।

कार्यक्रम में शामिल सभी बच्चों को उपहार भी दिया गया। इस दौरान मानव संसाधन प्रमुख जय कोकाटे समेत बड़ी संख्या में कंपनी के कर्मी व आसपास के लोग मौजूद रहे।

## पर्यावरण की रक्षा के लिए लोगों को किया जागरूक

**केटी न्यूज / जौनपुर**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा जनपद में विभिन्न स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित कर शहर वासियों, ग्रामिणों, कृषकों एवं आम जनता को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दीवानी न्यायालय परिसर जौनपुर में मा० जिला जज एवं अन्य मा० न्यायाधीशगणो के द्वारा पौध रोपण कार्यकम, शिव मन्दिर, ऋषि तालाब, खोतासराय-शाहगंज में वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यकम, बदलापुर शारदा देवी महाविद्यालय में छात्राओं एवं समाज सेवी द्वारा वृक्षारोपण एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता कार्यकम, मड़ियाहू बी०एन०बी०पी०जी कालेज में एन०सी०सी० कैडेड एवं कमाण्डेट के साथ वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम, बक्शा रेलवे यार्ड पौधशाला पर विद्यार्थियों को पर्यावरण के महत्व को बताते हुए बच्चों को नर्सरी का भ्रमण कार्यक्रम एवं जौनपुर के जगदीशपुर नर्सरी परिसर में गोष्ठी का आयोजन कर पर्यावरण के प्रति जागरूपता एवं सभी को अपने व्यवहार को प्रकृति के अनुकूल बनाने हेतु प्रेरित किया गया।

## खबरें फटाफट

### हत्या के पांच आरोपियों को मिली आजीवन कारावास

**बलिया।** हत्या के मामले में दोषी पाते हुए सिविल कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने बुधवार की दोपहर पांच दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। दोषियों का नाम दरोगा यादव पुत्र सुदर्शन यादव, मंतोष यादव पुत्र दरोगा यादव, छांगुर यादव पुत्र दरोगा यादव, अजय यादव पुत्र छोटक यादव, सरल यादव पुत्र दरोगा यादव समस्त निवासीगण जवहींदियर थाना हल्दी है। दोषियों के खिलाफ वर्ष 2020 हल्दी थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस द्वारा न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत करने के बाद साक्ष्यों के न्यायिक परिसीलन के पश्चात अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने बुधवार की दोपहर पांचों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### ट्रक की चपेट में आकर युवक की मौत

**सोनभद्र ।** सोनभद्र के रेणुकूट पुलिस चौकी क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के समीप मंगलवार की शाम लगभग 7:30 बजे हुए हादसे में एक युवक की ट्रक से दबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हिन्डाल्को अस्पताल के मोर्चरी में रखवा दिया है। रेणुकूट चौकी प्रभारी कमलनयन दुबे ने बताया कि पिपरी में रहने वाला अभिषेक पांडेय (18) पुत्र ताराशंकर पांडेय रेणुकूट से पिपरी की ओर जा रहा था। इस दौरान वह पीछे से आ रही एक ट्रक की चपेट में आ गया और ट्रक से दबकर उसकी मौत हो गई। सूचना पर उसे तत्काल हिंडाल्को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत युवक मूल रूप से मिजार्पुर के जिगना का रहने वाला था और नगर में अपने मामा के यहां रहकर पढ़ाई करता था। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस ने कहा कि अभी परिजनों की ओर से तहरीर नहीं मिली है।

# एक लाख का इनामी गैंगेस्टर प्रिंस सिंह पुलिस एनकाउंटर में ढेर, दारोगा घायल

- मुंबई से हाईटेक हथियार तस्करी कर जौनपुर ला करता था सप्लाई
- मुठभेड़ के दौरान प्रशांत का दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला
- गैंगस्टर पास से बाइक और 9 एमएम 2 असलहे हुए हैं बरामद
- एसपी बोले- गुप्त सूचना पर पुलिस ने चलाया सर्च अभियान तो अपराधियों ने की फायरिंग

**केटी न्यूज/जौनपुर**



मुम्बई और पूर्वाचल में आतंक मचाने वाले 37 मामलों का मुख्य आरोपी एक लाख के इनामी गैंगस्टर को जौनपुर पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया। खेतासराय पुलिस को यह सफलता मंगलवार की रात में मिली। जब सात साल से फरार चल रहे एक लाख रुपए के इनामी गैंगस्टर प्रिंस सिंह को मुठभेड़ में पुलिस ने मार गिराया। जबकि मुठभेड़ के दौरान गैंगस्टर का एक साथी फरार होने में सफल हो गया। जिसको पकड़ने के लिए पुलिस टीमे छापेमारी कर रही है। मारे गए अपराधी के खिलाफ यूपी और महाराष्ट्र के कई जिलों में हत्या, लूट, डकैती के 37 मामले दर्ज हैं। एसपी के अनुसार वह पिछले सात सालों से फरार चल रहा था। एसपी डॉ. अजय पाल शर्मा ने प्रेस को बताया कि मंगलवार रात पुलिस को सूचना मिली कि कुछ बदमाश खेतासराय इलाके में हैं। पुलिस ने चेकिंग शुरू की तो वहां 2 लोग दिखाई दिए। उन्हें चेकिंग के लिए रोका गया, लेकिन उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। उसके बाद भी पुलिस ने सरेंडर करने के लिए कहा तो अपराधियों ने के द्वारा ताबड़तोड़ फायरिंगकी जाने लगी। इस दौरान दरोगा विवेक तिवारी के हाथ में गोली लगी। जबकि सिपाही रामजन्म यादव की जान बुलेट प्रूफ की वजह से बची। गोली उनके जैकेट में फंस गई। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर और पेट में गोली लग गई। गोली लगने के बाद पुलिस ने गैंगस्टर प्रिंस को लेकर अस्पताल पहुंची। जहां चेकप के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसपी ने बताया कि मृत बदमाश प्रशांत पिछले सात सालों से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ जौनपुर, आजमगढ़, अयोध्या और महाराष्ट्र में हत्या, लूट, डकैती और गैंगस्टर के कुल 37 आपराधिक एफआईआर दर्ज थे। एनकाउंटर के बाद सर्च के दौरान आरोपी के पास से एक पिस्टल और मोटर साइकिल जब्त की गई। एसपी ने बताया कि मरने वाले गैंस्टर पर केवल 15 मुकदमे आजमगढ़ में दर्ज है। वहीं प्रिंस ने अयोध्या के रुधौली में बड़ी लूट को अंजाम दिया था। वह मुंबई से हाईटेक हथियार तस्करी कर जौनपुर लाता था।

### पुलिस ने की जवाबी कार्रवाई

भेठभेड़ के बारे में जानकारी देते हुए जौनपुर एसपी अजयपाल शर्मा ने कहा कि मुखबिरों से मिले इनपुट के मद्देनजर खेतासराय थाना क्षेत्र में पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान दो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। उन्होंने बताया कि जवाब में पुलिस टीम ने भी फायरिंग की। जिसमें एक लाख रुपए का इनामी बदमाश प्रशांत सिंह उर्फ प्रिंस पुत्र प्रेमनारायण सिंह निवासी नेवादा थाना सरायख्वाजा को गोली लगी और उसकी मौत हो गई। मुठभेड़ के दौरान प्रशांत का दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला।

## मामूली विवाद में जीजा ने की थी साले की हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज / गाजीपुर**

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा जिले में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में बुधवार को फरार चल रहे हत्यारोपी जीजा को सैनिक चौराहा के पास से पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि जीजा ने अपने सगे साले मिथिलेश उर्फ गुड्डू पुत्र जमुना निवासी ग्राम बहलोलपुर थाना जंगीपुर की हत्या दो जून को कैंची से कर दी थी। इस संबंध में धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज कर संबंधित हत्यारोपी श्रीराम पुत्र स्व. किशुन राम निवासी ग्राम चौकिया थाना कोतवाली की तलाश की जा रही थी। उसे अंततः आज पकड़ लिया गया। बता दें कि आरोपी ने अपने साले मिथिलेश उर्फ गुड्डू को शराब पीने के दौरान हुए विवाद को लेकर कैंची से हमला कर हत्या कर दी थी। अभियुक्त द्वारा घटना में प्रयुक्त एक अदद कैंची जिस पर खून लगा हुआ है, को ग्राम चौकिया के बाहर झाड़ी से बरामद किया गया।

पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त श्रीराम ने बताया कि दो जून 2024 को मेरे बड़े भाई राजेंद्र राम की लड़की की शादी थी। जिसमें मेरा साला मिथिलेश उर्फ गुड्डू पुत्र जमुना निवासी ग्राम बहलोलपुर थाना जंगीपुर गाजीपुर आया हुआ था। हम दोनों ने साथ बैठकर शराब पिया। उसके बाद मिथिलेश अपनी बहन ललमा (मेरी पत्नी) से मेरे विषय में बात करने लगा कि कमाता नहीं है औ? शराब पीता है। इसी बात पर हमें गुस्सा आ गया और घर के अंदर रखे कैंची से अपने घर के बाहर मिथिलेश पर कई वार कर दिया। जब हमें लोग पकड़ना चाहे तो मैं वहां से भाग गया और गांव के बाहर झाड़ी में कैंची को फेंक दिया। घटना में प्रयुक्त एक अदद कैंची अभियुक्त द्वारा गांव के बाहर झाडी से बरामद कर लिया गया है।

## गाजीपुर में धूमधाम से मनाया गया सीएम योगी का जन्मदिन

**गाजीपुर।** जनपद में कई स्थानों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। सर्वदलीय संघर्ष समिति के संस्?थापक अरुण सिंह के नेतृत्?व में सदर विधानसभा के ग्राम नारी पचदेवरा मां दुर्गा आश्रम में क्षेत्रीय एवं ग्रामीण जनों द्वारा मुख्यमंत्री का जन्म दिवस केक काटकर एवं मां दुर्गा का प्रसाद लड्डू भोग का वितरण कर धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर अरुण सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 52वां जन्म दिवस पर उनके भविष्य की सफलता के लिए मजबूत एक कुशल शासक के रूप में जनता को न्याय दिलाने के लिए एवं दृढ़ इच्छाशक्ति के व्यक्तित्व के लिए बहुत -बहुत बधाई। मां दुर्गा से मुख्यमंत्री के सुभविष्य एवं गाजीपुर की जनता सहित हम लोगों पर अपार स्नेह रखने की प्रेरणा हेतु प्रार्थना किया गया। हमारे साथ प्रमुख रूप से राजेश सिंह गुड्डू प्रधान, समाजसेवी ज्ञानेंद्र सिंह बबलू, राजू सिंह भरतपुर ,नंदलाल वर्मा ,श्री प्रकाश सिंह ,त्रिलोकी श्रीवास्तव, मनोज सिंह राजन सिंह राजेश बिन्द राधेश्याम गुप्ता शेरा खान बृजेंद्र सिंह प्रधान शिव प्रसाद सिंह डायरेक्टर पीसीएफ युवा नेता अविनाश सिंह ठाकुर प्रवीण सिंह प्रधान पुत्र बरहपुर ,मन्ना सिंह आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### अमन गुप्ता ने 99.6 % अंक हासिल कर गाजीपुर का गौरव बढ़ाया

**गाजीपुर।** नीट परीक्षा 2024 में भदौरा निवासी अमन गुप्ता ने 99.6 प्रतिशत अंक हासिल कर गाजीपुर का नाम रौशन किया है। अमन गुप्ता भदौरा के स्व. डीएन गुप्ता के पौत्र हैं। अमन गुप्ता शुरू से ही मेधावी छात्र रहे, वह नई दिल्ली स्थित सैम इंटरनेशनल स्कूल द्वारिका के कक्षा 6 से लेकर 12 तक के टॉपर छात्र रहे। अमन गुप्ता 10वीं में 95 प्रतिशत और 12 परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक हासिल किया था। अमन के पिता डा. एके गुप्ता एक चिकित्सक हैं। अमन गुप्ता के सफलता पर क्षेत्रीय विधायक व पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह ने बधाई दी है।

### ऋद्धिमा ने प्रथम प्रयास में नीट में पाई सफलता



**जौनपुर।** नीट की परीक्षा में प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त कर ऋद्धिमा श्रीवास्तव ने जनपद का नाम रौशन किया है।उसने नीट की परीक्षा में 98.85 परसेंटाइल प्राप्त किया है। जजेज कॉलोनी निवासी ऋद्धिमा के पिता प्रवीण मोहन श्रीवास्तव दीवानी न्यायालय में अधिवक्ता हैं। उसके दादा स्व0 मोहन लाल श्रीवास्तव दीवानी न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता थे। ऋद्धिमा की माता रोली श्रीवास्तव अध्यापिका हैं। ऋद्धिमा बचपन से ही मेधावी छात्रा रही। उसने 2021 में हाई स्कूल में 98 फीसद एवं इंटरमीडिएट में 2023 में बायो ग्रुप से 95.2 फीसद अंक हासिल किए थे। इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद 1 वर्ष में ही प्रथम प्रयास में उसने सफलता हासिल की। उसकी सफलता से परिजनों व जनपदवासियों में हर्ष व्याप्त है। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है।

### डंपर की चपेट में आने से दो युवक की मौत

**चंदौली।** चंदौली के बलुआ थाना क्षेत्र में बुधवार की भोर में सड़क निर्माण कार्य कर रहे दो मजदूरों राजू माझी (30) व कांग्रेस माझी की डंपर की चपेट में आने से मौत हो गई। डंपर चालक डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। चंदौली से लेकर चहनियां तीरगांवा तक एपको कम्पनी द्वारा 30 किमी लम्बे हाईवे का निर्माण किया जा रहा है। बिहार के गया जनपद के रहने भुरुआ थाना क्षेत्र के बिरहिमा गांव के रहने वाले राजू माझी पुत्र अवतार माझी व कांग्रेस माझी पुत्र राधे माझी सड़क निर्माण में मजदूरी का कार्य करते है। बुधवार को सड़क ढालने के लिए लक्ष्मणगढ़ गांव के सामने निर्माण स्थल पर प्लास्टिक बिछा रहे थे। तभी सड़क निर्माण में ही लगे डंपर का चालक डंपर को बैक करने लगा। जिससे दोनों मजदूर इसकी चपेट में आने से कुचल गये और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। डंपर चालक यह देखकर मौके से फरार हो गया। वहां कार्य में लगे अन्य मजदूर उन्हें चहनियां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बलुआ थाना प्रभारी शैलेष मिश्रा का कहना है कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी किसी के तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई होगी।

### ट्रक व पिकअप की टक्कर में युवक की मौत

**वाराणसी।** लोहता थाना क्षेत्र के खेवसीपुर में बुधवार को सुबह जोरदार ट्रक और पिकएप की टक्कर हो गई। घटना में पिकअप चालक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बता दे कि पिकअप चालक आशीष गुप्ता पुत्र मक्खन गुप्ता (35) प्रतिदिन की तरह प्रतापगढ़ से आम लादकर वाराणसी के पहाड़िया मंडी जा रहा था। वह ज्यों ही खेवसीपुर अंडरपास के समीप पहुंचा ही था। कि पहले से ही खड़ी दुर्घटनाग्रस्त ट्रक एल में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घटना में पिकअप चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

## चुनाव परिणाम आने के बाद चंदौली जिले में परिचर्चा का दौर चरम पर, हर कोई अपने तरीके से कर रहा परिभाषित

# भाजपा की हार पर बोले युवा... जनता को विकास से कोई लेना-देना नहीं

**पवन तिवारी/चंदौली**

चुनाव परिणाम सामने आने के बाद जिले में राजनीतिक परिचर्चा का दौर चरम पर पहुंच चुका है। हर कोई परिणाम को अलग-अलग तरीके से परिभाषित करने में जुटा हुआ है। कोई इसे भाजपा की नाकामी तो कोई इसे इंडिया गठबंधन की नीतियों की विजय बता रहा है। युवाओं में राजनीति को लेकर इस दौर में क्रेज दिखाई पड़ रहा है। युवाओं का कहना है कि भारत की जनता को विकास से कोई लेना-देना नहीं है। युवा राजनीतिक विश्लेषक सुजीत कुमार बताते हैं कि देश में यह इंडिया गठबंधन का नेरेटिव मोदी संविधान बदल देंगे सफल हो गया। जबकि इसका कोई मतलब नहीं था। दुकानदार राजेश गुप्ता का कहना है कि चुनाव परिणाम ने साबित किया है कि हर चमकने वाली वस्तु सोना नहीं होती। कम से कम वाराणसी और अयोध्या का विकास देखकर तो यही लगता है। वाराणसी में प्रधानमंत्री की जीत का अंतर इस बार यह साबित कर रहा है कि विकास कोई मायने नहीं है। जिस अयोध्या में कुछ ही लोग आध्यात्मिक तौर पर जाते रहे हैं, वह स्थान अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन के रूप में विख्यात हो गया है लेकिन वहां की सीट बीजेपी हार गई। दुकानदार गुरु सरदार बताते हैं कि बीजेपी सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जबरदस्त कामयाबी भारत को दिलाई है उसके बावजूद उसका किसी तरह से सरकार बनाना साबित कर रहा है कि भारत की जनता को विकास से कोई लेना-देना नहीं है। पूर्व राज्य सरकार के कर्मचारी सुभाष चौहान बताते हैं कि यूपी में जनता ने अखिलेश यादव की नीतियों को आत्मसात किया है। यह रिजल्ट बीजेपी की नाकामी को भी दिखता है। आप बीजेपी के नेता बैठकर जरूर चर्चा करना चाहेंगे कि उनसे गलतियां कहां हुई हैं।

### पूर्वांचल की 13 सीटों में 10 पर सपा ने मारी बाजी

**केटी न्यूज/चंदौली ।** वाराणसी, मिजार्पुर और आजमगढ़ मंडल की 13 सीटों पर परिणाम आ गए हैं। सबसे पहले वाराणसी सीट का परिणाम घोषित हुआ। पीएम मोदी तीसरी बार वाराणसी से सांसद बने। पीएम मोदी 152513 वोटों से जीते। गाजीपुर से सपा के अफजाल अंसारी ने जीत दर्ज की है। भदोही से भाजपा प्रत्याशी डॉ. विनोद बिंद ने जीत हासिल की। मिजार्पुर से अनुप्रिया पटेल (अपना दल-एस) ने जीत हासिल की। आजमगढ़ से सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव जीते। जौनपुर की दोनों सीटों पर सपा ने बाजी मारी है। बलिया से सपा के सनातन पांडेय तो रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र और सलेमपुर से भी सपा ने बाजी मारी। इसके साथ ही लालगंज, चंदौली में भी सपा को जीत मिली।

## धनंजय सिंह का समर्थन भी भाजपा को जिता न सका जौनपुर

**केटी न्यूज/जौनपुर**

जनपद की दोनो लोकसभा सीटों पर समाजवादी पार्टी (इंडिया गठबंधन) ने कब्जा जमाया।जौनपुर सीट पर भाजपा के प्रत्यासी किसी भी राउंड में सपा के प्रत्याशी को टक्कर देते नही दिखाई दिए।जौनपुर से सपा प्रत्यासी बाबूसिंह कुशवाहा ने सुबह मतगणना शुरू होने के साथ ही लगातार बढ़त बनाए रखा।दोपहर होते होते यह बढ़त इतनी बड़ी हो गयी।कि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी बाबूसिंह कुशवाहा की जीत पक्की हो गयी।जौनपुर सीट पर बाबूसिंह कुशवाहा ने 94870 वोटो से भाजपा के कृपा शंकर सिंह को हराया। जौनपुर में मोदी मैजिक पूरी तरह फेल हो गया।मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनो प्रत्याशियों को जिताने के लिए चुनाव प्रचार करने आए।जनसभा में आयी भीड़ को देखकर लग रहा था कि भाजपा दोनो सीटो पर कब्जा कर सकती है।लेकिन सवाल यह उठता है कि जनसभा में आई भीड़ किराए की थी या सिर्फ मोदी को सुनने आयी थी जो वोटों में तब्दील न हो सकी।मोदी ही नही जौनपुर में कृपा शंकर को जिताने के लिए भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी।केंद्र से लेकर यूपी के बड़े नेता तक जौनपुर में डटे रहे।वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी के प्रत्यासी को जिताने के लिए उनके कार्यकर्ता जमीन व बूथ लेवल पर काम कर रहे थे।गांव से लेकर शहर तक वोटरों को सपा के पक्ष में मतदान करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे थे।सपा कार्यकताओं में एक अलग ही जोश दिखाई दे रहा था।सपा प्रमुख अखिलेश यादव की जनसभा में जिस तरह से भीड़ जुट रही थी।उससे लग रहा था कि यह कोई किराए की भीड़ नही है।यही भीड़ वोटों में तब्दील हुई। जौनपुर में भाजपा ने देश के तीन मुख्यमंत्रियों को कृपा शंकर सिंह को चुनाव जिताने के लिए मैदान में उतार दिया।यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और एमपी के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक के बाद एक चुनावी जनसभा किया।और जातीय समीकरण को भी साधने की कोशिश की।लेकिन कुछ भी काम न आया।क्योकि जनता पहले से मन बनाकर बैठी थी।भाजपा का प्रचार जमीनी स्तर पर कम हवाई जहाज से ज्यादा हो रहा था।सभी नेताओं को लग रहा था कि इस बार भी जनता मोदी के नाम पर वोट करेगी। धनंजय सिंह का भाजपा को समर्थन देना भी काम न आया।आपको बता दे धनंजय सिंह की पत्नी श्री कलां को बसपा ने जौनपुर से अपना उम्मीदवार बनाया था।लेकिन अंत समय में नाटकीय ढंग से बसपा ने उनका टिकट काट दिया।उसके कुछ दिन बाद श्री कला सिंह ने बीजेपी नेता अमित शाह के साथ अपना फोटो शेयर किया।जिससे लगा कि अब धनंजय सिंह व उनकी पत्नी भाजपा का साथ देंगे।उसी के बाद से लगातार धनंजय भाजपा का प्रचार कर रहे थे।और कृपा शंकर सिंह के जीत का दावा कट कर रहे थे।लेकिन धनंजय सिंह का समर्थन भी कृपा शंकर सिंह को जीत नही दिला पाया और 2019 की अपेक्षा इस बार उससे ज्यादा अंतर से भाजपा हारी।

## सुभाषितम्

जैसे उल्लू को सूर्य नहीं दिखाई देता वैसे ही दुष्ट को सौजन्य दिखाई नहीं देता। - स्वामी भजनानंद

# संघ और संगठन आमने-सामने

भारतीय जनता पार्टी में संसदीय दल का नेता चुनने को लेकर, मतभेद खुलकर सामने आने लगे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम में भारतीय जनता पार्टी को 240 सीटों पर विजय प्राप्त हुई है। एनडीए गठबंधन को 292 सीटें प्राप्त हुई हैं। जो स्पष्ट बहुमत से 20 सीट ज्यादा है। ऐसी स्थिति में भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय मुख्यालय में 4 जून की शाम को जीत का जश्न मनाया गया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की घोषणा कर दी। इस घोषणा से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काफी नाराज हो गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भाजपा संगठन ने प्रधानमंत्री पद को लेकर कोई सलाह मशविरा नहीं किया। एक तरफा प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी के नाम की घोषणा किए जाने से संघ नाराज है। कहा जा रहा है, 8 जून को तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। 5 जून की शाम भाजपा के सभी सांसदों को दिल्ली बुलाया गया। इसके अलावा सभी सहयोगी दलों से भाजपा संगठन बात कर रहा है। उनसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का समर्थन पत्र मंगाया जा रहा है। भाजपा संगठन के पदाधिकारियों ने संघ से दूरियां बनाकर रखी हैं। इस कारण जल्द ही कोई बड़ा फेरबदल भाजपा के अंदर होने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी और स्वयंसेवक बहुत ज्यादा सक्रिय नहीं थे। विपक्षी इंडिया गठबंधन से मिल रही चुनौती को देखते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने स्तर पर सक्रिय हुआ। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का यह कहना, कि भाजपा अब बहुत बड़ी पार्टी हो गई है, पहले संघ की जरूरत होती थी, अब भाजपा को संघ की जरूरत नहीं है। इस बयान को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने काफी गंभीरता से लिया है। संघ सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पार्टी के अंदर और जनता के बीच में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह को लेकर बड़ा असंतोष है। 2024 के जो लोकसभा चुनाव परिणाम सामने आए हैं वो काफी निराशाजनक हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 400 पार का नारा दिया था। 370 सीट जीतने का लक्ष्य भाजपा ने निर्धारित किया था। भाजपा को केवल 240 सीटों पर सफलता हासिल हुई है। स्पष्ट बहुमत तक भी सरकार नहीं पहुंच पाई है। उत्तर प्रदेश में हुई करारी पराजय के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लग रहा है, कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के भरोसे रहे, तो भाजपा संगठन और आरएसएस के वर्तमान स्वरूप को बनाए रखना बहुत कठिन हो जायेगा। पिछले 10 वर्षों में जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने एकाधिकार कायम किया है। सत्ता और संगठन के सभी निर्णय प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ही कर रहे थे। जिसके कारण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कमजोर होता चला गया। भाजपा संगठन के निष्ठावान नेताओं और कार्यकताओं को घर बैठाने का काम पिछले 10 वर्षों में किया गया है। अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकताओं को भाजपा में प्रवेश देकर उन्हें संगठन और सत्ता में महत्वपूर्ण पद दिए गए। उससे संघ और भाजपा नेताओं की नाराजी काफी बढ़ गई है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार संघ, भाजपा संसदीय दल के नेता के चुनाव में अप्रत्यक्ष रूप से अप्रत्याशित हस्तक्षेप कर सकता है। यदि ऐसा हुआ, तो नरेंद्र मोदी के लिए तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना मुश्किल हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कोशिश है और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी सहमत हैं कि 8 जून को नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ ले लें। इसकी पूरी कोशिश की जा रही है। वहीं भाजपा संगठन और संघ नहीं चाहता है, तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ लें। संघ और भाजपा संगठन के बीच की तल्खी, नरेंद्र मोदी के लिए कहीं मुसीबत ना बन जाए। नागपुर संघ मुख्यालय, तथा दिल्ली के झंडेवालान संघ मुख्यालय में संघ के पदाधिकारियों की गतिविधियां बढ़ गई हैं। इंडिया गठबंधन भी सरकार बनाने का दावा पेश करने की तैयारी में लगा है।

## चिंतन-मनन

# दया, प्रेम, करुणा हमारी मूल प्रवृत्तियां हैं

मनुष्य-जीवन नाना प्रकार के प्रपंचों और प्रवृत्तियों का पुंज है। हम सब में अनेक भाव-कुभाव प्रत्येक पल मन-हृदय से टकराते रहते हैं। हमारा जीवन इन्हीं अच्छाइयों-बुराइयों के बीच व्यतीत होता रहता है। प्रेम और घृणा, उपकार और अपकार भी हमारे जीवन के अनिवार्य अंश हैं। जीवन में उपकार की प्रवृत्ति का अत्यंत महत्व है। दया, प्रेम, करुणा हमारी मूल प्रवृत्तियां हैं। इन्हीं से उपकार की भावना जाग्रत होती है। उपकार से व्यक्ति श्रेष्ठ बनता है। किसी आपदा में पड़े व्यक्ति का आप उपकार करके देखें। उसका तो कल्याण होगा ही, किंतु इससे आपका मन प्रसन्नता से भर जाएगा। आपका रोम-रोम प्रफुल्लित हो उठेगा और आपके अंग-अंग में सैकड़ों सुमन खिलकर मुस्कराने लगेंगे। 1निःस्वार्थ उपकार में मिला सुख आपके जीवन को सार्थक कर देगा। कभी-कभी आप हम देखते हैं कि अचानक संकट की घड़ी में जब केवल भगवान का सहारा होता है, तब कोई आकर आपकी ऐसी सहायता कर देता है जिसकी आपने कल्पना भी नहीं की होती। सहायता करने वाला व्यक्ति मात्र भगवत्‌ प्रेरणा के चलते ही अयाचित उपकार करके आपको चकित कर देता है, किंतु ऐसा करके उसे जो संतुष्टि मिलती है वही उसका समुचित पुरस्कार है। सच्चे मन और बिना किसी लालच के किया गया उपकार श्रेष्ठ माना गया है। इस उपकार के बदले में किसी प्रकार के प्रतिउपकार से आप यदि ऐसा कुछ करते हैं तो उसे श्रेष्ठता की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। हमारे यहां संतों ने कहा है कि यदि कोई आपका अपकार भी करे तो भी आप उसका उपकार ही करें। अपकार की भावना में हिंसा की अभिव्यक्ति होती है और उपकार में प्रेम और त्याग की। यह प्रेम आपको ईश्वरीय पथ की ओर ले जाता है और अपकार की भावना से मन में प्रतिशोध उत्पन्न होता है जो पतन का परिचायक है। यह हमें ईश्वर से विमुख करता है। उपकार की सहज प्रवृत्ति सब में कुछ न कुछ अंश में होती है।

# अब वास्तविक मुद्दों पर चुनाव परिणाम

**- चैतन्य भट्ट**

2024 के लोकसभा चुनाव ने अपने आप में नया ट्रेंड सामने ला दिया है भारतीय जनता पार्टी जो पिछले लंबे अरसे से इस बार 400 पार का नारा लगा रही थी उस नारे की हवा मतदाताओं ने एक ही झटके में निकाल दी,न केवल भारतीय जनता पार्टी को मात्र दो सौ इकतालीस सीटों पर लाकर खड़ादिया गया बल्कि मतदान के तत्काल बाद शुरू हुए एग्जिट पोलों की भी पोल मतदाताओं में खोल दी । विभिन्न एजेंसियों द्वारा जो एग्जिट पोल किए जा रहे थे उसमें भारतीय जनता पार्टी नीत एनडीए को साढे तीन सौ से चार सौ तक की सीटें देने की बात कही जा रही थी और इंडिया गठबंधन को सवा सौ से डेढ़ सौ में सीमित किया जा रहा था लेकिन जब मतदान के बाद मतों की गिनती शुरू हुई तब किसी को इस बात पर भरोसा ही नहीं हुआ कि इंडिया गठबंधन और कांग्रेस इतनी तेजी से आगे बढ़ेगी, जो कांग्रेस पिछली बार 44 सीटों तक सीमित कर रह गई थी उसने इस बार 99 का फिगर छू लिया जो दुगने से भी ज्यादा होता है । यह माना जाता है कि दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है और यह सही भी है क्योंकि 80 लोकसभा सीटें उत्तर प्रदेश में है जिस तरह से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का महिमा मंडन किया जा रहा था और ये बताया जा रहा था कि उन्होंने तमाम माफियाओं को खत्म कर दिया और जिस तरह का सुशासन उन्होंने दिया है उस को लेकर प्रदेश की जनता बेहद खुश है लेकिन जो परिणाम आए वे न केवल आश्चर्यचकित कर देने वाले थे बल्कि इस बात को भी इंगित कर रहे थे कि योगी आदित्यनाथ के राज में एक विशेष वर्ग को जिस तरह से टारगेट किया गया उसकी नाराजी भारतीय जनता पार्टी को भोगना पड़ी

मध्य प्रदेश निश्चित तौर पर भारतीय जनता पार्टी के लिए एक संजीवनी साबित हुआ वैसे भी यह माना जा रहा था कि पिछले लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी को 29 में से 28 सीटें मिली थी और इस बार 29 का लक्ष्य भारतीय जनता पार्टी लेकर चल रही थी राजनीतिक पंडित और सर्वे ये जरूर बतला रहे थे कि इस बार कांग्रेस तीन या चार सीटें प्राप्त कर लेगी जिसमें राजगढ़, छिंदवाड़ा, रतलाम, मंडला और बालाघाट शामिल थी लेकिन जो परिणाम आए उसने इन तमाम राजनीतिक पंडितों के अनुमान और कांग्रेस की आशाओं पर पानी फेर दिया वहीं दूसरी तरफ राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी को अपने वरिष्ठ नेताओं के प्रति बेरुखी के चलते नुकसान उठाना पड़ा। इस लोक सभा चुनाव में ऐसे बहुत से मुद्दे थे जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी को बहुमत से दूर कर दिया जिसकी मीमांसा करना आवश्यक है। सबसे पहले भारतीय जनता पार्टी ने जो गलती की थी वो थी चार सौ पार का नारा देना । मतदाता को यह लगा कि भारतीय जनता पार्टी कैसे अपने आप को चार सौ पार का नारा देकर अपने आप को विजेता घोषित कर रही है क्या उसकी यानी मतदाता की कोई हैसियत नहीं है, क्या उसके मत की कोई कीमत नहीं दूसरी तरफ पार्टी के लोगों को भी लगा कि मोदी मैजिक और मोदी के चेहरे पर अगर चार सौ पार हो रही है तो हमें मेहनत करने की जरूरत क्या है तो जो मेहनत कार्यकताओं द्वारा की जानी चाहिए वह नहीं की गई। दूसरा बड़ा कारण मतदाताओं की उदासीनता के कारण हुआ कम मतदान भी बेहद मायने रखता है मतदाता को लगने लगा है कि राजनेताओं का ना तो कोई भरोसा है न कोई सिद्धांत, ना शुचिता है ना पार्टी के प्रति कोई आस्था । अगर कोई मतदाता किसी पार्टी को या किसी नेता को मत देता है और वो नेता दूसरे ही दिन किसी दूसरे दल का दुपट्टा ओढ़ लेता है तो फिर उसके मत का अर्थ ही नहीं एक बड़ा कारण इन दल बदलू नेताओं का भी रहा जिसके कारण मतदान कम हुआ और जब मतदान कम हुआ तो ऐसा माना जा रहा है कि यह मतदान भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में होने वाला था जो नहीं हो पाया । तीसरा प्रमुख कारण ये भी है कि भारतीय जनता पार्टी ने जनता के वास्तविक मुद्दों को छोड़कर धार्मिक स्तर पर ध्रुवीकरण करने की कोशिश की वो भी शायद इस देश के धर्मनिरपेक्ष मतदाता को अच्छा नहीं लगा ,मंदिर मस्जिद, मंगलसूत्र,हिंदू मुसलमान, भैंस जैसे मुद्दों की बजाय यदि भारतीय जनता पार्टी विकास, महंगाई, बेरोजगारी पर अपना ध्यान केंद्रित करती तो शायद उसे ज्यादा फायदा होता लेकिन इन मुद्दों को इंडिया गठबंधन ने अपना लिया और और शुरू से ही इन मुद्दों को लेकर चलती रहे जाहिर सी बात है कि जनता से जुड़े जो मुद्दे होते हैं वो जनता को और आम मतदाता को प्रभावित करते हैं शायद यही कारण है कि इंडिया गठबंधन दो सौ बतीस सीटों पर सीटों पर विजयी घोषित हो गई। अति आत्मविश्वास और अहंकार ने भी भारतीय जनता पार्टी को कहीं ना कहीं चोट पहुंचाई ,विरोधियों के खिलाफ लगातार की गई की कार्यवाहियों को भी आम जनता ने पसंद नहीं किया दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन उनके इस बार चार सौ पार के नारे को संविधान को बदलने से जोड़ने में सफल हो गई एक लोकतांत्रिक देश में यदि कोई सरकार संविधान को बदलने का प्रयास करती है जैसा कि विरोधी दलों में यह संदेश दिया उसे शायद जनता ने स्वीकार नहीं किया और तमाम सफाई के बावजूद भारतीय जनता पार्टी विरोधियों द्वारा गढ़े गए इस नेरेटिव को खत्म नहीं कर पाई ।

भारत एक विशाल देश है जिसमें हर जाति संप्रदाय के लोग वर्षों से एक साथ मिलजुल कर रह रहे हैं इस देश पर मुगलों ने भी राज किया, पुर्तगालियों ने भी ,अंग्रेजों ने भी राजपूतों ने मराठों ने लेकिन यह देश अपनी एक लीक पर चलता रहा लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरह से हिंदुत्व और धर्म के ध्रुवीकरण करने का प्रयास किया वह लगता है कि आम जनमानस को ठीक नहीं लगा । अब स्थितियां सरकार बनाने की है 2019 में 303 सीटें पाकर भारतीय जनता पार्टी ने अपने हिसाब से सरकार चलाई लेकिन अब उसे अपने सहयोगियों की दया पर निर्भर रहना पड़ेगा और जब सहयोगियों का दबाव सरकार पर होता है तो बहुत से ऐसे काम सरकार को करना पड़ते हैं जो वह नहीं करना चाहती । खबर आई है कि चंद्रबाबू नायडू ने पांच छह बड़े मंत्रालय की मांग की है इतना ही नहींउन्होंने लोकसभा अध्यक्ष का पद उनकी पार्टी को देने की बात भी कही है इसके बाद अब चिराग पासवान, नीतीश कुमार, जीतन राम मांझी, अपना दल , रालोद, शिंदे की शिवसेना इन तमाम सहयोगी दलों की मांगों पर भारतीय जनता पार्टी को न केवल विचार करना पड़ेगा बल्कि उनकी मांगों को मानना भी पड़ेगा अन्यथा उनकी सरकार संकट में आ सकती है और ये इसलिए भी कहा जा सकता है की अटल बिहारी वाजपेई और नरेंद्र मोदी की कार्यप्रणाली में जमीन आसमान का अंतर है अटल बिहारी वाजपेई ने तमाम लोगों के साथ मिलकर सरकार चलाई लेकिन नरेंद्र मोदी के साथ दबाव की राजनीति चल पाए ये कहना बड़ा कठिन है क्योंकि उनका स्वभाव दूसरे तरह का है ऐसी परिस्थितियों में ये सरकार अगर बन भी जाती है अगर तो वह कितने दिन तक चल पाएगी यह भी एक बड़ा सवाल है कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि अब जनता के मुद्दों पर ही राजनीति करना और उन पर ध्यान देना ही तमाम राजनीतिक दलों के लिए जरूरी हो गया है वरना जो हश्र भारतीय जनता पार्टी का इस लोकसभा चुनाव में हुआ है उससे तमाम राजनीतिक दलों को सीख लेना जरूरी हो गया है।

# उत्तर प्रदेश में भाजपा की हार का कौन जिम्मेदार?

**- प्रभुनाथ शुक्ल**

देश का आम चुनाव परिवर्तन की राजनीति का संदेश है। इस चुनाव को जनता ने अपने मुद्दों के साथ लड़ा है। वह धर्म की राजनीति करने वाली भाजपा जैसी पार्टी को नया संदेश दिया है। सरकार कोई भी बनाए या सत्ता किसी के हाथ में हो, लेकिन अब आम लोगों के हित की बात होनी चाहिए। जनता ने धर्म और जाति के खिलाफ जनादेश दिया है। देश की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी बहुमत का आंकड़ा अकेले बल पर नहीं छू पाई। मोदी की करिश्माई राजनीति का जादू अब खत्म होता दिख रहा है। वाराणसी में साल 2014 और 2019 में जीत के अंतराल का जो गणित था वह इस बार कायम नहीं रहा। राहुल गाँधी उनसे अधिक मतों से जीत हासिल किया। वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव भले जीत गए , लेकिन यह जीत इतनी बेहतर और शानदार नहीं कहीं जा सकती। नैतिक रूप से इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवार अजय राय मोदी के सामने हारकर भी जीते हैं। हिंदुत्व की उग्र राजनीति का उत्तर प्रदेश से सफाया हो गया है। दो लड़कों की जोड़ी ने यहाँ कमाल कर दिखाया है। भाजपा को उत्तर प्रदेश से सबसे बड़ी उम्मीद थी, लेकिन राहुल गाँधी और अखिलेश यादव ने उस उम्मीद को तोड़ दिया है। इस जोड़ी ने जो काम साल 2019 में नहीं कर पायी उसे 2024 में अंजाम तक पहुंचा दिया। मोदी और योगी का जादू नहीं चल पाया है। यहाँ की जनता ने हिंदुत्व की राजनीति को सिरे से नकार दिया है यह अपने आप में यह बड़ा संदेश है। संविधान, आरक्षण और बेरोजगारी की जंग ने धर्म की राजनीति को बड़ा संदेश दिया है। उत्तर प्रदेश के युवाओं ने राहुल गाँधी के रोजगार के मुद्दे को दिल से लिया और दो लड़कों की जोड़ी पर भरोसा जताया। सबसे बड़ा संदेश अयोध्या ने दिया है फैजाबाद सीट ने उसे आइना दिखाया है। ओबीसी और दलित और मुस्लिम वोट ने कमाल कर दिखाया है। ओबीसी वोट भाजपा के हाथ से फिसल गया। यह भाजपा के लिए चुनौती है। जिस उत्तर प्रदेश पर भाजपा को बड़ा नाज था उसने मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ वोट किया। अब सवाल उठता है की प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह यूपी की हर चुनावी जन सभाओं में योगी के सुशासन का गुणगान करते नहीं थकते थे। लेकिन खुद योगी अपने राज्य में भजपा को नहीं बचा पाए।फिलहाल इसके लिए कौन जिम्मेदार है मोदी या योगी। सबसे अहम सवाल है कि जनता मोदी और योगी के नाम पर कब तक वोट करेगी। उत्तर प्रदेश में जिन सहयोगियों पर उन्हें अटूट भरोसा था वह भी कुछ नहीं कर पाए। यहाँ अखिलेश यादव का पीडीए फामूर्ला काम कर गया। यूपी में दलित वोटर मायावती की निष्क्रिय राजनीति को भाँप गया लिहाजा वह इण्डिया गठबंधन की तरफ चला गया। मुसलमान और यादवों के साथ दूसरी पिछड़ी जातियों ने इण्डिया को वोट किया। भाजपा जिस ओबोसी पर पूरा भरोसा जताती थीं उसी ने जमीन चटा दिया। उत्तर प्रदेश में भाजपा की सीधी हार के लिए केंद्रीय नेतृत्व मुख्यमंत्री से अधिक जिम्मेदार और जबाबदेह है।क्योंकि जिस तरह मीडिया में संगठन को लेकर जिस तरफ स्थिति बनी वह भी अहम कारण रहा है। टिकट बंटवारे को लेकर भी सवाल उठे। ठाकुरो की नाराजगी वाला मुद्दा भी अहम रहा। आंतरिक तौर पर जिस तरह विपक्ष के नेताओं को चुनाव के दौरान जाँच एजेंसियों का इस्तेमाल किया गया वह भी अहम है। यूपी में योगी और अमितशाह के रिश्ते को लेकर भी पार्टी की आंतरिक लड़ाई में अहम भूमिका निभाई। कई नेताओं के टिकट कटने से भी इसका प्रभाव पड़ा। दूसरी बात यह बात बराबर मीडिया में चर्चा रहीं की मोदी और अमितशाह के आगे किसी की नहीं लगती है। भाजपा कुछ भी कहे लेकिन आम आदमी महंगाई, बेरोजगारी से बिल्कुल परेशान है। युवाओं ने इस बार इण्डिया को जमकर वोट किया। क्योंकि यूपी आज तक कोई ?सी परीक्षा नहीं हुई जिसका पेपर लीक न हुआ हो। यूपी में काफी संख्या में सरकारी पद खाली पड़े हैं। जिसकी वजह से आम आदमी परेशान है। पीएम मोदी ने अपने चुनावी भाषण में सिर्फ कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का उपहास उड़ाते रहे। रोजगार और अग्निवीर योजना के प्रति गुस्सा चुनावों में साफ दिखता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई लोकसभा सीटें मुस्लिम बाहुल्य हैं। मुस्लिम आरक्षण को लेकर जिस तरह पीएम कांग्रेस पर हमलावर हुए उससे मुस्लिम वोट सीधे इण्डिया गठबंधन की तरफ मुड़ गया। इसके अलावा माफिया अतीक और अफजल अंसारी की मौत और बुलडोजर नीति ने भी बेड़ागर्त किया। तीन तलाक बिल से राहत महसूस करने वाली मुस्लिम महिलाएं भी अबकी बार भाजपा को वोट नहीं किया। मुस्लिम और यादव के साथ अन्य ओबीसी में गजब का ध्रुवीकरण देखा गया यह भजपा के लिए बड़ा सबक है। सिर्फ विपक्ष को जेल भेजकर देश नहीं चल सकता है इसके लिए नीति बदलनी होगी। आईटी सेल की भाषा भी बदलनी होगी। सबका साथ सबका विकास भाषण के साथ जमीन पर उतरना होगा। फिलहाल यूपी में योगी भूमिका अहम है केंद्रीय नेतृत्व उन्हें किनारे कर सफल नहीं हो सकता है। योगी सरकार और कानून व्यवस्था को लेकर खरे उतरे हैं। इस हार के तमाम अन्य कारण भी हैं। पूर्वांचल में भाजपा का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। भाजपा -राजभर की जोड़ी कुछ नहीं कर पाई। अगर बहुजन समाज पार्टी खुद को सेफ पॉलटिक्स की राजनीति से अलग रहते हुए इंडिया गठबंधन का हिस्सा होती तो उत्तर प्रदेश में भाजपा की जमीन खत्म हो गई होती और बसपा का नया जीवन मिल जाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए बड़ा संदेश है। इस जनादेश से साबित हो गया है कि अब राजनीति दूसरी तरफ मुड़ रहीं है। जौनपुर में धनंजय सिंह के साथ जिस तरह का सियासी दाबाव बनाया गया उसका भी बुरा असर दिखा और भाजपा जौनपुर सीट हार गईं। अगर भारतीय जनता पार्टी एनडीए गठबंधन के साथ सरकार बनाएगी लेकिन सरकार का भविष्य क्या होगा कहना मुश्किल है। भाजपा अब तक जो खुला खेल-खेल रही थी वह नहीं खेल पाएगी। उसकी उम्मीद पर पानी फिर गया है। वह खुद बहुमत का आंकड़ा नहीं छू पाई। कहा जाता है उत्तर प्रदेश दिल्ली की राजनीति का रास्ता तय करता है उत्तर प्रदेश में ही भाजपा को आइना दिखा दिया। इसके पीछे खुद भाजपा संगठन की आंतरिक राजनीति रही है।

# अभी समाप्त नहीं हुआ है अंधा-युग

**-राकेश अचल**

` अगर आप भाजपा की करारी हार से मुतमईन हैं और अच्छे दिन आने का ख्वाब देख रहे हैं तो सावधान हो जाइये ! अभी भाजपा तनखीन [कमजोर ] हुई है,मोदी जी को काशी ने अविनाशी मानने से इनकार जरूर किया है लेकिन अभी भी देश से अँधा युग समाप्त नहीं हुआ है। भाजपा अभी भी आम चुनाव के बाद सबसे बड़ी पार्टी है इसलिए उसे एक बार फिर देश की सत्ता सम्हलने का मौका मिलने वाला है। ऐसे में ये मान लेना कि- खतरा टल गया है ,समझदारी नहीं है। यकीनन देश की जनता ने अठारहवीं लोकसभा के लिए जनादेश कुछ इस तरह का दिया है कि न तो सत्ता बेलगाम हो सकती है और न विपक्ष निशक्त। अब नयी संसद और नई सरकार ध्वनिमत से नहीं चलेगी। मेजें थपथपाने से नहीं चलेगी । जय श्रीराम के नारों से नहीं चलेगी । मोदी ! मोदी !! के घोष से नहीं चलेगी। नयी सरकार सीना तानकर नहीं, सिर झुककर चलेगी और उन क्षेत्रीय दलों के सामने सिर झुकाकर चलेगी जिन्हें भाजपा अब तक पैर की जूती समझती आयी थी। जनता का और जनार्दन का लाख-लाख शुक्र है कि उसने भाजपा और उसके नेतृत्व वाले गठबंधन को आँखें बंद कर समर्थन नहीं दिया। अर्थात देश में अब अंधभक्तों की संख्या में भी गिरावट आयी है। जनता की आंखोंसे रतौंधी कम हुई है। काशी के चुनावी नतीजे इसका प्रमाण है। देश में जहाँ जनता ने इंदौर से भाजपा के शंकर लालवानी को अखंड 11 लाख से ज्यादा मतों से विजयी बनाया । भाजपा के हनुमान अमित शाह को सात लाख से ज्यादा मत दिए, वहीं अविनाशी और गंगा पुत्र माननीय मोदी जी को डेढ़ लाख में निबटा दिया। जाहिर है कि न गंगा ने और न काशी वासियों ने मोदी को स्वीकार किया और न देश ने। फिर भी मोदी जी को बधाई । उनके अखंड आत्मविश्वास को नमन। उनकी निर्लज्जता का अभिनंदन, जो उन्होंने अपनी हार को विनम्रता से स्वीकार करने के बजाय अपने पुराने दम्भ के साथ ही ग्रहण किया है। बेहतर होता कि भाजपा और संघ मोदी जी के विकल्प की तलाश इसी समय कर लेता। क्योंकि अब ये साबित हो गया है कि मोदी जी जब सबको साथ लेकर सबका विकास नहीं कर पाए तो वे चंद्रबाबू नायडू और नीतीश बाबू के भरोसे देश की एक मजबूत सरकार भी नहीं दे सकते। ये दोनों कब और किस मोड़ पर मोदी जी को अकेला छोड़ दें ,ये न मोदी जी जानते हैं और न भागवत जी। मोदी जी को किसी दूसरे राज्य की आवाज सुनाई दे या न दे लेकिन उन्हें देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की आवाज को कान लगाकर/ध्यान लगाकर सुनना चाहिए। लोकसभा की 80 सीटों वाले उत्तर प्रदेश ने इस बार भाजपा यानि मोदी के नतृत्व वाले गठबंधन को केवल 36 सीटें दीं है। दो युवाओं की जोड़ी को 43 सीटें देकर ये जताने की कोशिश की है कि भविष्य के नेता राहुल गांधी और अखिलेश यादव हैं न कि मोशा। मोदी का जादू भले उत्तर प्रदेश पर नहीं चला लेकिन गुजरात समेत अनेक राज्यों पर चला । यहां तक कि आप की दिल्ली भी भाजपा ने फतह कर ली। ओडिशा में भगवान जगन्नाथ को ठेंगा दिखा दिया और बीजद के अखंड साम्राज्य को ध्वस्त कर दिया। मोदी जी शायद उत्तर प्रदेश को लेकर गफलत में रहे ,इसीलिए गच्चा खा गए। बहरहाल मोदी युग यानि राजनीति का अँधा युग अभी समाप्त नहीं हुआ है । जनता ने उसे क्षीण किया है। मोदी को अभी न भाजपा खारिज कर पायी है और न आरएसएस। मोदी अभी भी भाजपा के स्वयंभू नेता हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** आज का दिन सम्मान से भरा होगा और हर कार्य सरलता से पूर्ण होने पर आपका मन प्रसन्न होगा।

**तुला** आज का दिन प्रभावशाली होगा और आपको हर मामले में लाभ होने के योग हैं।

**वृषभ** आज भाग्य साथ दे रहा है और आप कारोबार में कुछ नई योजनाओं पर काम कर सकते हैं।

**वृश्चिक** आज लाभ होगा। आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**मिथुन** दिन क्रिएटिविटी से भरा होगा और आज आपको कोई रुका कार्य पूरा करने में दूसरों से मदद मिलेगी।

**धनु** आज करियर के मामले में लाभ होगा। बस आपको थोड़ा सा सतर्कता से काम करने की जरूरत है।

**कर्क** आज का दिन करियर के मामले में सफलता से भरा होगा। आप जो भी काम मेहनत के साथ करेंगे।

**मकर** आज आपको सफलता मिलेगी। मुनाफा अच्छा होने से आपका काम अच्छा चलेगा।

**सिंह** करियर के मामले में लाभ होगा और बेहतर होगा कि आज का दिन सावधानी और संयम के साथ बिताएं।

**कुंभ** करियर के मामले में लाभ होगा। मौसम में हो रहे बदलाव से सावधान रहने की जरूरत है।

**कन्या** आज का दिन व्यस्तता से भरा होगा और आपको कुछ जरूरी कार्य पूर्ण करने में सफलता मिलेगी।

**मीन** आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने से आपको लाभ होगा।

## विशेष

### चुनाव आयोग के मकडजाल में फंसे जयराम

चुनाव आयोग ने कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश से उनके बयान पर जवाब मांग लिया है। उन्होंने एक सार्वजनिक बयान में कहा था। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 150 जिलों के कलेक्टरों को फोन करके धमका रहे हैं। शनिवार की सुबह से केंद्रीय गृहमंत्री डेढ़ सौ कलेक्टरों को फोन कर चुके हैं। उनके इस बयान के बाद चुनाव आयोग ने इसे संज्ञान में लिया। जय रामरमेश से उनके दावे और उनकी जानकारी के बारे में जवाब मांग लिया है। निश्चित रूप से मतदान खत्म हो गया है। आदर्श आचार संहिता अभी भी लागू है। सभी कलेक्टर चुनाव ड्यूटी में लगे हुए हैं। आयोग ने तथयात्मक जानकारी और दावे का आधार बताने के लिए भी कहा है। जयराम रमेश हैरान ओर परेशान है।

### डायलॉग पसंद नहीं आए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रचार तंत्र के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। मोदी जी हर राज्य गए। ज्यादा से ज्यादा सीटों पर उन्होंने रेलियाँ ओर जन सभाएं कर तरह-तरह के डायलॉग सुनाए। मतदाताओं को एक दूसरे का भय दिखाया गया। हिंदुओं से कहा, यदि विपक्ष की सरकार बनी तो सारी संपत्ति मुसलमानो को दे देंगे। मुसलमान को घुसपैठिया बता दिया। ज्यादा बच्चा पैदा करने वाला बता दिया। वोट जिहाद, कांग्रेस आई तो आरक्षण मुसलमान को दे देगी। गुलामी, मुजरा, मंगलसूत्र, शहजादे इत्यादि रूपकों से तरह-तरह का चुनाव प्रचार किया। फिर भी कुछ काम नहीं आया।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1660: स्वीडन और डेनमार्क का युद्ध कोपनहेगन संधि के साथ समाप्त हुआ. 1683: आक्सफोर्ड, इंग्लैंड में पहला संग्रहालय जनता के लिए खोला गया. 1891: कनाडा के पहले प्रधानमंत्री सर जान ए.मैकडोनाल्ड का निधन हुआ. 1972: रोडेशिया की एक कोयला खान दुर्घटना में 427 व्यक्ति मारे गये. 1982: कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री डी. देवराज अर्स का निधन. 1984: स्वर्ण मंदिर तथा अन्य धार्मिक स्थानों से सेना ने आपरेशन ब्लू स्टार के अधीन आतंकवादियों को जबरदस्ती बाहर निकाला. 1994: चीनी विमान दुर्घटनाग्रस्त 160 व्यक्ति मारे गये. 1997: संगीतकार मोहन उप्रेती का निधन. 1998: भारत और पाकिस्तान के परमाणु परीक्षणों की राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद् ने निंदा की. 1999: भारत ने पाकिस्तान से युद्ध की आशंका से इंकार किया.

## दैनिक पंचांग

**06 जून 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.53 बजे से |
| चंद्र | वृष में | कर्क | 08.06 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 10.22 बजे से |
| बुध | वृष में | कन्या | 12.34 बजे से |
| गुरु | वृष में | तुला | 14.45 बजे से |
| शुक्र | वृष में | वृश्चिक | 16.59 ब.से |
| शनि | कुंभ में | धनु | 19.15 बजे से |
| राहु | मीन में | मकर | 21.21 बजे से |
| केतु | कन्या में | कुंभ | 23.07 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 00.40 बजे से |
| 1.30 से 3.00 | | मेष | 02.10 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 03.50 बजे से |

**गुरुवार** 2024 वर्ष का 158 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **तिथि** अमावस्या 18.08 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** रोहिणी 20.17 बजे को समाप्त। **योग** धृति 22.09 बजे को समाप्त। **करण** चतुष्पद 06.59 बजे तदनन्तर नाग 18.08 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 41' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872002 **जूलियन दिन** 2460467.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जिल्काद **तारीख** 28 **विशेष** शनि जयंती, वट सावित्री व्रत, रोहिणी व्रत, स्नानदान श्राद्ध अमावस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# अडानी ने गंवाया 208129 करोड़ और रुतबा, मुकेश अंबानी को 75144 करोड़ का झटका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के नतीजों में किसी भी सिंगल पार्टी को बहुमत नहीं मिलने से शेयर मार्केट सोमवार को धराशायी हो गया। अधिकांश स्टॉक्स जमीन पर आ गए। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी लुढ़के और अडानी ग्रुप के शेयर तो धड़ाम हो गए। इससे निवेशकों के पैसे तो डूबे ही, अडानी-अंबानी की संपत्ति में भी सेंध लग गई। गौतम अडानी को एक ही दिन में 24.9 अरब डॉलर (करीब 208129 करोड़) का झटका लगा। जबकि, मुकेश अंबानी को करीब 9 अरब डॉलर (75144) का नुकसान हुआ।

एग्जिट पोल्स के बाद बाजार चढ़ा तो अडानी सोमवार को दुनिया के अरबपतियों में टॉप गेनर थे। मंगलवार को रिजल्ट डे के दिन टॉप लूजर बन गए। अडानी 100 अरब डॉलर क्लब से बाहर हो गए। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक अडानी की कुल संपत्ति अब 97.5 अरब डॉलर रह गई है। वह अरबपतियों की रैंकिंग में 3 पायदान लुढ़क कर 15वें स्थान पर आ गए हैं। अडानी की दौलत और रुतबा घटने के पीछे उनकी कंपनियों के शेयर हैं। अडानी ग्रुप की कंपनियों के शेयर मंगलवार को औंधेमुंह गिरे। अडानी पावर 17.55 फीसद, अडानी एंटरप्राइजेज 19.07 फीसद, अडानी पोर्ट 21.40 फीसद, अडानी टोटल गैस 18.53 फीसद और अडानी ग्रीन एनर्जी करीब 20 फीसद टूटा। अडानी विल्मर में 10 फीसद की गिरावट आई। अडानी एनर्जी सॉल्यूशन में 20 फीसद का लोअर सर्किट लगा। इसके अलावा एसीसी, एनडीटीवी और अंबुजा सीमेंट भी धराशायी हो गए। इसका असर अडानी की दौलत पर पड़ा।

## अंबानी ने दौलत गंवाई, रुतबा बढ़ा

शेयर बाजार में आई सुनामी में मुकेश अंबानी के 8.99 अरब डॉलर डूब गए। अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 6.76 पर्सेंट टूटे। इससे उनकी संपत्ति में गिरावट दर्ज की गई। इससे अंबानी की दौलत भले ही कम हुई लेकिन, दुनिया के अरबपतियों में उनका रुतबा कम नहीं हुआ बल्कि और बढ़ गया। अमीरों की लिस्ट में अंबानी 11वें स्थान पर हैं। अडानी से एक बार फिर उन्होंने एशिया के सबसे रईस का ताज छीन लिया है।

# 32 करोड़ टन से ज्यादा होगा खाद्य उत्पादन, तीसरे अग्रिम अनुमान में गेहूं की रिकॉर्ड पैदावार की उम्मीद



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने देश में रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन की उम्मीद जताई है। 11.29 करोड़ टन गेहूं पैदा हो सकता है। जबकि कुल खाद्यान्न 32 करोड़ टन से ज्यादा हो सकता है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 2023-24 के प्रमुख कृषि फसलों के उत्पादन के तीसरे अग्रिम अनुमान में कहा, चावल उत्पादन इस दौरान 13.67 करोड़ टन रह सकता है। मंगलवार को जारी अनुमान के मुताबिक, मक्का का उत्पादन 3.57 करोड़ टन, श्री अन्न का 1.74 करोड़ टन, अरहर का 33.85 लाख टन और चना का 1.16 करोड़ टन उत्पादन हो सकता है। तिलहन 3.96 करोड़ टन, सोयाबीन 1.30 करोड़ टन, रेपसीड और सरसों का 1.31 करोड़ टन उत्पादन हो सकता है। गन्ना का उत्पादन 44.25 करोड़ टन, कपास का 3.25 करोड़ टन और जूट का 92.59 लाख टन हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्पाइसजेट की अगले कुछ महीनों में 25 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाने की योजना : एयरलाइन प्रमुख



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विमानन कंपनी स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह ने बुधवार को कहा कि एयरलाइन अपना परिचालन बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है और अगले कुछ महीनों में वह करीब 25 करोड़ डॉलर जुटाएगी। एयरलाइन पट्टादाताओं और ऋण संबंधी समस्याओं सहित अनेक चुनौतियों में घिरी है। सिंह ने कहा कि एयरलाइन को अचानक सामने आई समस्याओं और उसके प्रभावों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, ''स्पाइसजेट को खत्म करना मुश्किल है...और हम समस्याओं से निपटने के प्रयास कर रहे हैं। सिंह ने कहा कि एयरलाइन का बही-खाता अगली दो तिमाहियों में ठीक हो जाएगा। सिंह ने राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 'सीएपीए इंडिया एविएशन समिट में कहा, ''एयरलाइन की अगले कुछ महीनों में 25 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाने की योजना है और इसका भविष्य काफी उज्ज्वल है। कंपनी ने वर्तमान में कुछ विमानों को पट्टे पर दिया है, क्योंकि विभिन्न कारणों से उसके कई विमान उड़ान नहीं भर पा रहे। एयरलाइन के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सिंह ने कहा, ''हम अपने बेड़े का विस्तार करेंगे। सिंह ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि भारत में विमानन केंद्र हो और इस संबंध में ''हमें हर संभव कदम उठाने की जरूरत है।

### गूगल ने अपनी क्लाउड इकाई से 100 कर्मचारी हटाए, माइक्रोसॉफ्ट में भी जाएंगी नौकरियां



**सैन फ्रांसिस्को एजेंसी।** अल्फाबेट के स्वामित्व वाली गूगल कंपनी अपनी क्लाउड इकाई की कई टीमों में से कम से कम 100 कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। सीएनबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, गूगल के आंतरिक पत्राचार में कहा गया है कि बिक्री, संचालन-इंजीनियरिंग, परामर्श और बाजार-रणनीति से जुड़ी कुछ अहम भूमिकाओं में चुनिंदा पदों में कटौती की गई है। गूगल के एक प्रवक्ता ने एक ईमेल बयान में कहा, हम अपने ग्राहकों की प्राथमिकताओं और आगे के महत्वपूर्ण अवसरों को पूरा करने के लिए अपने व्यवसाय का विकास जारी रखेंगे। हम उन क्षेत्रों में निवेश करने की अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखेंगे, जो हमारे व्यवसाय के लिए महत्वपूर्ण हैं और हमारी दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित करते हैं। यह रिपोर्ट अप्रैल में विभिन्न टीमों में हुई बड़ी छंटनी के बाद आई है। एजेंसी

#### लागत में कमी के उपाय जारी

दिग्गज गूगल कंपनी लागत में कमी के उपायों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इस साल की शुरुआत में कंपनी ने अप्रैल में छंटनी का एक दौर अंजाम दिया, जिससे विभिन्न डिवीजनों में अनिर्दिष्ट संख्या में कर्मचारी प्रभावित हुए व लागत में कमी आई। इसके अलावा, जनवरी में, आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच प्रौद्योगिकी व मीडिया क्षेत्रों में नौकरी में कटौती की व्यापक प्रवृत्ति के तहत कंपनी ने अपने सैकड़ों कर्मचारियों की संख्या में कमी की। गूगल के क्लाउड डिवीजन में ताजा छंटनी कंपनी में जारी समायोजन को उजागर करती है क्योंकि यह मौजूदा आर्थिक परिदृश्य को नेविगेट करती है।

# रेलवे ने दिया जीपीटी इंफ्राप्रोजेक्ट्स को 547 करोड़ का ऑर्डर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जीपीटी इंफ्राप्रोजेक्ट्स के शेयर के शेयर आज फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज मंगलवार को 4.9 पर्सेंट चढ़कर 239 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ा ऑर्डर है। दरअसल, कंपनी को रेल विकास निगम से 547 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। इसके बाद से शेयरों में तेजी देखी जा रही है।

एलिवेटेड कॉरिडोर के वायाडक्ट हिस्से, रोड ओवर ब्रिज और निकास/प्रवेश रैंप के निर्माण के लिए एक ऑर्डर दिया गया है। इसके अलावा इसमें एनएचएआई कार्यालय भवन के निर्माण और विद्युतीकरण और प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य विविध कार्य शामिल हैं। यह इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मोड पर पश्चिम बंगाल में छह-लेन एलिवेटेड कोना एक्सप्रेसवे के सात किलोमीटर के हिस्से के लिए है। कंपनी के लिए बकाया ऑर्डर बुक अब 3,646 करोड़ रुपये है, जिसमें वित्त वर्ष 2025 के लिए कुल ऑर्डर प्रवाह 674 करोड़ रुपये है। इसका 52 वीक हाई प्राइस 265 रुपये है। वहीं, 52 वीक का लो प्राइस 55.72 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 1,297.24 करोड़ रुपये है। जीपीटी इंफ्राप्रोजेक्ट्स एक रेलवे केंद्रित बुनियादी ढांचा कंपनी है, जो नागरिक और इंफ्रा परियोजनाओं खासकर रेलवे के लिए बड़े पुलों और आरओबी और सरकारी कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए सड़कों के एग्जिक्यूट में सक्रिय है।

# 96 प्रतिशत टूटकर 12 रुपये पर आ गया जेपी ग्रुप का शेयर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेपी एसोसिएट्स) के शेयर लगातार लुढ़क रहे हैं। कंपनी के शेयर बुधवार को 10 पर्सेंट की गिरावट के साथ 11.99 रुपये पर पहुंच गए हैं। जेपी एसोसिएट्स के शेयरों में मंगलवार को भी तेज गिरावट देखने को मिली थी। दरअसल, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने 3 जून को जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के खिलाफ आइसीआइसीआइ बैंक और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की इनसॉल्वेंसी याचिका को स्वीकार कर दिया है। जेपी एसोसिएट्स के शेयर अपने ऑल टाइम हाई लेवल से करीब 96 पर्सेंट टूट गए हैं।

जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेपी एसोसिएट्स) के शेयरों में पिछले कुछ सालों में तेज गिरावट आई है। कंपनी के शेयर 11 जनवरी 2008 को 297.60 रुपये पर थे। जेपी एसोसिएट्स के शेयर 5 जून 2024 को 11.99 रुपये पर आ गए हैं। इस अवधि में कंपनी के शेयरों में 96 पर्सेंट के करीब गिरावट देखने को मिली है। जेपी एसोसिएट्स के शेयरों में पिछले 1 महीने में 36 पर्सेंट के करीब गिरावट आई है। कंपनी के शेयर 6 मई 2024 को 18.72 रुपये पर थे, जो कि 5 जून 2024 को 11.99 रुपये पर आ गए हैं। कंपनी के शेयरों में गिरावट से जुड़े अपने कैलकुलेशन में हमने जेपी एसोसिएट्स की तरफ से दिए गए बोनस शेयरों को शामिल नहीं किया है।

आईसीआईसीआई बैंक ने इनसॉल्वेंसी की कार्यवाही साल 2018 में शुरू की थी और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया साल 2022 में इस प्रोसेस से जुड़ा। जयप्रकाश एसोसिएट्स के ऊपर 17,700 करोड़ रुपये का कर्ज है। ब्याज मिलाकर यह कर्ज 29361 करोड़ रुपये हो गया है। आइसीआइसीआइ क्ष्ुठ्ठ्र, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और आईडीबीआई बैंक की अगुवाई वाले कंसोर्शियम का जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड में एक्सपोजर है। कंसोर्शियम में 22 लेंडर्स शामिल हैं। हालिया गिरावट के बाद भी जयप्रकाश एसोसिएट्स के शेयरों में पिछले 4 साल में 705 पर्सेंट के करीब उछाल आया है। जेपी एसोसिएट्स के शेयर 5 जून 2020 को 1.49 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 5 जून 2024 को 11.99 रुपये पर पहुंच गए हैं।

# एयर इंडिया ने की फेयर लॉक की शुरुआत, अब किराए में अचानक बदलाव से नहीं होगी दिक्कत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एयर इंडिया ने यात्रियों के लिए एक नई सर्विस की शुरुआत की है। इस नई सुविधा से यात्रियों को अब किराए में अचानक होने वाले बदलाव से किसी तरह की कोई समस्या नहीं होगी। इस सुविधा का नाम फेयर लॉक है। इससे यात्रियों को अपना ट्रैवल प्लान बनाने में ज्यादा आसानी रहेगी। दरअसल भारत की प्रमुख एयरलाइन, एयर इंडिया ने अपनी वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर टिकट बुकिंग प्रक्रिया में एक नया फीचर 'किराया लॉक' शामिल किया है। इससे यात्री अपनी पसंद की फ्लाइट का किराया कम शुल्क में 48 घंटे के लिए रोक सकते हैं, जिससे वह आराम से अपने ट्रैवल पोग्राम को अंतिम रूप दे सकते हैं।

इस सुविधा के चलते अब यात्रियों को अपनी पसंदीदा फ्लाइट के किराए में अचानक होने वाले बदलाव या सीटों की उपलब्धता को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। हालांकि ध्यान रखें कि यह सुविधा फ्लाइट की तारीख से कम से कम 10 दिन पहले वाली फ्लाइट्स के लिए ही उपलब्ध है।

किराया लॉक का इस्तेमाल करने के लिए एयर इंडिया के यात्रियों को बस अपनी पसंदीदा फ्लाइट चुननी होगी। इसके बाद बुकिंग प्रक्रिया के दौरान किराया लॉक विकल्प को चुनना होगा। अब एक बार गैर-वापसी शुल्क का भुगतान करना होगा। इसके बाद में, वेबसाइट या मोबाइल ऐप पर 'बुकिंग प्रबंधित करें' विकल्प का चयन करके चुने हुए किराए पर अपनी बुकिंग की पुष्टि कर सकते हैं। इस सुविधा का फायदा उठाने के लिए आपको कुछ पेमेंट करना होगा। यह किराया लॉक शुल्क अलग-अलग रूट के हिसाब से तय होता है और प्रति यात्री प्रति टिकट पर लागू होता है। हालांकि यह शुल्क गैर-वापसी योग्य है। फेयर लॉक एयर इंडिया की बढ़ती हुई सेवाओं में एक नया इजाफा है, जिसका लक्ष्य यात्रियों को बेहतर यात्रा का अनुभव देना है। बता दें कि 15 अक्टूबर, 1932 को अपनी पहली उड़ान के बाद से, एयर इंडिया ने दुनिया भर के शहरों, यूएसए, कनाडा, यूके, यूरोप, सुदूर-पूर्व, दक्षिण-पूर्व एशिया, ऑस्ट्रेलिया और खाड़ी के लिए नॉन-स्टॉप उड़ानों के साथ एक बड़ा घरेलू नेटवर्क बनाया है।

# नई सरकार से रियल एस्टेट क्षेत्र में नीतिगत सुधार की उम्मीद: बिल्डर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जमीन-जायदाद के विकास से जुड़ी कंपनियों के संगठन नारेडको ने कहा कि नई सरकार को रियल एस्टेट क्षेत्र में वृद्धि को लेकर नीतिगत सुधार करने के साथ आवास मांग को बढ़ावा देने के लिए मकान खरीदारों के साथ-साथ डेवलपर को कर प्रोत्साहन प्रदान करना चाहिए। नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) ने परियोजनाओं के विकास के लिए अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल बनाने की भी मांग की। लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नारेडको के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी हरि बाबू ने कहा, ''रियल एस्टेट क्षेत्र एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जिसमें वृद्धि की काफी संभावनाएं हैं लेकिन कई बड़ी चुनौतियां भी हैं। 2030 तक 1000 अरब अमेरिकी डॉलर के बाजार आकार तक पहुंचने और 2047 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उद्योग बनने के लिए हमें सरकारी समर्थन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बढ़ती हुई आवास ऋण मासिक किस्त से निपटने के लिए प्रमुख नीतिगत सुधारों को लागू करना और स्थिरता प्रोत्साहन शुरू करना आवश्यक है। हरि बाबू ने कहा कि इसके अतिरिक्त वित्तीय सीमाओं को समायोजित करके तथा बिल्डर के लिए प्रोत्साहन प्रदान करके किफायती आवास को अधिक सुलभ बनाना विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र खासकर किफायती आवासीय क्षेत्र में वृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए विशिष्ट नीतिगत सुधार आवश्यक हैं। हरि बाबू ने कहा, ''हम उम्मीद करते हैं कि सरकार रियल एस्टेट क्षेत्र की वृद्धि और स्थिरता को समर्थन देने के लिए नीतिगत सुधार तथा प्रोत्साहन लागू करेगी। इन सुधारों में पर्यावरण अनुकूल निर्माण गतिविधियों के लिए वित्तीय प्रोत्साहन और किफायती आवास परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने वाले डेवलपर के लिए सब्सिडी या कर छूट शामिल हो सकते हैं।

# आसमान पर पहुंचे सोने के भाव ! चांदी की कीमतों में जबरदस्त उछाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने के दाम बढ़कर अब 72 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊपर निकल गए हैं। वहीं चांदी भी तेजी से बढ़ रही है। आज एमसीएक्स एक्सचेंज पर सोने-चांदी में अच्छी तेजी देखी जा रही है।

एमसीएक्स एक्सचेंज पर आज यानी बुधवार को 5 अगस्त 2024 की डिलीवरी वाला सोना बढ़त के साथ 72,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया है। सोने में सुबह से ही तेजी देखी जा रही है। सोना आज सुबह बढ़त के साथ खुला है। वहीं 5 जून 2024 की डिलीवरी वाला सोना उछलकर 72,199 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार पहुंच गया है।

एमसीएक्स एक्सचेंज पर आज यानी बुधवार को 5 जुलाई 2024 की डिलीवरी वाली चांदी आज 318 रुपये बढ़कर 89,977 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही है। वहीं 5 सितंबर 2024 को डिलीवरी वाली चांदी 302 रुपये बढ़कर 91,862 रुपये के स्तर पर पहुंच गई है। 5 दिसंबर 2024 को डिलीवरी वाली चांदी आज 94,118 रुपये पर पहुंच गई है।

सोने की वैश्विक कीमतों में भी आज तेजी देखी जा रही है। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 0.53 फीसदी या 12.40 डॉलर की तेजी के साथ 2,359.80 डॉलर प्रति औंस पर हैं। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव बढ़कर 2,341.16 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच चुके हैं। चांदी के वैश्विक भाव में आज तेजी आई है। कॉमेक्स पर चांदी का वायदा भाव 0.90 फीसदी या 0.27 डॉलर की तेजी के साथ 29.89 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गए हैं। वहीं, चांदी का वैश्विक हाजिर भाव 29.75 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है। सोने और चांदी की कीमतों में पिछले हफ्ते की शुरुआत में तेजी देखने को मिली थी। हालांकि उसके पहले सप्ताह सोने-चांदी में गिरावट आई थी। आज सोने-चांदी के भाव में दोबारा तेजी देखी जा रही है।

# दुनिया की टॉप 13 टायर कंपनियों में चार भारत की

**इस लिस्ट में अमेरिका और जापानी की दो-दो कंपनियां**

## देश की सबसे बडी टायर कंपनी बालकृष्ण इंडस्ट्रीज है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एमआरएफ का नाम तो आपने सुना ही होगा। टायर बनाने वाली चेन्नई की इस कंपनी का शेयर भारत का सबसे महंगा स्टॉक है। अभी कंपनी के एक शेयर की कीमत करीब एक लाख 25 हजार रुपये है। लेकिन यह टायर बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी नहीं है। देश की सबसे बडी टायर कंपनी का खिताब बालकृष्ण इंडस्ट्रीज ( ) के नाम है। यह ऑफ-हाइवे टायर बनाती है। यानी यह एग्रीकल्चर टायर (ट्रैक्टर्स), इंडस्ट्रियल टायर (क्रेन, ग्रेडर) और ओटीआर टायर बनाती है। दुनिया की टॉप 13 कंपनियों में भारत की सबसे ज्यादा चार कंपनियां शामिल हैं। इनमें बालकृष्ण इंडस्ट्रीज, मद्रास रबर फैक्ट्री, अपोलो टायर्स और सिएट शामिल हैं। इस लिस्ट में चीन की कोई भी कंपनी शामिल नहीं है। अमेरिका और जापान की दो-दो कंपनियों को इस लिस्ट में जगह मिली है।



दुनिया में टायर बनाने वाली कंपनियों की लिस्ट में टॉप पर जापान की कंपनी ब्रिजस्टोन है। फ्रांस की कंपनी मिशेलिन इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। तीसरे नंबर पर जर्मन कंपनी कोंटिनेंटल है। भारत की कंपनी बालकृष्ण इंडस्ट्रीज चौथे और एमआरएफ पांचवें नंबर पर है। इटली की कंपनी पिरेली छठे नंबर पर है। अमेरिकी कंपनी गुडईय इस लिस्ट में सातवें, दक्षिण कोरिया की हैनकुक टायर आठवें, भारत की अपोलो टायर नौवें, जापान की टोयो टायर दसवें, फिनलैंड की नोकियन टायर्स 11वें, भारत की सिएट 12वें और टाइटन इंटरनेशनल 13वें नंबर पर हैं।

**इंडियन टायर इंडस्ट्री**



## इंटरव्यू के दौरान आपका फर्स्ट इम्प्रेशन ही दिलाता है सफलता

**इंटरव्यू का पहला इंप्रेशन अगर आपका अच्छा गया है तो यह आपको आसानी से नौकरी दिला सकता है। कई बार हम बड़ी कंपनी में इंटरव्यू के दौरान कुछ गलतियां कर देते हैं। ऐसे में अच्छी नौकरी हमारे हाथ से निकल जाती है। अगर आप भी जॉब के इंटरव्यू की तैयारी में लगे है तो इंटरव्यू को दौरान कुछ बातों का रखें खास ख्याल।**

इंटरव्यू में केवल आपकी शिक्षा ही नहीं बल्कि आपके बोलचाल का तरीका भी देखा जाता है। ऐसे में कई बार आप सभी सवालों का सही जवाब देते है इसके बावजूद भी आपकी नौकरी नही लगती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि कई बार सामने वाला आपके काम के साथ ही आपकी बॉडी लैंग्वेज भी नोटिस करता है। ऐसे में आपको इंटरव्यू के समय इन बातों का खास ध्यान रखना चाहिए।

### कपड़ो का रखें खास ख्याल

अगर आप जॉब इंटरव्यू के लिए जा रही हैं तो आपको कपड़ो का खास ख्याल रखना चाहिए। कोशिश करें की आप फॉर्मल कपड़े ही पहने। ऐसा करने से भी आपका फर्स्ट इम्प्रेशन काफी अच्छा जाएंगा। ज्यादा तड़क-भड़क रंग के कपड़ों को इंटरव्यू में पहनने से हमेशा ही बचना चाहिए।

### बॉडी लैंग्वेज का रखें खास ख्याल

बॉडी लैंग्वेज यानी हाव-भाव एक तरह की शारीरिक भाषा है। जो व्यक्ति आपका इंटरव्यू ले रहा है वह आपके बॉडी लैंग्वेज पर खास ध्यान देता है। कई कंपनियां स्किल्स के साथ ही कैंडिडेट के उठने-बैठने के अंदाज और बातचीत करने के तरीके को ध्यान में रखते हुए भी उन्हें शॉर्टलिस्ट करती हैं। ऐसे में आपको इसका खास ख्याल रखना है।

### आई कॉन्टैक्ट से बनेगा खेल

आपसे जब किसी भी तरीके का सवाल पूछा जाएं तो आई कॉन्टैक्ट करके जवाब दें। ऐसा करने से भी आपको जॉब आसानी से मिल जाएंगी। अगर आप इधर-उधर देखते हुए जवाब देंगे तो इससे आपके कॉन्फिडेंस पर सवाल उठ सकता है।




## कॉलेज की ये डिग्रियां आपको दिला सकती हैं सबसे ज्यादा सैलरी

**अगर आपको बेहतर सैलरी चाहिए तो कॉलेज से करें ये कोर्सेज, इन कोर्सेज के करने से आपकी अच्छी नौकरी के चांसेस और भी बढ़ जाते हैं।**


हम सब एक बेहतर नौकरी की तलाश में रहते हैं। जहां हमारी सैलरी बेहतर हो और हमें एक अच्छा लिविंग स्टैंडर्ड मिले, इतना ही नौकरी पाने के बाद हमारा सोसाइटल स्टेटस भी बढ़ जाए। इन सभी बेहतर चीजों के लिए हमें जरूरत होती है, एक बेहतर सैलरी वाली नौकरी। ऐसे में हमें स्कूल पास करते ही यह सोच लेना चाहिए कि हम आगे क्या करना चाहते हैं। ताकि उसी के मुताबिक हम अपने ऊपर काम कर सकें। ऐसे में हमें कॉलेज से उस डिग्री की पढ़ाई करनी चाहिए, जिससे कॉलेज के बाद नौकरी के लिए ज्यादा भटकना ना पड़े। खैर भारत में बेरोजगारी के हालात को देखते हुए यह दावा नहीं किया जा सकता कि कोई कोर्स करके आप निश्चित ही नौकरी पा सकते हैं। पर आप इन कोर्सको करने के बाद थोड़े ही एफर्ट में एक अच्छी सैलरी वाली नौकरी पा सकते हैं तो आइए जानते हैं, कि आखिर कौन से हैं वो कोर्सेज।

### एमबीबीएस, मेडिकल




मेडिकल की शिक्षा को लेकर भारत में सबसे ज्यादा मुकाबला है। एमबीबीएस का फुल फॉर्म बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड बैचलर ऑफ सर्जरी है'। मुट्ठी भर कॉलेजों के लिए लाखों बच्चे परीक्षा में बैठते हैं। यह डिग्री पूरी कर लेना अपने आप में ही बड़ी बात होती है, क्यों कि आधे से ज्यादा बच्चे कॉलेज के लिए परीक्षा क्वालीफाई ही नहीं कर पाते। यह कोर्स 5.5 साल का होती है मगर इसे पास करने में और भी साल लग जाते हैं। इसके लिए आपको नीट की परीक्षा देनी पड़ती है, अगर आप क्वालिफाई होते हैं तब ही आपको कॉलेज मिलेंगे।

### बीबीए, मैनेजमेंट




ज्यादातर कॉमर्स स्टूडेंट बीबीए का ऑप्शन चुनते हैं। इस कोर्स के साथ करियर बनाने के लिए आपकी मैनेजमेंट की स्किल बहुत अच्छी होनी चाहिए। आज के इस कॉम्पिटेटिव माहौल में हर कंपनी मैनेजर रखना चाहती है, जिस कारण इस कोर्स को पढ़ने से आपकी अच्छी खासी जॉब लग सकती है। यह कोर्स करने के बाद आपको बिजनेस और मैनेजमेंट से जुड़ी हर अहम बात बताई जाती हैं। बीबीए तीन साल का कोर्स होता है, आप को बता दें कि ये कोर्स काफी महंगा है, अगर आप सरकारी कॉलेज निकालते हैं तब तो बजट फ्रेंडली है, मगर प्राइवेट कॉलेज में ये फीस और भी ज्यादा है। पर अगर आपको यहां एक अच्छी प्लेसमेंट मिल जाए, तो आपका करियर सेट हो जाएगा।

### बीटेक, इंजीनियरिंग

आज हर फील्ड में आधुनिकता की जरूरत है, जिस कारण इंजीनियर्स के लिए जॉब हमेशा




रहेगी। देश में ही नहीं बल्कि विदेशी मुल्कों में भी भारतीय इंजीनियर्स बड़े-बड़े पदों पर काम करते हैं। अगर आप टेक्निकल फील्ड में इंटरेस्ट रखते हैं तो आपको बीटेक करने के बारे में सोचना चाहिए, हालांकि पिछले कई सालों से प्राइवेट कॉलेज के चलन के कारण इसमें जॉब के लिए और भी ज्यादा कॉम्पिटिशन बढ़ता जा रहा है। अगर आपको आईआईटी या एनआईटी के कॉलेज में पढ़ने का मौका मिलता है, तो ये कोर्स करना आप के लिए फायदेमंद है।

### मर्चेंट नेवी



समुद्र के बीच बड़ी बड़ी नावों में आने जाने वाले समान को सुरक्षित रखने का काम मर्चेंट नेवी का होता है। यह वैश्विक व्यापार की रीढ़ के रूप में काम करता है। यह प्राइवेट कंपनियों और सरकार दोनों के लिए ही काम करता है। आप चाहें तो बारहवीं या ग्रेजुएशन के बाद ही इस जॉब के लिए अप्लाई कर सकते हैं। यहां शुरुआती पोस्ट की भी सैलरी 50000 के ऊपर है, जो कई अन्य नौकरियों के मुकाबले काफी ज्यादा है।

### एलएलबी

अगर आपको देश विदेशों के नियम-कानून के बारे में जानने में दिलचस्पी है तो आप लॉ की पढ़ाई कर सकते हैं। जिसके लिए भारत में कई सरकारी और प्राइवेट दोनों तरह के कॉलेज मौजूद हैं, इस डिग्री को अगर अच्छे कॉलेज से किया जाए, तो सैलरी का पैकेज 8,00,000 सालाना हो। अगर आप एलएलबी कर रहें हैं तो मन लगाकर करें, जिससे जल्द से जल्द नौकरी लगने आसार हों।






## बिना एक्सपीरियंस संगीत में दिलचस्पी रखने वाले भी बना सकते हैं इसमें करियर

**पहले के समय में लोग सिर्फ इंजीनियर और डॉक्टर के करियर को ही सबसे अच्छा प्रोफेशन मानते थे। पर, बदलते वक्त ने लोगों के नैरेटिव को भी बदल दिया है। आज के समय में कोई भी अपने पैशन और टैलेंट के बदौलत भी ऊंचाइयों को छू सकता है। साथ ही, इससे अच्छी कमाई भी कर सकता है। क्योंकि आज के दौर में लोगों को कुछ नया और हटके पसंद आता है।**

आज के समय में अगर आपके अंदर कोई स्किल है, तो आप उसे अपना प्रोफेशन बना सकती हैं। ऐसे में आप यदि म्यूजिक में गहरी रुचि रखते हैं और आपको उसकी जानकारी भी है, तो आप इसके माध्यम से भी अच्छी कमाई कर सकते हैं। हालांकि, म्यूजिक भी इतना आसान नहीं होता है। इस क्षेत्र में केवल वही करियर बना सकते हैं, जिसके अंदर क्रिएटिविटी हो और जिसमें म्यूजिक के प्रति जुनून हो। पर, बहुत से लोग टैलेंट होने के बावजूद भी कभी-कभी पीछे रह जाते हैं। तो चलिए हम आज आपको बिना किसी एक्सपीरियंस के म्यूजिक में करियर बनाने की टिप्स बताते हैं।

### म्यूजिक में करियर कैसे बनाएं?

आजकल ऑनलाइन और सोशल मीडिया की वजह से म्यूजिक इंडस्ट्री में काफी बदलाव आया है। लोग सोशल मीडिया के माध्यम से भी अपने टैलेंट को दिखा रहे हैं और उन्हें खूब पसंद भी किया जा रहा है। इस तरह लोग काफी कुछ अपने दम पर कर पा रहे हैं। पहले के समय में यह सुविधा नहीं होती थी, तो बहुत कम लोग ही अपने पैशन को चुन पाते थे।

### इंस्टाग्राम के जरिए बनाएं म्यूजिक में करियर

आप अगर म्यूजिक में दिलचस्पी रखते हैं और आपके अंदर कुछ अलग करने का हुनर है, तो आप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म या इंस्टाग्राम पर रील्स बनाकर इसे शेयर कर सकते हैं। यदि आपकी क्रिएटिविटी लोगों को पसंद आई, तो ऐसा करने से धीरे-धीरे आपकी फैन फॉलोइंग बढ़ सकती है। इसके बाद आप फेमस हो सकते हैं और आपकी अर्निंग भी शुरू हो सकती है। हालांकि, इसके लिए आपको थोड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। आप चाहें तो वीडियो शूट करने के लिए अपने घर में भी छोटा सा शूटिंग कमरा बना सकती हैं। इसके अलावा, आप कहीं अच्छे स्पॉट पर भी शूट कर सकते हैं।

### यूट्यूब से कर सकते हैं अच्छी कमाई

अगर आपके पास म्यूजिक का कोई एक्सपीरियंस नहीं है, लेकिन आपके अंदर इसके प्रति जुनून है, तो आप अपने टैलेंट को दुनिया के सामने दिखाने के लिए यूट्यूब का सहारा ले सकते हैं। इसपर आप अपनी लॉन्ग या शॉर्ट वीडियो बनाकर अपलोड कर सकते हैं। शुरुआत में तो धैर्य रखना पड़ेगा। पर, इसी तरह यदि आप सही समय और ट्रेंड को फॉलो करते हुए लगातार वीडियो डालेंगे तो आपके पोस्ट की रीच बढ़ सकती है। यही नहीं, आप इसके माध्यम से भी एक अच्छे कलाकार बन सकते हैं।

### म्यूजिक से संबंधित कोर्स कर बनाएं करियर

अगर आप म्यूजिक में अपना करियर देखते हैं, तो आप इस फिल्ड में स्पेशल कोर्स करके भी प्लेसमेंट के जरिए आगे का रास्ता चुन सकते हैं। इसके लिए भारत में कई सारे कॉलेज और यूनिवर्सिटी उपलब्ध है, जो संगीत से ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स करने की सुविधा देते हैं।



## बी.ए. करने के बाद नहीं मिल रही है नौकरी? इन करियर फील्ड में करें ट्राई

**अगर अपने बीए की डिग्री हासिल की है और अब आपको यह समझ में नहीं आ रहा है कि आप अपने करियर को आगे किस तरह बढ़ाएं तो आप इन फील्ड में ट्राई कर सकते हैं।**

किसी भी छात्र के लिए उसके करियर ऑप्शन का चयन करना एक बेहद ही महत्वपूर्ण निर्णय है। एक बार जब छात्र अपनी ग्रेजुएशन कंप्लीट कर लेते हैं तो वे अपने करियर को एक शेप देना चाहते हैं। आटर्स में बैचलर डिग्री यानी बीए एक ऐसा कोर्स है, जिसे अधिकतर बच्चे चुनते हैं। आटर्स स्ट्रीम के बच्चों के लिए बीए करना एक बेहतर ऑप्शन माना जाता है। हालांकि, इसके बाद आप पोस्ट ग्रेजुएशन भी कर सकते हैं। इसमें आप इंग्लिश से लेकर पॉलिटिक्स और मनोविज्ञान तक किसी खास विषय को चुनते हैं। अमूमन यह माना जाता है कि बीए करने के बाद करियर ऑप्शन सीमित हो जाते हैं। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। आप बीए करने के बाद कई अलग-अलग फील्ड में अपना करियर देख सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि बीए करने के बाद आप किन फील्ड में करियर बना सकते हैं-

### जर्नलिज्म में आजमाएं हाथ

बीए करने के बाद एडवरटाइजिंग या जर्नलिज्म की फील्ड में करियर के अवसर देखे जा सकते हैं। आप बीए करने के बाद जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन से जुड़ा कोर्स कर सकते हैं। इसके बाद आप टीवी से लेकर रेडियो, अखबार व ऑनलाइन वेबसाइट्स आदि के लिए काम कर सकते हैं। ऑनलाइन स्ट्रीमिंग से लेकर डिजिटल जर्नलिज्म, पॉडकास्ट, ब्लॉग और एड आदि सभी इस फील्ड से जुड़े हुए हैं।

### सिविल सर्विसेज की करें तैयारी

अगर आप चाहें तो बीए करने के बाद सिविल सर्विसेज एग्जाम जैसे यूपीएससी आदि की तैयारी कर सकते हैं। इसके अलावा, स्टेट लेवल एग्जाम का हिस्सा बनें। अगर आप इसे क्लीयर कर पाते हैं तो आपको बिना किसी परेशानी के आसानी से गवर्नमेंट जॉब मिल जाती है और गवर्नमेंट सर्विसेज का हिस्सा बन जाते हैं।

### करें लॉ

अगर आप बीए की डिग्री हासिल करने के बाद अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं, तो आप बैचलर ऑफ लॉ या एलएलबी चुन सकते हैं। इस तीन साल के कोर्स के बाद आपको लीगल रीजनिंग से लेकर एनवायरनमेंटल लॉ, इंश्योरेंस लॉ आदि की गहन जानकारी हो जाती है। आप चाहें तो इसके बाद एलएलएम भी कर सकते हैं। इसके बाद आप लॉ प्रैक्टिस शुरू कर सकते हैं।

### करें प्रोफेशनल राइटिंग

बीए करने के बाद आप प्रोफेशनल राइटिंग के क्षेत्र में भी हाथ आजमा सकते हैं। आमतौर पर, यह एक क्रिएटिव फील्ड है, जिसमें आप अपने विचारों को बेहद ही खास तरह से पेश करते हैं। यदि आपके पास साहित्य में डिग्री है, तो आप निश्चित रूप से क्रिएटिव राइटिंग की फील्ड में काम कर सकते हैं। आप स्क्रिप्ट, से लेकर भाषण, स्क्रीनप्ले, कविताएं आदि लिख सकते हैं। अगर आपका लेखन अच्छा है तो आप प्रोफेशनल राइटिंग करके अच्छी खासी कमाई कर सकती है।

### करें बिजनेस मैनेजमेंट

बीए करने के बाद आप बिजनेस मैनेजमेंट में डिप्लोमा कर सकते हैं। यह एक साल का शॉर्ट टर्म कोर्स है, जिसमें छात्रों को अलग-अलग बिजनेस एक्टिविटीज और मैनेजमेंट से जुड़े सिद्धांतों का ज्ञान मिलता है। इसके बाद आप कई अलग-अलग आर्गेनाइजेशन के साथ मिलकर काम कर सकते हैं या फिर खुद का बिजनेस भी सेटअप कर सकते हैं।

# दिल्ली में आज से बारिश होगी मेहरबान?

## उप्र-बिहार समेत राजस्थान तक हीटवेव का अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के कई हिस्सों में फिलहाल गर्मी से कोई राहत नहीं मिली है। हालांकि, मानसून के आगमन से कई राज्यों में इस समय बारिश हो रही है। वहीं, यूपी, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत पंजाब में चिलमिलाती गर्मी और लू का कहर जारी रहेगा। मंगलवार को चूरु, सिरसा, हिसार, रोहतक, नारनौल, बंठिडा समेत लूधियाना में अधिकतम तापमान 43 से 45 डिग्री के बीच दर्ज किया गया। राजधानी दिल्ली इस समय चिलमिलाती और उमस वाली गर्मी से परेशान है। हालांकि 6 से 7 जून तक दिल्ली में गरज के साथ हल्की बारिश होने के आसार हैं। आईएमडी के मुताबिक, इस हफ्ते दिल्ली का अधिकतम तापमान 42 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, मेघालय,उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम,



मणिपुर, केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने का अनुमान है। वहीं, मध्य प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर धूल भरी आंधी चल सकती है। अगले 7 दिनों के दौरान अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा तथा उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में गरज, बिजली और तेज हवाएं (30-40 किमी प्रति घंटे) चलने की संभावना है। हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली के कुछ हिस्सों और हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश, पश्चिमी राजस्थान और पूर्वी मध्य प्रदेश के कुछ इलाकों में लू की स्थिति बनी हुई है। आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ भागों और पश्चिमी राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश के कुछ भागों में गर्म हवाएं चलने की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक, अगले 4 से 5 दिनों तक उत्तर पश्चिम और पूर्वी भारत में हीटवेव की लहर जारी रहने की संभावना है। झारखंड में अगले पांच दिनों के दौरान गर्मी फिर से बढ़ने की संभावना व्यक्त की गई है। इस दौरान संताल परगना के दुमका, गोड्डा आदि जिलों को छोड़कर शेष झारखंड में अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री तक वृद्धि होने की संभावना है। तापमान भी दो से तीन डिग्री तक बढ़ सकता है। वहीं संताल के जिलों में गर्मी बढ़ने के साथ ही मौसम बदलाव और कहीं कहीं बारिश होने से राहत मिलने की संभावना व्यक्त की गई है। राज्य के पलामू का अधिकतम तापमान मंगलवार को 44.0 डिग्री और गढ़वा का 43.4 डिग्री रहा। राज्य में दस जिलों का तापमान 40 डिग्री के पार रहा। रांची का अधिकतम 39.0 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में पश्चिम से गर्म हवा का प्रवाह होने से गर्मी में वृद्धि होगी।

## दिल्ली भाजपा मुख्यालय के बाहर शख्स ने की आत्मदाह की कोशिश

**नईदिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली में भाजपा मुख्यालय के बाहर एक व्यक्ति ने मंगलवार शाम को आत्मदाह का प्रयास किया। हालांकि पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति की पहचान अभी नहीं हो पाई है। अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति ने खुद पर मिट्टी का तेल डाला और आग लगाने की कोशिश की। उसे खुद को आग लगाने से पहले ही पकड़ लिया गया। पार्टी कार्यालय के बाहर तैनात पुलिसकर्मियों ने व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। वे उसे थाने ले गए जहां उससे पूछताछ की जा रही है। वह क्या चाहता था इस बारे में पता नहीं चल पाया है। पंत मार्ग स्थित दिल्ली भाजपा कार्यालय पर सुबह सात बजे से ही बेहतर चुनाव नतीजों की उम्मीद के बीच खासे इंतजाम किए गए थे। कान्फ्रेंस रूम में विशेष डिस्प्ले लगाई गई थी, तो वहीं बराबर में बनाए गए चुनाव कार्यालय में भी परिणाम देखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। इसके साथ ही ढोल वालों को सुबह से ही कार्यालय में बुलाया गया था, लेकिन सुबह के वक्त कई सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी पीछे चल रहे थे, जिसके चलते कोई खास जश्न नहीं मनाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में 91 फीसदी उम्मीदवारों की जमानत तक हो गई जब्त, एक को महज 140 वोट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर क्लीन स्विप किया है। नतीजों के कई ऐसे आंकड़े आए हैं जो बेहद दिलचस्प हैं। चुनाव आयोग के आंकड़े बताते हैं कि लोकसभा चुनाव में दिल्ली की 7 सीटों पर 162 में से 148 (91 फीसदी) उम्मीदवारों की जमानत तक जब्त हो गई है। चांदनी चौक में 23, उत्तर पूर्वी दिल्ली 26, नई दिल्ली में 15, पूर्वी दिल्ली में 18, पश्चिमी दिल्ली में 22, दक्षिण दिल्ली में 20 और उत्तर पश्चिमी दिल्ली में 24 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई है। सभी 7 सीटों पर भाजपा और आप-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवारों को छोड़कर बाकी सभी दावेदार अपनी जमानत तक नहीं बचा पाए। आलम यह कि 14 (विजेता और उपविजेता) को छोड़कर कोई भी उम्मीदवार 20 हजार मतों का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। चांदनी चौक से निर्दलीय उम्मीदवार अशोक कुमार गुप्ता को महत 140 मतों से संतोष करना पड़ा। यह सात लोकसभा सीटों में मिले वोटों की संख्या में सबसे कम है। चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार, किसी उम्मीदवार को निर्वाचन क्षेत्र में डाले गए कुल मतों का कम से कम छठा हिस्सा यानी 16.67 फीसदी वोट हासिल करना होता है। उम्मीदवार को 16.67 फीसदी वोट मिलने के बाद ही उसकी जमानत बचती है। जमानत राशि सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए 12,500 रुपये है। सभी सात सीटों पर चुनाव लड़ रही बसपा के उम्मीदवार तीसरे स्थान पर रहे।

### यूपी से भी ज्यादा भाजपा को राजस्थान ने दी टेंशन, बहुत बड़ी गिरावट



**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान में लगातार दो बार क्लीन स्वीप करने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कमल वाली फसल इस बार रेगिस्तान की गर्मी में मुरझा गई। पिछले ही साल प्रदेश की सत्ता हासिल करने वाली पार्टी को 11 सीटें गंवानी पड़ी हैं। भले ही सीटों की संख्या के लिहाज से उत्तर प्रदेश में भगवा दल को हुए नुकसान की चर्चा सबसे अधिक हो रही हो, लेकिन चिंता तो राजस्थान ने भी बढ़ा दी है, जहां पार्टी को वोटशेयर में सबसे बड़ी गिरावट का सामना करना पड़ा है। 2019 के लोकसभा चुनाव से तुलना करें तो भाजपा को करीब 10 फीसदी वोट शेयर के नुकसान का सामना करना पड़ा है। पिछले चुनाव में राजस्थान में भाजपा को 58.5 फीसदी वोटर्स ने चुना था तो इस बार वोटर शेयर गिरकर 49.2 फीसदी पर सिमट गया। कांग्रेस को इस बार 37.91 फीसदी वोटशेयर हासिल हुआ है। 2019 के मुकाबले देश की सबसे पुरानी पार्टी ने यहां करीब 4 फीसदी की छलांग लगाई है। वोट शेयर के लिहाज से देखें तो भाजपा को राजस्थान में यूपी से भी बड़ी निराशा मिली। उत्तर प्रदेश में भले ही पार्टी को सीटों के लिहाज से अधिक नुकसान झेलना पड़ा, लेकिन वोट शेयर में वहां 8 फीसदी की गिरावट आई है जो राजस्थान के मुकाबले करीब 2 फीसदी कम है। वोट शेयर में इस डुबकी की वजह से भाजपा को राजस्थान में 11 सीटें गंवानी पड़ी हैं, जिन पर लगातार 10 साल से उसका कब्जा था। कांग्रेस ने जोरदार वापसी करते हुए 8 सीटों पर कब्जा जमाया तो 3 पर इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों ने जीत दर्ज की है।

# टोरोंटो जाने वाली फ्लाइट को मिली बम से उड़ाने की धमकी

## आईजीआई एयरपोर्ट पर हड़कंप; जांच में नहीं मिला कुछ




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली से टोरोंटो जाने वाली एयर कनाडा की फ्लाइट एसी43 को बम से उड़ाने की धमकी मिली। जिसके बाद इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया। डायल के ऑफिस में मंगलवार देर रात 10.50 बजे एक ईमेल मिला। पुलिस को इसकी सूचना दी गई। एहतिहातन फ्लाइट को उड़ान भरने से रोक दिया गया और आइसोलेशन में भेजा गया। पुलिस ने सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, बारीकी से फ्लाइट की जांच की लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। एयर कनाडा की फ्लाइट को देर रात उड़ान भरनी थी। रात 10.50 पर डायल के ऑफिस को एक ईमेल मिला जिसमें बम की धमकी दी गई थी। दिल्ली पुलिस ने बताया कि सूचना के बाद प्रोटोकॉल के अनुसार फ्लाइट की जांच की गई जिसमें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इससे पहले चेन्नई से कोलकाता जाने वाले इंडिगो के एक विमान में सोमवार को सुबह बम रखे होने की सूचना मिलने के बाद उड़ान सेवा में दो घंटे की देरी हुई। अधिकारियों ने बताया कि यहां थुराईपक्कम स्थित इंडिगो कॉल सेंटर पर सूचना मिलने के बाद अधिकारी विमान को एक अलग जगह पर ले गये और सुरक्षा जांच की। अधिकारियों के मुताबिक, सुरक्षा प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद विमान को सुबह 10.30 बजे रवाना होने की अनुमति दी गई। पेरिस से 306 यात्रियों को लेकर मुंबई आ रही विस्तारा की एक उड़ान को बम की धमकी मिलने के बाद मुबंई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिती में उतारा गया। सूत्र के अनुसार सुबह 10¬08 बजे पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया और विमान 10¬19 बजे हवाई अड्डे पर उतरा। सूत्र ने बताया, पेरिस से मुंबई आने वाली इस उड़ान में 294 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य सवार थे। विस्तारा ने एक बयान में पुष्टि की कि दो जून 2024 को पेरिस से मुंबई के लिए संचालित होने वाली एयरलाइन की उड़ान यूके 024 में सवार हमारे कर्मचारियों ने सुरक्षा संबंधी खामी के बारे में जानकारी दी जिसके बाद एयरलाइन ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित किया।

# हार गए पर गम होगा कम; 19 का नतीजा देख आप-कांग्रेस को राहत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीजेपी ने एक बार फिर दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर जीत हासिल कर ली है। इस बार बीजेपी को टक्कर देने के लिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने दिल्ली में मिलकर चुनाव लड़ा था लेकिन इसके बावजूद एक भी सीट जीतने में कामयाब नहीं हुए। बीजेपी ने सत्ता विरोधी लहर और आप-कांग्रेस गठबंधन की चुनौती का सफलतापूर्वक सामना करते हुए लगातार तीसरी बार दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीट जीत लीं है। हालांकि सातों सीटें हारकर भी दिल्ली में कांग्रेस-आपके लिए एक राहत की खबर भी है।

2019 के चुनावों की तुलना में इस साल बीजेपी की जीत का अंतर काफी कम हो गया है। आप ने भी कहा है कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उसके उम्मीदवारों ने शहर में भाजपा को कड़ी टक्कर दी है। पार्टी ने कहा कि लोगों ने भाजपा की ''घृणा और तानाशाही'' की राजनीति के खिलाफ वोट दिया है।

दिल्ली की चांदनी चौक लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार प्रवीण खंडेलवाल ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जे पी अग्रवाल को 89,325 मतों से हरा दिया। जबकि बीजेपी के डॉ हर्ष वर्धन ने 2019 में कांग्रेस के जय प्रकाश अग्रवाल को 2 लाख 28 हजार 145 वोटों से हराया था। इस बार उत्तर-पूर्वी दिल्ली से भाजपा के उम्मीदवार मनोज तिवारी ने कांग्रेस के कन्हैया कुमार को





1,38,778 मतों के अंतर से हरा दिया। लेकिन साल 2019 में उन्होंने कांग्रेस की शिला दीक्षित को इससे कही ज्यादा 3 लाख 66 हजार 102 वोटों से हराया था।

भारतीय जनता पार्टी के हर्ष मल्होत्रा ??ने आम आदमी पार्टी के कुलदीप कुमार को 93,663 मतों के अंतर से हराकर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट जीत ली है। जबकि साल 2019 में गौतम गंभीर ने इस सीट से कांग्रेस के अरविंदर सिंह लवली को 3 लाख 91 हजार 222 वोटों से हराकर जीत हासिल की थी। भाजपा की बांसुरी स्वराज ने आम आदमी पार्टी (आप) के सोमनाथ भारती को 78,370 मतों के अंतर से हराकर नयी दिल्ली लोकसभा सीट जीती है। वहीं 2019 में बीजेपी की मीनाक्षी लेखी ने कांग्रेस नेता अजय माकन को 2 लाख 56 हजार 504 वोटों से हराकर इस सीट पर विजय प्राप्त की थी।

भाजपा उम्मीदवार योगेंद्र चंदोलिया ने उत्तर पश्चिम दिल्ली सीट पर अपने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के उदित राज को 2.90 लाख मतों से हराया है। लेकिन साल 2019 में यही वोटों का अंतर 5 लाख 53 हजार 897 था। तब बीजेपी के हंस राज ने यहां से आप उम्मीदवार गुगन सिंह को हराया था। भाजपा नेता कमलजीत सहरावत ने आम आदमी पार्टी (आप) के महाबल मिश्रा को 1,99,013 मतों के अंतर से हराकर पश्चिम दिल्ली सीट पर जीत हासिल कर ली। जबकि 2019 में वोटों का अंतर 5 लाख 78 हजार 586 था। तब बीजेपी के परवेश वर्मा ने कांग्रेस के महाबल मिश्रा को हराया था।

# रूस पर हमले को तैयार नाटो ! यूरोपीय मोर्चे पर 3 लाख सैनिक करेगा तैनात

**लंदन/वाशिंगटन , एजेंसी।** रूस के साथ संभावित संघर्ष के लिए नाटो भूमि गलियारे विकसित करके तैयारी कर रहा है, ताकि 300,000 अमेरिकी सैनिकों को यूरोपीय मोर्चे पर जल्दी से तैनात किया जा सके। लेफ्टिनेंट जनरल अलेक्जेंडर सोलफ्रैंक ये सैनिक रॉटरडैम सहित प्रमुख बंदरगाहों पर उतरेंगे, और किसी भी संभावित रूसी हमले का मुकाबला करने के लिए पूर्व-नियोजित मार्गों के माध्यम से पूर्व की ओर बढ़ेंगे।

लेफ्टिनेंट जनरल अलेक्जेंडर सोलफ्रैंक ने कहा कि जैसा कि हम उन्हें जानते हैं, अफगानिस्तान और इराक में विशाल रसद अड्डे अब संभव नहीं हैं क्योंकि संघर्ष की स्थिति में उन पर बहुत पहले ही हमला किया जाएगा और उन्हें नष्ट कर दिया जाएगा। ये गलियारे नीदरलैंड, इटली, ग्रीस, तुर्की और नॉर्वे के बंदरगाहों के साथ-साथ जर्मनी-पोलैंड रेलवे का उपयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि रूसी हमले की बढ़ती चेतावनियों के साथ, यह रणनीतिक कदम किसी भी खतरे में पड़े नाटो क्षेत्र की रक्षा के लिए तेजी से सैन्य सुदृढ़ीकरण सुनिश्चित करता है। इससे पहले नाटो देशों ब्रिटेन, कनाडा, लातविया,



लिथुआनिया, द नीदरलैंड्स, पोलैंड, फिनलैंड, फ्रांस, चेक गणराज्य, स्वीडन और इस्तोनिया ने मिलकर यूक्रेन को रूस के टारगेट्स पर स्ट्राइक करने को कहा था । ये सभी देश मिलकर यूक्रेन को सपोर्ट कर रहे हैं और हथियार दे रहे हैं। जबकि रूस की इंटेलिजेंस एजेंसी पहले ही डराने वालादावा कर चुकी है। रूस की मुख्य इंटेलिजेंस एजेंसी ने यह पुख्ता किया है कि नाटो देश रूस के खिलाफ परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकते हैं। रूसी जासूसी एजेंसी पहले ही दावा क चुकी है कि इस हमले से पहले नाटो देश पहले साइबरअटैक करेंगे। उसके बाद सर्जिकल स्ट्राइक करके रूसी नेताओं को मार सकते हैं। इसके बाद पूरी तरह से रूस के खिलाफ जंग छेड़ेंगे. रूस का दावा है कि नाटो इसके लिए सालों से तैयारी कर रहा है।

## हल्के में न लें सर्दी-जुकाम ! पहलवान को कोल्ड से हुई जानलेवा बीमारी, हालत देख डॉक्टर रह गए हैरान

**टोरंटो, एजेंसी।** किसी ने नहीं सोचा होगा कि मामूली सर्दी-जुकाम भी गंभीर जानलेवा बीमारी का रूप ले सकता है । कनाडा के रहने वाले पहलवान जेरेड मेनार्ड के साथ कुछ एसा ही हुआ है। पावरलिफ्टर 33 वर्षीय जेरेड मेनार्ड को जनवरी 2023 में मामूली सर्दी-जुकाम हो गया। उनकी पत्नी और तीन बेटियों को भी यही हुआ किन एक हफ्ते में उनका परिवार तो ठीक हो गया जबकि मेनार्ड की हालत बिगड़ती गई। जेरेड मेनार्ड की हल्की सर्दी जुकाम एक दुर्लभ बीमारी में बदल गई, जिसने उन्हें मौत के मुंह तक पहुंचा दिया। उनकी पत्नी ने उनकी त्वचा का रंग पीला होते देख डॉक्टरों से मदद ली। जांच के बाद पता चला कि उन्हें सर्दी के वायरस से एक दुर्लभ बीमारी को जन्म दे दिया है, जिसके कारण उनके लिवर और किडनी ने काम करना बंद कर दिया है। मेनार्ड ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मुझे नींद नहीं आती थी और रात में एक घंटे से ज्यादा सो पाना भी मुश्किल था। मेरी गर्दन के लिम्फ नोड्स इतने सूज गए थे कि त्वचा के नीचे छोटे-छोटे पहाड़ों जैसा महसूस हो रहा था। तेज बुखार आता था और फिर ठंड लगती थी। मेरा दिल बहुत तेजी से धड़क रहा था और ब्लड प्रेशर भी बढ़ गया था। अस्पताल में जांच के बाद पता चला कि उन्हें मेनार्ड को हेमोफैगोसाइटिक लिम्फोहिस्टियोसाइटोसिस नामक एक दुर्लभ और जानलेवा बीमारी हो गई थी।

क्लीवलैंड क्लिनिक के अनुसार, यह एक ऐसी बीमारी है जिसमें इम्यून सिस्टम ठीक से काम नहीं करता है। इसमें संक्रमण से लड़ने वाली वाइट ब्लड सेल्स शरीर के अंगों जैसे लिवर, तिल्ली और अस्थि मज्जा को नुकसान पहुंचाने लगती हैं। इलाज न कराने पर यह अंग खराब होने और यहां तक कि मौत का कारण भी बन सकता है।दरअसल, ॥रु॥ नामक यह बीमारी दो तरह की होती है। एक जेनेटिक और दूसरी किसी संक्रमण की वजह से। मेनार्ड के मामले में यही हुआ। अस्पताल में छह दिन बिताने के बाद, उनकी हालत इतनी गंभीर हो गई कि उन्हें वेंटिलेटर पर रखना पड़ा।

# दोषसिद्धी के बाद पहली बार ट्रंप की चुनावी परीक्षा, बहुत कुछ है दांव पर

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** एडल्ट स्टार के साथ अपने संबंध छिपाने के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद डोनाल्ड ट्रंप पहली बार प्राइमरी चुनाव में शामिल होंगे। यह प्राइमरी चुनाव का आखिरी चरण है और ट्रंप के दोषी ठहराए जाने के बाद इस चुनाव में बहुत कुछ दांव पर लगा है। अमेरिकी समय के अनुसार, मंगलवार को मोंटाना, न्यूजर्सी और न्यू मैक्सिको में राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी चुनाव होने हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी के भी इन राज्यों के साथ ही वॉशिंगटन डीसी और दक्षिण डेकोटा में प्राइमरी चुनाव होने हैं।

**प्राइमरी चुनाव में बहुत कुछ दांव परत्न** रिपब्लिकन पार्टी के वॉशिंगटन डीसी में मार्च में ही प्राइमरी चुनाव हो चुके हैं, जबकि दक्षिण डेकोटा में रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी चुनाव रद्द हो गए थे। रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से जो बाइडन इन प्राइमरी चुनाव में प्रतिस्पर्धा करेंगे। ट्रंप



और बाइडन के इन चुनाव में आसानी से जीतने की उम्मीद है क्योंकि दोनों ही पार्टियों की तरफ से ये ही दोनों मुख्य उम्मीदवार बचे हैं। हालांकि इसके बावजूद इन चुनाव में काफी कुछ दाांव पर है।

**दरअसल अगर रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी:** चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत का अंतर उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा तो इसका मतलब ये निकाला जाएगा कि शायद जघन्य मामले में दोषी पाए जाने के बाद लोग ट्रंप को वोट देने से हिचक रहे हैं। साथ ही राष्ट्रपति पद की दावेदार रहीं निक्की हेली ने अपनी उम्मीदवार वापस लेने के बाद बीते दिनों कहा था कि वह डोनाल्ड ट्रंप को वोट करेंगी। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि निक्की हेली के समर्थक भी ट्रंप का समर्थन कर सकते हैं, अगर ऐसा हुआ तो ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव जीतने के आसार बढ़ जाएंगे और अगर ऐसा नहीं हुआ तो यकीनन ये ट्रंप के लिए चिंता की बात हो सकती है। ये प्राइमरी चुनाव राष्ट्रपति जो बाइडन के लिए भी अग्निपरीक्षा के समान हैं। दरअसल इस्राइल हमास युद्ध में अपने स्टैंड को लेकर बाइडन आलोचकों के निशाने पर हैं। ऐसे में प्राइमरी चुनाव के नतीजों से तय हो जाएगा कि आम लोग इसे लेकर क्या सोचते हैं।

**ट्रंप के वकील ने कोर्ट से की अपील:** डोनाल्ड ट्रम्प के वकील ने न्यूयॉर्क के एक न्यायाधीश से उस आदेश को हटाने की मांग की है, जिसके तहत पूर्व राष्ट्रपति को आपराधिक मामले से जुड़े गवाहों, ज्यूरी सदस्यों और अन्य लोगों के बारे में टिप्पणी करने से रोक दिया गया था। ट्रंप पर सेक्स स्कैंडल को छिपाने के लिए रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का दोषी ठहराया गया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ट्रंप पर मामले से जुड़े गवाहों, ज्यूरी सदस्यों और अन्य लोगों के बारे में टिप्पणी करने से रोक लगा दी गई थी। ट्रंप के वकील ने कहा कि अब मामले पर सुनवाई पूरी हो चुकी है। ऐसे में इस आदेश के लागू रहने का कोई मतलब नहीं है। ट्रंप के वकील ने कहा कि मामले की सुनवाई पूरी हो चुकी है और अब 27 जून को राष्ट्रपति चुनाव की पहली बहस होने वाली है। ऐसे में ट्रंप पर लगे प्रतिबंधों को हटाने की मांग की ताकि वह खुलकर अपना पक्ष रख सकें।

## खोए हुए अवसरों का देश है अफगानिस्तान - संयुक्त राष्ट्र अधिकारी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अफगानिस्तान में तालिबान का कठोर शासन है, जो हर रोज मानवाधिकारों का उल्लंघन करता है। संयुक्त राष्ट्र के अंडर-सेक्रेटरी-जनरल मार्टिंग ग्रिफिथ्स ने कहा कि यह खोए हुए अवसरों का देश है। ग्रिफिथ्स ने मंगलवार को कहा, मुझे लगता है कि हमने तालिबान के साथ आगे बढ़ने के कुछ अवसर खो दिए हैं। उन्होंने कहा, उनके साथ जुड़ने का एक निश्चित तरीका है, मुझे लगता है कि उनके आदेशों और फैसलों को देखते हुए हमने मौका खो दिया है। उन्होंने कहा, हम ऐसा कोई फॉर्मूला नहीं बना पाए जो हमें तालिबान के साथ व्यापक रूप से जोड़ सके। उन्होंने कहा कि निवेश और अर्थव्यवस्था पर ध्यान देने से अफगानिस्तान प्रगति करेगा और प्रमुख सदस्य देशों को इसे आगे बढ़ाना होगा। ग्रिफिथ्स ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि 30 जून को दोहा में संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोजित की जा रही बैठक



अफगानिस्तान के लिए अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण का एजेंडा तय करेगी। जब 2021 में अमेरिका ने अफगानिस्तान से अपने सैनिकों को वापस बुला लिया और तालिबान ने सत्ता संभाली, तो उन्होंने कहा, हमें तब कुछ उम्मीदें थीं, कुछ लिखित प्रतिबद्धताएं थीं। घर से बाहर काम करने वाली लड़कियों और महिलाओं की शिक्षा के खिलाफ तालिबान के आदेशों के बारे में उन्होंने कहा, और वे उम्मीदें धराशायी हो गई हैं। महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ एक के बाद एक आदेश आए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आईसीसी ने जारी किए भारत-पाकिस्तान मैच के अतिरिक्त टिकट

#### 09 जून को महामुकाबला



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप का आगाज हो चुका है। जहां टीम इंडिया को अपना पहला मुकाबला 05 जून को पाकिस्तान के खिलाफ खेलना है। इस मैच का दुनियाभर में फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने मंगलवार को अपने कुछ प्रमुख टी20 वर्ल्ड कप मैचों के लिए अतिरिक्त टिकट जारी किए हैं, जिसमें 9 जून को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला मुकाबला भी शामिल है। यह टिकट चिर प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले के लिए फैंस की भारी मांग के बाद जारी किया गया है। इस बार विश्व कप की मेजबानी अमेरिका और वेस्टइंडीज संयुक्त रूप से कर रहे हैं ।

#### आईसीसी ने क्या कहा

आईसीसी ने एक बयान में कहा कि आईसीसी मेंस टी20 विश्व कप 2024 के रोमांचक शुरुआती सप्ताहांत के बाद, पूरे आयोजन के लिए टिकटों की अंतिम रिलीज उपलब्ध करा दी गई है। आईसीसी मेंस टी20 विश्व कप 2024 के कई बड़े मैचों के लिए सामान्य प्रवेश टिकटों का चयन जारी किया



गया है, जिसमें 9 जून को न्यूयॉर्क में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला भी शामिल है। आईसीसी ने अतिरिक्त टिकट जारी करने के लिए भागीदारों के साथ मिलकर काम किया है और यह सुनिश्चित किया है कि अधिक से अधिक फैंस इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बन सकें।

#### इन मैचों के भी टिकट हुए जारी

ICC ने यह भी कहा कि वह टेक्सास और फ्लोरिडा में होने वाले मुकाबलों के लिए अन्य श्रेणियों में भी अधिक टिकट उपलब्ध कराएगा, जो न्यूयॉर्क के अलावा दो अन्य वेन्यू हैं, जो अमेरिका में इस आयोजन की मेजबानी कर रहे हैं। अन्य मैचों में अब अधिक श्रेणियां उपलब्ध हैं, जिनमें टेक्सास के ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम और फ्लोरिडा के ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम के मैच शामिल हैं, जहां अब सीमित सामान्य प्रवेश टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। बयान में कहा गया है कि वेस्टइंडीज या यूएसए में सर्वश्रेष्ठ विश्व कप अनुभव चाहने वाले फैंस प्रीमियम क्लब और विशेष डायमंड क्लब के टिकट सुरक्षित कर सकते हैं, जहां प्रशंसक घर की सर्वश्रेष्ठ सीटों पर खेल के दिग्गजों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खेल सकते हैं। भारत बुधवार को यहां नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ विश्व कप के अपने पहले ग्रुप ए मैच में खेलेगा और रविवार को उसी वेन्यू पर पाकिस्तान से भिड़ेगा।

# पैट कमिंस मेजर लीग क्रिकेट से जुड़े

**इस टीम से किया चार साल का करार**

**मेलबर्न, एजेंसी।** तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने सेन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के साथ चार साल का करार किया है जिससे वह मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) से जुड़ने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं। अमेरिका की इस फ्रेंचाइजी टी20 लीग को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से लिस्ट ए का दर्जा मिला है और इस टूर्नामेंट का दूसरा सत्र छह से 29 जुलाई तक खेला जाएगा। फ्रेंचाइजी के 'एक्स हैंडल पर पोस्ट वीडियो में कमिंस ने कहा, 'एमएलसी काफी तेजी से प्रगति कर रहा है और क्रिकेट के लिए अमेरिका के बाजार में काफी क्षमता है। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान कमिंस अब तक सिर्फ एक विदेशी लीग आईपीएल में खेले हैं। वह 2018–19 सत्र से ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में भी नहीं खेले। ऑस्ट्रेलिया को अगले साल जून–जुलाई में पूर्ण श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज का दौरा करना है और यह देखना होगा कि यह शीर्ष तेज गेंदबाज तब इस टी20 लीग के लिए उपलब्ध रहता है या नहीं। सेन फ्रांसिस्को की टीम में ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज जेक फ्रेजर मैकगर्क कमिंस के साथी होंगे। ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल, ट्रेविड हेड और स्टीव स्मिथ ने वाशिंगटन फ्रीडम के साथ करार किया है। न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र भी इस टीम का हिस्सा हैं। शाकिब अल हसन और डेविड मिलर (लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स), एनरिच नोर्किया और रोमारियो शेफर्ड (एमआई न्यूयॉर्क), ऐडन मार्कराम और डेरिल मिचेल (टेक्सास सुपरकिंग्स), नांद्रे बर्गर और ओबेद मैकॉय (सिएटल ओरकास) ने भी एमएलसी के साथ करार किया है।



#### टी-20 वर्ल्डकप

### पाकिस्तान को लगा बड़ा झटका, इमाद वसीम के अमेरिका के खिलाफ पहले मैच से बाहर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार 6 जून को अमेरिका के खिलाफ डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में होने वाले मैच से में स्पिनर इमाद वसीम के बाहर होने की जानकारी दी है। पीसीबी ने कहा, इमाद वसीम गुरुवार के मैच के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, क्योंकि उन्हें पीसीबी मेडिकल टीम ने आराम करने की सलाह दी है।



पिछले महीने लंदन में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के चौथे और अंतिम टी20 मैच से पहले नेट पर बल्लेबाजी करते समय इमाद वसीम को अपनी दाहिनी पसली में दर्द हुआ था। इमाद ने 30 मई को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी20 मैच में हिस्सा नहीं लिया। ऐसा लगता है कि पाकिस्तान ने एहतियाती कदम उठाया है, क्योंकि उन्होंने यह भी पुष्टि की है कि बाएं हाथ के स्पिनर के 9 जून को न्यूयॉर्क में भारत के खिलाफ पाकिस्तान के बड़े मुकाबले के लिए उपलब्ध होने की संभावना है। इमाद वसीम ने टी20 विश्व कप से पहले खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने के अपने फैसले को पलट दिया। बाएं हाथ के स्पिनर ने आखिरी बार 2021 में टी20 विश्व कप खेला था, ने अप्रैल में सीनियर राष्ट्रीय टीम में वापसी के बाद से पाकिस्तान के लिए इतने ही मैचों में 6 विकेट लिए। विशेष रूप से इमाद ने पाकिस्तान सुपर लीग में अपने मैच जीतने वाले नायकों के बाद सीनियर राष्ट्रीय टीम के चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया।

# कार्लसन ने रोका प्रज्ञानंद का विजय अभियान

### आठवें दौर में मिली हार, वैशाली ने की वापसी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पुरुष वर्ग में तीनों क्लासिकल बाजी ड्रॉ रही जिसके बाद आर्मागेडोन (सडन डेथ) बाजी खेली गई। कार्लसन ने आर्मागेडोन बाजी में प्रज्ञानंद को हराया। आर्मागेडोन बाजी में सफेद मोहरों से खेलने वाले खिलाड़ी को 10, जबकि काले मोहरों से खेलने वाले खिलाड़ी को सात अंक मिलते हैं। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को हराया था, लेकिन वह अपनी यह लय अगले दौर में कायम नहीं रख सके और उन्हें कड़े मुकाबले में शीर्ष वरीय मैग्नस कार्लसन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ कार्लसन ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा पर एक अंक की बढ़त बना ली है जिन्हें फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

- **कार्लसन ने आर्मागेडोन बाजी में प्रज्ञानंद को हराया–** पुरुष वर्ग में तीनों क्लासिकल बाजी ड्रॉ रही जिसके बाद आर्मागेडोन (सडन डेथ) बाजी खेली गई। कार्लसन ने आर्मागेडोन बाजी में प्रज्ञानंद को हराया। आर्मागेडोन बाजी में सफेद मोहरों से खेलने वाले खिलाड़ी को 10, जबकि काले मोहरों से खेलने वाले खिलाड़ी को सात अंक मिलते हैं। सफेद मोहरों से खेलने वाले खिलाड़ी को हालांकि बाजी जीतनी होती है। क्लासिकल बाजी जीतने पर खिलाड़ी को तीन अंक, जबकि आर्मागेडोन बाजी जीतने पर डेढ़ अंक मिलते हैं और हारने पर एक अंक मिलता है।
- **लिरेन का निराशाजनक प्रदर्शन जारी–** इस बीच विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन का खराब प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें अमेरिका के फाबियानो करूआना के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। छह खिलाड़ियों के इस डबल राउंड रोबिन टूर्नामेंट में अब जब सिर्फ दो दौर का खेल बाकी है तब कार्लसन 14.5 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। नाकामूरा के 13.5 अंक हैं। प्रज्ञानंद 12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि अलीरेजा उनसे एक अंक पीछे चौथे स्थान पर हैं। करूआना नौ अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं जबकि लिरेन सिर्फ 4.5 अंक के साथ अंतिम पायदान पर हैं।
- **वैशाली ने मुजिचुक को हराया–** प्रज्ञानंद के अलावा उनकी बड़ी बहन वैशाली ने महिलाओं के वर्ग में सातवें दौर के बाद शीर्ष पर चल रही यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को हराया। वैशाली ने प्रतियोगिता में दूसरी बार मुजिचुक को हराया। क्लासिकल बाजी ड्रॉ रहने के बाद वैशाली ने आर्मागेडोन बाजी में जीत दर्ज की।

### इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की टीम का ऐलान

**सेंट जॉन्स, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली रिचर्ड्स-बॉथम सीरीज के लिए वेस्टइंडीज ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। टीम की कमान क्रेग ब्रेथवेट के पास है। वहीं जेसन होल्डर जैसे खतरनाक ऑलराउंडर की टीम में वापसी हुई है। तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ टीम के उप-कप्तान होंगे। टीम से कई खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता भी दिखाया गया है। वहीं कुछ युवा खिलाड़ियों को मौका मिला है।



23 वर्षीय सलामी बल्लेबाज मिकाइल लुइस को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। वेस्टइंडीज के पूर्व अंडर-19 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने लीवार्ड आइलैंड्स हरिकेंस के लिए अपने पहले प्रथम श्रेणी सत्र में 48.71 की औसत से 682 रन बनाए। अगर लुइस इंग्लैंड में वेस्टइंडीज के लिए डेब्यू करते हैं, तो वे सेंट किट्स के पहले खिलाड़ी बन जाएंगे, जो टेस्ट कैप पहनेंगे। चोट और एक छोटे ब्रेक के बाद वापसी कर रहे होल्डर टीम में कई तेज गेंदबाजी विकल्पों में से एक हैं।

# रिजवान ने प्रेमिका से निकाह के लिए किया 8 साल इंतजार

### रोज करते थे ये काम तब जाकर पूरी हुई थी मुराद



**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान काफी रिजर्व टाइप के हैं और अपनी निजी जिंदगी के बारे में कभी कुछ कहते नहीं हैं। आम तौर पर क्रिकेटर्स सोशल मीडिया पर अपने खेल, निजी जिंदगी को लेकर अपनी कई जानकारी शेयर करते रहते हैं, लेकिन रिजवान के साथ ऐसा नहीं है और वो क्रिकेट के अलावा अन्य कोई जानकारी इस प्लेटफॉर्म पर शेयर नहीं करते। सोशल मीडिया पर उनके परिवार या वाइफ की तस्वीर तक मौजूद नहीं है, लेकिन क्या आपको पता है कि रिजवान ने भी लव मैरिज की थी और अपने प्यार को पाने के लिए उन्होंने लंबा इंतजार किया था। मोहम्मद रिजवान 32 साल के हैं और उन्होंने साल 2015 में शादी की थी। वो जिस लड़की से शादी करना चाहते थे उनके घर के लोग इसके लिए तैयार नहीं थे, लेकिन रिजवान ने भी ठान लिया था कि उन्हें ही अपनी जिंदगी में लाना है और इसके लिए उन्होंने 8 साल तक इंतजार किया जो एक लंबा वक्त था। इन 8 साल में रिजवान हर दिन पांच वक्त की नमाज में खुदा से दुआ मांगते थे कि उन्हें उनकी मोहब्बत मिल जाए और आखिरकार जिस लकड़ी से वो शादी करना चाहते थे वो उन्हें मिल गई और अब वो दो बच्चों के पिता भी हैं।

#### टी20 वर्ल्ड कप 2024 के दौरान किया अपने लव लाइफ का खुलासा

रिजवान ने अपनी लव स्टोरी का खुलासा हाल ही में टी20 वर्ल्ड कप 2024 के दौरान किया। पाकिस्तान की टीम भी टी20 वर्ल्ड कप के लिए अमेरिका में है और यहां आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपनी लव लाइफ को लेकर सब कुछ बताया। रिजवान को अपने खुदा पर काफी विश्वास है और उन्होंने बताया कि ऊपर वाले ने उनके इस विश्वास को और उनकी दुआ को खाली नहीं जाने दिया और उनकी मुराद पूरी हुई। रिजवान जब अपनी निजी जिंदगी के बारे में बता रहे थे उस वक्त पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम भी वहां मौजूद थे।

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के लिए ओपनिंग करने वाले रिजवान ने कहा कि हमारे कल्चर में लव मैरिज करना काफी मुश्किल काम है। मेरे परिवार में मैं पहला ऐसा व्यक्ति था जिसने लव मैरिज की और उसके बाद मेरे भाईयों ने भी ऐसा किया। मैं ज्यादा डिटेल में नहीं जाऊंगा, लेकिन मैने आठ साल तक इसके लिए इंतजार किया। मैंने उन्हें खुदा से रोज दुआओं में मांगा और मेरा मानना है कि खुदा से जो मांगा जाए और वो ना मिले ऐसा नहीं हो सकता। वो चाहें तो सब कुछ मिल सकता है और ऐसा क्रिकेट में भी है। बस आपको अपने खुदा पर यकीन होना चाहिए, फिर सब कुछ हो सकता है।

# नीदरलैंड ने नेपाल को 6 विकेट से हराया

### प्रिंगल-वान बीक की जोड़ी ने 106 रन पर रोका, मैक्स ओडॉड की फिफ्टी से रनचेज आसान



**न्यूयार्क, एजेंसी।** टी-20 वर्ल्ड कप में मंगलवार को एक और लो-स्कोरिंग मैच देखने को मिला। डलास के मैदान पर नेपाल ने नीदरलैंड के सामने जीत के लिए 107 रन का टारगेट रखा, जिसे चेज करने में नीदरलैंड को भी 18.4 ओवर ओवर लग गए। इतना ही नहीं, टीम ने रन चेज में 4 विकेट भी गंवा दिए।

20 रन देकर 3 विकेट लेने वाले टिम प्रिंगल प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम की ट्रिकी पिच पर पूरे मुकाबले में महज दो बार एक ओवर में 10 से ज्यादा रन बने, हालांकि मैक्स ओडॉड ने 48 बॉल पर नाबाद 54 रन की पारी खेली। उन्होंने चार चौके और एक छक्का जमाया।

#### नेपाल की हार के कारण

खराब शुरुआत की, ओपनर्स पावरप्ले में आउट

टॉस हारकर बैटिंग कर रही नेपाल की शुरुआत खराब रही। टीम के ओपनर्स पावरप्ले के अंदर ही पवेलियन लौट गए। कुशल भुर्तेल 7 और आसिफ शेख 4 रन ही बना सके। टीम ने शुरुआती 6 ओवर में महज 29 रन बनाए।

#### लगातार विकेट गंवाए, 106 रन पर ऑलआउट

नेपाल की टीम लगातार विकेट गंवाती रही। टीम का कोई बल्लेबाज टिकाऊ बल्लेबाजी नहीं कर सका। कप्तान रोहित पौडेल ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए। टीम की ओर से सबसे बड़ी साझेदारी 25 रन की हुई, जो अनिल साह और पौडेल के बीच तीसरे विकेट के लिए हुई।

**नीदरलैंड के बैटर्स पर दबाव नहीं बना सके गेंदबाज–** 107 रन का टारगेट चेज कर रही नीदरलैंड ने महज 3 रन पर पहला विकेट गंवाया। यहां नेपाल के गेंदबाज दबाव नहीं बना सके और मैक्स ओडॉड ने विक्रमजीत के साथ दूसरे विकेट के लिए 43 बॉल पर 40 रन की अहम साझेदारी कर डाली।

# आईपीएल 2025 से पहले अश्विन की सीएसके में हुई वापसी

### फ्रेंचाइजी के लिए निभाएंगे ये अहम रोल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 से पहले अश्विन की चेन्नई सुपर किंग्स में वापसी हो चुकी है. वो फिर से इंडिया सीमेंट्स के साथ जुड़ गए हैं. हालांकि, इस बार उनका रोल जरा अलग है. अश्विन की वापसी फिलहाल बतौर खिलाड़ी नहीं बल्कि ष्टस्य के हाई परफॉर्मेन्स सेंटर में अहम रोल निभाने के लिए हुई है. अश्विन इससे पहले 2016 तक इंडिया सीमेंट्स से जुड़े रहे थे. उस दौरान उन्होंने 2008 से 2015 तक सीएसके के लिए आईपीएल भी खेला था. ऐसे में एक बार फिर से इंडिया सीमेंट्स के साथ उनके जुड़ने के बाद कयास लगने शुरू हो गए हैं कि क्या वो आईपीएल का अगला सीजन भी सीएसके के लिए खेलेंगे?



काशी विश्वनाथन ने भी चेन्नई सुपर किंग्स लिमिटेड में अश्विन की दोबारा एंट्री पर खुशी जाहिर की. उन्होंने कहा कि हम अश्विन की वापसी से काफी उत्साहित हैं. वो हमारे सुपर किंग्स वेंचर्स और हाई परफॉर्मेन्स सेंटर के लिए अहम साबित होंगे. काशी विश्वनाथन ने आगे कहा कि अश्विन तमिलनाडु के बेहतरीन क्रिकेटर्स में से एक हैं. क्रिकेट के लिए उनका कमिटमेंट हर लेवल पर कमाल का रहा है. ऐसे में वो हमारे वेंचर्स और हाई परफॉर्मेन्स सेंटर को रास्ता दिखाने के लिए सबसे बेहतर विकल्प साबित होंगे. चेन्नई सुपर किंग्स का हाई परफॉर्मेन्स सेंटर चेन्नई के बाहरी इलाके नवालुर में स्थित है. हाई परफॉर्मेन्स सेंटर के ग्राउंड तैयार हैं. जबकि उसका निर्माण अभी चल रहा है. सीएसके टीम ने आईपीएल 2024 के दौरान हाई परफॉर्मेन्स सेंटर के ही ग्राउंड पर प्रैक्टिस भी की थी. इसके अलावा यहां इस साल टीएनसीए के फर्स्ट क्लास मैचों का आयोजन भी हो चुका है.

# सीएसके के हेड कोच ने शिवम दुबे की तारीफों में बांधे पुल, दिग्गज कपिल देव से कर दी तुलना!



**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलेंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग कहा, शिवम दुबे अपनी गेंदबाजी पर काम कर रहे हैं और उनका लोड भी बढ़ाया गया है. सही परिस्थिति में उनका सामना करना मुश्किल हो सकता है, खासकर धीमी पिचों पर. ऐसी पिचों पर उनकी कटर और धीमी गेंदें कारगर साबित हो सकती हैं. वह टीम के लिए अहम भूमिका निभा सकते हैं और उन्होंने इसके लिए काफी मेहनत की है.

#### शिवम दुबे का प्रदर्शन टी20 इंटरनेशनल

शिवम दुबे ने 21 इंटरनेशनल टी20 मैच खेले हैं. इन मैचों में उन्होंने 145.26 के स्ट्राइक रेट से 276 रन बनाए हैं, जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं. उन्होंने 21 मैचों में 36.3 ओवर गेंदबाजी भी की. शिवम ने 9.86 की इकॉनमी से 8 विकेट लिए.



# दीपिका ने 3 फिल्मों संग की 2550 करोड़ की कमाई

बॉलीवुड की ग्लोबल स्टार दीपिका पादुकोण ने हाल के दिनों में बैक टू बैक पठान, जवान और फाइटर जैसी तीन ब्लॉकबस्टर फिल्म देते हुए खुद को मजबूती से स्थापित किया है। बता दें कि उनकी इन फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अपना दम दिखाते हुए 2550+ करोड़ की शानदार कमाई अपने नाम की है। इन लगातार हिट फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर उनके असाधारण प्रदर्शन को दर्शाया है, साथ ही उन्हें इंडियन सिनेमा में एक मजबूत ताकत के रूप में भी स्थापित किया है। एक के बाद एक ब्लॉकबस्टर सफलता देने की उनकी क्षमता उनकी लगातार बढ़ती पॉपुलैरिटी और स्टार पावर को दर्शाती है। यह किसी भी बड़े फैंस बेस को हासिल करने वाली इंडियन एक्ट्रेस के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। बॉक्स ऑफिस पर यह बड़ी सफलता दर्शाती है कि दीपिका पादुकोण दुनिया भर में कितनी पॉपुलर हैं और लोग उनकी फिल्मों की चॉइस पर कितना भरोसा करते हैं। इनमें से हर फिल्म ने कलेक्शन और रिव्यू दोनों में बहुत अच्छा परफॉर्म किया है, जिससे क्रिटिक्स और दर्शकों दोनों को खुश करने वाली भूमिकाएँ चुनने की एक्टर्स के टेलेंट का पता चलता है। 2550+ करोड़ के आंकड़े तक पहुँचना एक बहुत बड़ी सफलता है जिसका दावा बहुत कम लोग कर सकते हैं। यह कहना गलत नही होगा कि यह किसी भी एक्ट्रेस के लिए पिछले दो सालों में तीन हिट फ़िल्में देना एक नया रिकॉर्ड है। यह उपलब्धि दीपिका पादुकोण के इस टैलेंट को दर्शाती है कि एक्ट्रेस जिस भी प्रोजेक्ट से जुड़ती हैं, उसके लिए उत्साह पैदा होना लाजमी है। फिल्मों के लिए उनकी स्मार्ट चॉइस और दमदार एक्टिंग हर बार दर्शकों को उनकी फिल्म को देखने के लिए बेकरार करता है। दीपिका ने पिछले कुछ सालों में सीरियस ड्रामा से लेकर एक्शन से भरपूर फिल्मों तक में अपनी वर्सेटिलिट दिखाई है। एक्टिंग के लिए उनका डेडीकेशन और हर किरदार को रीयल टच देने की उनकी काबिलियत उन्हें इंडस्ट्री में बेस्ट और सबसे बड़े एक्टर्स में से एक बनाता है। इस सफलता के साथ, दीपिका पादुकोण ने इंडियन फिल्म इंडस्ट्री के स्टैंडर्ड को बदल दिया है और अपनी टेलेंट से उन्होंने दुनिया भर में कई बाधाओं को पार किया है। बता दें कि, दीपिका की अपकमिंग फिल्म कल्कि 2898 एडी, जल्द रिलीज होने वाली है। साथ ही साथ एक्ट्रेस अपने जीवन में अपने पहले बच्चे के आने का इंतजार कर रही हैं। इस तरह से एक्टर को प्रोफेशनल से लेकर पर्सनल लाइफ ने बस खुशी का माहौल है। दीपिका पादुकोण ने किसी भी मुकाबले एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अपनी कड़ी मेहनत और टेलेंट के जरिए लगातार सफलता के साथ एक्ट्रेस बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्मेंस देने में सफल रही हैं, और सभी के लिए इंस्पिरेशन बनी हुई है।

# वरुण धवन के घर गूंजी किलकारी



बॉलीवुड स्टार वरुण धवन पिता बन गए हैं। एक्टर की पत्नी नताशा दलाल ने बेबी गर्ल को जन्म दिया है। घर में बच्ची की किलकारी गूंजने से खुशियों का माहौल है। वरुण ने मंगलवार सुबह पत्नी नताशा दलाल के साथ अपने पहले बच्चे के वेलकम की घोषणा करते हुए कहा कि हमारी बेटी आई है। वरुण ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। इस पोस्ट में उनके पेट डॉग बीगल जॉय ने ई-कार्ड पकड़ा हुआ है और उस पर लिखा है, वेलकम लिटिल सिस्टर... 3 जून, 2024। एक्टर ने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा, हमारी बेटी आई है। मां और बच्चे को शुभकामनाएं देने के लिए धन्यवाद। हरे राम, हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे। नताशा ने 3 जून को मुंबई के खार के पी.डी. हिंदुजा हॉस्पिटल में अपने पहले बच्चे को जन्म दिया। बेटी के जन्म के दौरान धवन फैमिली हॉस्पिटल में ही मौजूद थीं। पोती से मिलने के बाद वरुण के पिता व फिल्म निर्माता डेविड धवन ने फोटोग्राफरों से बातचीत के दौरान बेटी के होने की पुष्टि की। बता दें कि इसी साल फरवरी में, वरुण ने पत्नी नताशा के प्रेग्नेंट होने की घोषणा की थी। उन्होंने एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह नताशा के बेबी बंप पर किस करते नजर आ रहे हैं। वहीं उनका पालतू डॉग जॉय सोफे पर बैठा है। इस तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, हम प्रेग्नेंट हैं...आप सभी के आशीर्वाद और प्यार की जरूरत है. वरुण और नताशा बचपन के दोस्त हैं। दोनों ने लंबे समय तक एक-दूसरे को डेट किया और फिर जनवरी 2021 में अलीबाग में शादी कर ली। नताशा दलाल पेशे से फैशन डिजाइनर हैं।



ग्लैमरस अवतार को छोड़

# माफिया बनी सनी लियोनी

इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेसेस में से एक सनी लियोनी ने बेशक कुछ ही फिल्मों में काम किया है, लेकिन उन्होंने जो भी आइटम सॉन्ग किया, वह लोगों के जुबां पर आज भी है। वह लाखों दिलों पर राज करती हैं। उनकी फिल्में और गानों का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। इस सब के बीच एक्ट्रेस सनी लियोनी ने सोमवार को अपनी अपकमिंग तमिल फिल्म कोटेशन गैंग का फर्स्ट लुक शेयर किया। एक्ट्रेस ने दो पोस्टर शेयर किए। इनमें उनका नया अवतार देखने को मिल रहा है, जिसे पहले कभी किसी ने नहीं देखा होगा। सोशल मीडिया पर सनी ने एक पोस्टर शेयर किया। इस पोस्टर में वह प्रिया मणि के रोल में स्कर्ट के साथ चेक शर्ट पहने नजर आ रही हैं। वहीं दूसरे पोस्टर में उन्होंने को-एक्टर जैकी श्रॉफ की गर्दन को गुस्से में पकड़ा हुआ है। पोस्टर देख ऐसा लग रहा है, जैसे सनी जैकी का गला दबा रही हैं। सनी ने ग्लैमरस अवतार को छोड़ बोल्ड माफिया के रोल को बखूबी उतारा है। फिल्म में सनी एक हत्यारन की भूमिका में हैं, जो एक गिरोह की मुख्य सदस्य है। वह कॉन्ट्रैक्ट किलर है। उनका किरदार काफी क्रूर है, जो उनकी ग्लैमरस इमेज से बिलकुल अलग है। विवेक कुमार कन्नन इस फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं। इसमें सनी के अलावा, सारा अर्जुन भी हैं। इसे गायत्री सुरेश और विवेक कुमार कन्नन ने प्रोड्यूस किया है।

हॉलीवुड स्टार जेरेमी रेनर ने बताया

# 'मिशन- इम्पॉसिबल' में क्यों नहीं की वापसी



**लॉस एंजेलिस।** मिशन इम्पॉसिबल फ्रेंचाइजी में काम करने वाले हॉलीवुड स्टार जेरेमी रेनर ने मिशन~ इम्पॉसिबल - फॉलआउट में काम न करने को लेकर खुलकर बात की। हैप्पी सैड कन्फ्यूज्ड पॉडकास्ट पर एक साक्षात्कार में जेरेमी रेनर ने कहा कि मुझे 2018 की सीक्वल फॉलआउट में आईएमएफ एजेंट विलियम ब्रांट के चरित्र को फिर से निभाने के लिए कहा गया था। फिल्म के लिए उन्हें एक ऐसी भूमिका की पेशकश की गई थी जिसके लिए उन्हें एक सप्ताह तक शूटिंग करनी थी ताकि उनके किरदार ब्रांट को मार दिया जा सके।

एक्टर की ओर से कहा गया, मुझे याद है कि उन्होंने मुझे एक हफ्ते तक अपने साथ लाने की कोशिश की ताकि वे मेरे किरदार को मार सके और मैंने कहा था कि नहीं, तुम ऐसा नहीं कर सकते। तुम मेरे किरदार को नहीं मार सकते। उन्होंने कहा, यदि आप ऐसा करने जा रहे हैं और आप मेरे चरित्र का उपयोग करने जा रहे हैं तो सही तरीके से करें। रेनर ने कहा कि मैं (निर्देशक क्रिस्टोफर मैकक्वेरी) पर चिल्लाया। एक्टर ने रॉग नेशन के बाद कभी भी मिशन~ इम्पॉसिबल फ्रैंचाइजी में वापसी नहीं की, हालांकि उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा था कि वह वापस आने के लिए तैयार हैं। ऑस्कर के लिए नामांकित रेनर ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा था कि रॉग नेशन के बाद मिशन इम्पॉसिबल फ्रैंचाइजी इसलिए नहीं की ताकि वह अपने परिवार के साथ समय बिता सकें। रेनर ने मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में क्लिंट बार्टन/हॉकआई की भूमिका निभाई है, जिसमें द एवेंजर्स (2012) और डिज्नी प्लस मिनीसीरीज़ हॉकआई (2021) शामिल हैं। एक्टर ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 1995 की कॉमेडी नेशनल लैम्पून्स सीनियर ट्रिप में एक छात्र के रूप में की थी। लेकिन उनकी इस फिल्म को दर्शकों का प्यार नहीं मिल पाया था।



# बॉडी शेमिंग करने वालों पर भड़का स्वरा भास्कर का गुस्सा

एक्ट्रेस स्वरा भास्कर इन दिनों काम से ब्रेक लेकर बेटी राबिया संग मदरहूड पीरियड को एंजॉय कर रही हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने नए पोस्ट में बॉडी शेमिंग करने वालों की लताड़ लगाई है। उनका ये पोस्ट खूब वायरल हो रहा है। स्वरा ने अपने एक्स अकाउंट पर एक न्यूज पोस्ट करते हुए लिखा- अन्य मीडिया चैनल- चुनाव एग्जिट पोल.. इतनी सीटें.. फलां उम्मीदवार.. अगला प्रधानमंत्री.. आदि.., लेकिन जिस महिला ने नवजात शिशु को जन्म दिया उसका वजन बढ़ गयाज्धीमी ताली!

आगे ट्वीट में एक्ट्रेस ने लिखा, जो लोग देवनागरी लिपि नहीं पढ़ सकते, उनके लिए यह एक प्रमुख हिंदी समाचार पत्र है, जो सोचता है कि यह खबर के लायक है कि एक मां, जिसने कुछ महीने पहले एक बच्चे को जन्म दिया था, उसका वजन बढ़ गया है! बता दें, यह पहली बार नहीं, जब स्वरा ने ऐसा बेबाक पोस्ट किया हो। इससे पहले भी वह ट्रोल और शेमिंग करने वालों की लताड़ लगा चुकी हैं। पर्सनल लाइफ की बात करें तो स्वरा भास्कर ने फरवरी 2023 में फहाद से गुपचुप शादी रचाई थी और फिर उसी साल सितंबर में बेटी राबिया का स्वागत किया था।



# ताहा शाह में दिखी सुशांत सिंह की झलक, अभिनेता बोले मुझे पता है आउटसाइडर का दर्द

बॉलीवुड में नाम कमाना और उस कमाए हुए नाम को बरकरार रखना बहुत बड़ी बात है। खासकर जब आप इंडस्ट्री के बाहर से आते हैं। आउटसाइडर के लिए बॉलीवुड में ब्रेक मिलना ही बहुत बड़ी बात होती हैं, लेकिन फिर भी फिल्म इंडस्ट्री के कुछ बड़े नाम इन्हीं आउटसाइडर में से आते हैं। हीरामंडी में अहम भूमिका निभा चुके ताहा शाह भी इन्हीं आउटसाइडर की लिस्ट में शामिल हैं।

हाल ही में नेटिजन्स ने उन्हें एक नया नाम और टैग दिया है चलिए जानते हैं इस पर अभिनेता ने क्या कहा है। हीरामंडी स्टार ताहा शाह इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। दर्शकों को हीरामंडी में उनका काम काफी पंसद आया है। ताहा शाह ने अपने करियर की शुरुआत यशराज फिल्म्स की फिल्म लव का द एंड से किया था। इस फिल्म में वे श्रद्धा कपूर के साथ नजर आए थे, लेकिन उन्हें वह सफलता नहीं मिली जो हीरामंडी से मिली है।

अब नेटिजन्स उन्हें नया सुशांत सिंह राजपूत कह रहे हैं। नेटिजन्स को लगता है कि ताहा भी सुशांत की तरह ही इंडस्ट्री के बाहर से आए हैं और अपना नाम बना रहे हैं। ताहा शाह सुशांत सिंह राजपूत से अपनी तुलना किए जाने को लेकर काफी खुश हैं। अभिनेता ने कहा, मैं निजी तौर पर सुशांत सिंह राजपूत को जानता था। मैंने उनके संघर्षों को देखा है और मैं खुश हूं कि लोगों को मुझ में उनकी झलक दिख रही है।

# बैडलैंड्स में अभिनय करने को तैयार अभिनेत्री एली फैनिंग



एली फैनिंग के प्रशंसकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। वे अपनी पसंदीदा अभिनेत्री एली फैनिंग को बैडलैंड्स में देख सकते हैं। यह डैन ट्रैचेनबर्ग की फिल्म है, जो प्रिडेटर ब्रह्मांड का विस्तार करती है। 20वीं सेंचुरी स्टूडियोज के लिए फिल्म का निर्देशन करने के लिए ट्रैचेनबर्ग को चुना गया है, जिसकी पटकथा उन्होंने पैट्रिक ऐसन के साथ मिलकर लिखी है।

## बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी प्रिडेटर

बैडलैंड्स ट्रचटेनबर्ग की प्रे की सफलता के बाद आई है। प्रिडेटर प्रीक्वल, जो एक महत्वपूर्ण हिट थी और हुलु पर रिलीज होने के साथ ही इसने रिकॉर्ड तोड़ दिए। 2022 की इस फिल्म को पांच प्राइमटाइम एमी के लिए नामांकित किया गया था, जिसमें से एक को साउंड एडिटिंग के लिए जीता गया। प्री 2 प्री प्रोडक्शन में है, जिसमें इसकी स्टार एम्बर मिडथंडर की संभावित वापसी हो सकती है।

## बैडलैंड्स फिल्म का निर्माण

बैडलैंड्स की घोषणा फरवरी में की गई थी। उम्मीद है कि इस साल के अंत में फिल्म का निर्माण शुरू हो जाएगा। कहानी के बारे में अधिक जानकारी अभी तक साझा नहीं की गई है। इस बीच एली फैनिंग ने हाल ही में द ग्रेट के कार्यकारी निर्माता और स्टार के रूप में तीन सीजन पूरे किए, जहां उन्होंने रूसी सम्राट कैथरीन द ग्रेट की भूमिका निभाई और अपना पहला एमी नामांकन हासिल किया।

## इन फिल्मों में काम कर चुकी हैं अभिनेत्री

अपने 20 साल के करियर के दौरान एली फैनिंग मेलफिसेंट फिल्मों में डिज्नी राजकुमारी की भूमिका निभा चुकी हैं।

द गर्ल फ्रॉम प्लेनविले और पारिवारिक कॉमेडी वी बॉट ए जू फिल्मों के साथ-साथ निकोलस विंडिंग रेफन की द निऑन डेमन, माइक मिल्स की ट्वेंटिएथ सेंचुरी वुमेन और सोफिया कोपोला की समव्हेयर एंड द बेगल्ड जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं।

सत्यभामा पर आया बड़ा अपडेट

# काजल की फिल्म को लेकर निर्माताओं ने की ये घोषणा

एक लंबे अंतराल के बाद काजल अग्रवाल एक बार फिर से पर्दे पर बतौर अभिनेत्री वापसी करने वाली हैं। वह सत्यभामा में एक दमदार किरदार में नजर आने वाली हैं। फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म के एक विशेष प्रीमियर की घोषणा की है। काजल अग्रवाल साउथ सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री हैं, लेकिन उन्होंने तमिल और तेलुगु के अलावा कुछ हिन्दी फिल्मों में भी काम किया है। उन्होंने अपने करियर में कई सफल फिल्म दी हैं। हालांकि, बीते कुछ समय से वह पर्दे पर नजर नहीं आई थीं, लेकिन मैटरनिटी ब्रेक के बाद वह एक बार फिर से पर्दे पर अपने अभिनय का जलवा बिखेरती नजर आने वाली हैं।

